# (रणजी) कुमार श्री रणजीत सिंह जी

कुमार श्री रणजीत सिंह जी (जन्मः 10 सितम्बर, 1872, काठियावाड़, गुजरात; मृत्युः 2 अप्रैल, 1933) को "भारतीय क्रिकेट का जादूगर" कहा जाता है। उन्हें भारत का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी माना जाता है। रणजीत सिंह प्रथम टेस्ट मैच खिलाड़ी थे। उन्होंने इंग्लैंड से अपने क्रिकेट खेल की शुरूआत की थी। उन्हीं के नाम पर उन्हें सम्मान देने के लिए भारत के प्रथम श्रेणी के क्रिकेट टूनार्मेंट का नाम ह्यरणजी ट्राफीह्न रखा गया है। इस टूनार्मेंट का शुभारम्भ 1935 में पटियाला के महाराजा भूपिन्दर सिंह ने किया था। रणजीत सिंह भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक थे। वे एक भारतीय राजकुमार थे, जिन्हें प्रथम भारतीय खिलाड़ी होने का श्रेय भी प्राप्त है।

**परिचय**

कुमार रणजीत सिंह का जन्म 10 सितम्बर, 1872 को गुजरात के काठियावाड़ में सरोदर नामक स्थान पर हुआ था। उनका जन्म एक धनी परिवार में हुआ था। अपने छात्र जीवन में वे क्रिकेट के अतिरिक्त फुटबॉल व टेनिस भी खेलते थे। रणजीत सिंह 'रणजी' से ज्यादा लोकप्रिय हुए थे। रणजी जीवन भर अविवाहित रहे। जब-जब भी विवाह का प्रसंग आता, तब-तब वह मजाक में कहते कि- क्रिकेट ही मेरी जीवन संगिनी है।

**शिक्षा**

1888 में रणजीत सिंह ट्रिनिटी कॉलेज, कैंब्रिज में दाखिला लेने ब्रिटेन चले गए। वहीं पर पढ़ते हुए फाइनल वर्ष में वह क्रिकेट ह्यब्लूह्न में शामिल हो गए। वहाँ उन्होंने अपना नाम बदलकर (निक नेम) ह्यस्मिथह्न कर लिया और उसी नाम से पहचाने जाने लगे थे। बाद में उन्हें कर्नल के नाम से भी जाना जाता था। उन्हें कर्नल हिज हाइनेस श्री सर रणजीत सिंह जी विभाजी कहकर सम्बोधित किया जाता था। वह नवानगर के महाराजा जैम साहब के नाम से भी जाने जाते थे। अपनी स्नातक शिक्षा पूरी हो जाने पर रणजीत सिंह ने ससेक्स के लिए काउंटी क्रिकेट खेलना आरम्भ कर दिया।

**प्रथम भारतीय टेस्ट क्रिकेट खिलाड़ी**

रणजीत सिंह ने इससे पूर्व सही व्यवस्थित खेल नहीं खेला था, लेकिन फिर भी उन्होंने फाइनल वर्ष की ग्रीष्म में क्रिकेट खेलते हुए ह्यब्लूह्न को जीत लिया। उन्होंने खेल की औपचारिक शुरूआत मई, 1895 में लॉर्ड्स में की। यहां उन्होंने ससेक्स के लिए खेला और एम. सी. सी. के विरुद्ध 77 व 150 रन बना डाले। फिर 1896 में इंग्लैंड की ओर से उन्होंने पहला टैस्ट मैच खेला। इस प्रकार वह क्रिकेट टेस्ट मैच खेलने वाले प्रथम भारतीय बन गए। 1896 में यह टेस्ट मैच रणजीत सिंह ने 16 से 18 जुलाई के बीच मान्चेस्टर में खेला। उन्होंने यह मैच ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध इंग्लैंड की ओर से खेला। उन्होंने अपने इस पहले टैस्ट मैच में 62 तथा 154 रन बनाए और आउट नहीं हुए। इस प्रकार वह डब्लू जी. ग्रेस के बाद दूसरे ऐसे खिलाड़ी बन गए, जिन्होंने इंग्लैंड के लिए खेलते हुए अपने डेबू मैच (प्रथम मैच) में शतक जमाया। रणजीत सिंह देश के अत्यन्त कुशल व तेज बल्लेबाज थे। उन्होंने 1895 से 1905 के बीच टैस्ट मैच खेले। 1897-1898 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने पूरे दौरे में 1157 रन बना लिए, जिनका औसत 60.89 था। उनका व उनके परम मित्र सी.बी. फ्राइ का नाम भी हरदम जुड़ा रहता था।

रणजीत सिंह ने लगातार 10 घरेलू मैचों में (इंग्लैंड में ससेक्स में) 1000 रन बनाए (1899 से 1900 के बीच उन्होंने 3000 से अधिक रन बनाए)। वे 1899 से 1903 तक ससेक्स टीम के कप्तान भी रहे। उस समय रणजीत सिंह का नाम ससेक्स की पहचान था। 1904 में रणजीत सिंह भारत लौट आए, क्योंकि उन पर अनेक घरेलू जिम्मेदारियां थीं। यहां उन्होंने केवल दो वर्ष पूरी तरह क्रिकेट खेली। 1908 में तथा



1912 में और दोनों बार 1000 से अधिक रन बनाए। बाद में किसी की गलत सलाह पर वह ससेक्स वापस गए। यह 1920 की बात है। उन्होंने तीन बार खेलने का प्रयास किया, परन्तु वह 48 वर्ष के हो चुके थे, उनका वजन बढ़ चुका था और वह एक शूटिंग दुर्घटना में अपनी एक आँख गंवा चुके थे। अतः अन्तिम बार खेलते वक्त वह 39 रन ही बना सके।

**उल्लेखनीय तथ्य**

मार्च, 1907 में क्रिकेट से अलग वह नवानगर के महाराजा जाम साहब बन चुके थे। वह इस रूप में हर तरह से बहुत लोकप्रिय थे और दयालु शासक थे।

ह्यलीग ऑफ नेशन्स तथा चेम्बर ऑफ प्रिंसेज के लिए किया गया उनका कार्य बहुत महत्वपूर्ण रहा जो उन्होंने महायुद्ध के बाद किया। सर नेविल कार्डस ने रणजीत सिंह के बारे में लिखा- "जब रणजीत सिंह जी ने क्रिकेट छोड़ दिया, खेल से सारी चमक और रौनक ही हमेशा के लिए गायब हो गई।" 1897 में रणजीत सिंह ने एक पुस्तक लिखी- ह्यद जुबली ऑफ क्रिकेटह्न। इस पुस्तक को क्रिकेट की दुनिया में एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण रचना माना जाता है। बाद में रणजीत सिंह के भतीजे के. एस. दलीप सिंह ने भी इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेला।

विज्डन क्रिकेटर ऑफ द ईयर

रणजीत सिंह ने कुल 15 टेस्ट मैच खेले और सभी मैच इंग्लैंड के लिए खेले। उन्होंने प्रायः ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध खेला और 44.95 की औसत से 989 रन बनाए, जिनमें 2 शतक तथा 6 अर्धशतक शामिल हैं। उन्हें 1897 में ह्यविज्डन क्रिकेटर ऑफ द ईयरह्न चुना गया था। रणजीत सिंह क्रिकेट की दुनिया के जीनियस थे, जिन्होंने बल्लेबाजी की कला को नए आयाम दिए। उनसे पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी फ्रंट फुट पर ही खेलते थे, परन्तु उन्होंने बैक फुट पर भी शानदार स्ट्रोक खेले और नए तरीके से कट लगाने की विधि से खेला।

**कीर्तिमान**

**रणजी**

रणजी ने अपने जीवनकाल में क्रिकेट के प्रथम श्रेणी मैचों में 72 शतक बनाये। अंग्रेज उन्हें रणजी के नाम से ही पुकारते थे। उन्होंने सन् 1899 में 3,159 और 1900 में 3,069 रन बनाए थे। 1896 में मानचेस्टर में इंग्लैण्ड की ओर से आस्ट्रेलिया के विरुद्ध खेलते हुए इन्होंने पहले टेस्ट में ही अपना शतक पूरा करा लिया था। अपनी निराली बल्लेबाजी के कारण उन्होंने क्रिकेट के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। विश्व-विख्यात क्रिकेट समीक्षक नेविल कार्डस ने श्री रणजीतसिंह का खेल देखने के बाद लिखा था-

"ब्रिटेन के मैदानों में पहली बार पूर्व की किरण दिखाई दी। उन दिनों क्रिकेट का खेल बिल्कुल सीधा खेल माना जाता था। यानी वह गुड लेंग्थ का गेंद और सीधी बल्लेबाजी का खेल था। तब क्रिकेट के खेल को केवल अंगेजों का खेल ही माना जाता था। अचानक इंग्लैण्ड के मैदान में पूर्व के एक व्यक्ति ने ऐसा रंग जमाया कि सब ने एक मत होकर यह स्वीकार किया कि ऐसा खिलाड़ी तो आज तक इंग्लैण्ड में भी पैदा नहीं हुआ। इस व्यक्ति का खेल सचमुच ही अद्भुत था। अपनी निराली बल्लेबाजी के कारण वह सीधे बॉल को ऐसे घुमाता था देखने वाले देखते रह जाते थे और कहते- 'लो... वह बॉल आया और लो...वह बाउंड्री भी पार कर गया।' उस अद्भुत बल्लेबाजी का रहस्य कोई नहीं जान सका। गेंदबाज स्तब्ध खड़ा हो जाता और अपनी दोनों बांहों में बॉल को दबाकर यह सोचने लगता कि आखिर यह कैसे हो गया?"

**ऐतिहासिक वर्ष**

सन 1900 रणजी के जीवन का ऐतिहासिक और महत्त्वपूर्ण वर्ष माना जाता है। इसी वर्ष उन्होंने पाँच अवसरों पर 200 से अधिक (दोहरा शतक) और छह अवसरों पर सौ से अधिक रन बनाए। अपने जीवन में उन्होंने 500 पारियाँ खेलीं। इनमें से 62 बार वह आखिर तक आउट नहीं हुए। उन्होंने 56.27 की औसत से कुल 24,642 रन बनाए। रन बनाने की उनकी औसत रफ़्तार 50 रन प्रति घण्टा थी।

**मृत्यु**

रणजी की मृत्यु 2 अप्रैल, 1933 को हुई। भारत में उनकी स्मृति में 'रणजी टॉफी' प्रतियोगिता शुरू की गई। इसे क्रिकेट की राष्ट्रीय प्रतियोगिता माना जाता है।

## *प्रेम चिंतन व चिंतन प्रस्तुति *

प्रेमामृत पीकर हम सबको अतिशय
नैतिक बल व उत्साह मिल जाता है।
पीयूष प्यार का पाकर हर प्राणी,
जीवन में उड़ता पंछी बन जाता है।

प्यार नहीं, उत्साह नही, उत्साह नहीं,
तब सम्बल पाना कितना मुश्किल है।
आगे बढ़े तो बढ़े कैसे राहें कंटकमय,
जीवन अनमोल, निछावर क्यों कर दें।

साहिल पर बैठे तल कहाँ मिलता है,
गहिरे जा कर गोता लगाना पड़ता है।
प्यार न होने से कितनी कमी रहती है,
लाख मुसुकाये पर आँखे नम रहती हैं।

मजबूरी के चलते सीखना भी पड़ता है,
नही तो वक़्त के साथ बदलना पड़ता है।
प्रेम की भूख सबको बार बार लगती है,
प्रेमप्यास जितनी मिले उतनी बढ़ती है।

प्रेम से मजबूर मै एक गीत लिखूँगा,
हर एक शब्द को संगीतमय करूँगा।
प्रेम की धार बहेगी मन मेरा मचलेगा,
आदित्य के साथ मनमीत मचलेगा।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य**
**लखनऊ**

# महिलाओं के आर्थिक विकास में विशेष सहयोग की चर्चा

# G20 आर्थिक पहलू से हटके मानवीय संदर्भ और दृष्टिकोण के साथ महिला सशक्तिकरण का नया क्षितिज'

**दैनिक समाज जागरण**

भारत˘20 के सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए गौरवशाली मेजबानी कर रहा है 'यह पहला अवसर है जब विश्व के इतने शक्तिशाली राजनेता एक साथ भारत की राजधानी दिल्ली में एकत्र है' इस सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय शांति ,स्पेस रिसर्च, विज्ञान, शिक्षा,चिकित्सा, सामरिक विषयों के साथ-साथ विश्व बंधुत्व और मानवीय दृष्टिकोण के पहलुओं की बात तो होगी ही इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण एवं मानवीय संवेदनाओं के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा होगी'˘20 में निश्चित तौर पर मानवीय दृष्टिकोण और महिला सशक्तिकरण की जोर-जोर से भारत अपनी तरफ से पहल करेगा और ऐसा होना भी चाहिए' पूरे विश्व में भारत के साथ महिलाओं की राष्ट्र के प्रति आर्थिक विकास में बड़ी महती भूमिका रही है। हर रात की सुबह होती है, और सुबह चमकदार और उजाले से भरपूर होती है' भारत में महिलाओं की मुक्ति तथा सशक्तिकरण का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया है' स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी है' आज भी महिलाएं सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही है' आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम है' वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है' भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर है' विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही है' अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही है' यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है ,परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया था महिलाओं को घर की चार-दीवारी में क्या होना पड़ा था' इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता,ऊर्जा,शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएं' भारत एवं भारत के बाहर विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है उनके नाम की सूची बड़ी लंबी है उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए यह बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही है इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक सदियों से प्रबंधन करती आ रही है' इसके साथ ही वे अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही है जनसंख्या गणना के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं, महिलाएं जहां शिक्षा, प्रशासन,मेडिकल क्षेत्र, इंजीनियरिंग, स्पेस रिसर्च, विज्ञान टेक्नोलॉजी और उद्यानिकी ,एग्रीकल्चर, सेरीकल्चर और तमाम क्षेत्रों में असाधारण रूप से शिक्षा प्राप्त कर प्रगति कर रही और उच्च पदस्थ होकर कार्यों का कुशलता से संपादन कर रही हैं' सामाजिक कुरीतियों के विरोध में समाज को आगाह करने और उसका विरोध करने में भी महिलाएं पीछे नहीं है, फिर चाहे वह शनि सिंगनापुर हाजी अली दरगाह या तीन तलाक के मामले में इनकी सजगता ने सामाजिक परिवर्तन लाया है। सरकार भी इनकी इस भूमिका को स्वीकार करते हुए थल जल और वायु सेना में युद्धक की भूमिका मैं इनकी नियुक्ति कर रही है। हम यदि राजनीतिक क्षेत्र की चर्चा करें तो पंचायती स्तरों पर महिला प्रधानों ने गंभीर परिवर्तन के प्रयास किए, किंतु हमें यहां हमेशा स्मरण रखना चाहिए की देश के आर्थिक विकास में अभी भी महिलाओं को वह भागीदारी व सम्मान नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए वह पूर्णरूपेण हकदार है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया की श्रम बल भागीदारी में महिलाओं की भागीदारी 25% से भी कम हो गई है। महिलाओं को अनेक सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को समान पदों पर कार्यरत पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है तथा अधिकांश शीर्ष पदों पर पुरुषों का कब्जा है के अलावा दुनिया की सबसे कम तनखा वाली नौकरियों में 60% महिलाएं ही हैं। महिलाओं द्वारा अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कार्यस्थल पर कार्य करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है इन परिस्थितियों में महिलाओं द्वारा दिए गए सामाजिक आर्थिक विकास के योगदान को पहचानते हुए सरकार ने मातृत्व लाभ अधिनियम 2016 तथा यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के माध्यम से अनुकूल वातावरण तथा महिलाओं को मातृत्व अवकाश देने के कई अच्छे प्रावधान भी उपलब्ध कराए हैं। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड अपने आंकड़ों से स्पष्ट करता है की किस प्रकार महिलाओं की श्रमबल में अधिक भागीदारी जीडीपी में अप्रत्याशित वृद्धि करता है। पूरा विश्व इस बात से सहमत है की महिलाएं कोमल है पर कमजोर नहीं एवं शक्ति का नाम ही नारी है। हिंदुस्तान के विकास में सही मायने में यदि 50% भागीदारी महिलाओं की हो तो असाधारण क्षमता की धनी महिलाएं इस देश को विश्व के अन्य विकसित देशों में खड़ा कर सकती हैं, जरूरत इनकी शक्ति क्षमता एवं योग्यता को पहचानने की है। 21वीं सदी में विश्व शक्ति रूप भारत के सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक विकास में महिलाओं का सर्वांगीण विकास को आधार बनाकर आर्थिक महाशक्ति के स्वप्न को साकार किया जा सकता है।



**संजीव ठाकुर ,चिंतक, लेखक रायपुर छत्तीसगढ़**

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस प्रत्येक वर्ष 10 सितंबर मनाया जाता है। आजकल लोगों में अवसाद लगातार बढ़ रहा है, इसी वजह से वे आत्महत्या कर लेते हैं। इस मामले में युवाओं की संख्या सर्वाधिक है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। पिछले कुछ सालों में भारत ही नहीं दुनिया भर में खुदकुशी की घटनाएं तेजीसे बढ़ी हैं। कोरोना के संकट काल में आत्महत्या का प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। लोगों में हताशा और निराशा बढ़ रही है। 'इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन' (IASP) हर साल 'विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस' का आयोजन करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर 40 सेकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है। एक साल में करीब 8 लाख लोग आत्महत्या कर लेते हैं। जबकि सुसाइड की कोशिश करने वालों का आंकड़ा इससे भी ज्यादा है।

**परिचय**

जब कोई बहुत ज्यादा बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है तो एकदम अवसाद में चला जाता है, इसी अवसाद की वजह से लोग ज्यादातर युवा आत्महत्या कर लेते हैं। इससे उनके परिवार पर बहुत नकारात्मक असर पड़ता है। हर साल 10 सितंबर को 'वर्ल्ज सुसाइड प्रिवेंशन डे' (विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस) मनाया जाता है। इसे लोगों में मानसिक स्वास्थ के प्रति जागरुकता फैलाने और आत्महत्या के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए मनाया जाता है। आत्महत्या के बढ़ते मामलो को रोकने के लिए इसे 2003 में शुरू किया गया था। इसकी शुरूआत आईएएसपी (इंटरनेशनल असोसिएशन ऑफ सुसाइड प्रिवेंशन) द्वारा की गई थी।

जीवन इस संसार में सबसे अनमोल माना गया है। हिन्दू पुराणों व शास्त्रों में स्पष्ट लिखा है कि "जन्म हुआ है तो मृत्यु भी निश्चित है। सभी इंसानों के जन्म और मृत्यु का समय निश्चित है। लेकिन जब कोई इस निश्चित वक्त के विरुद्ध जाकर शरीर छोड़ने की सोचता है तो वह आत्महत्या कही जाती है। इसके अनेक कारण हो सकते हैं।

**थीम**

आजकल हर उम्र के लोग आत्महत्या जैसे अपसाद की चपेट में आ रहे हैं। कई सारी चीजों से लोगों का मोह भंग हो रहा है। साल 2020 में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की थीम वॉकिंग टुगेदर टू प्रिवेंट सुसाइड यानी आत्महत्या की रोकथाम के लिए साथ काम करना है, रखी गई है।

लोगों की परेशानी

आंकड़ों के मुताबिक लोग पारिवारिक समस्याओं के चलते अपनी जिंदगी का सफर खत्म कर लेते हैं। कई सारे लोग अपनी नौकरी या फिर शादीशुदा समस्याओं की वजह से परेशान होकर ऐसा कदम उठाते हैं। वहीं परीक्षा और बेरोजगारी जैसी चीजें भी इस सूची में हैं। अकेलेपन का शिकार होने की वजह से व्यक्ति आत्महत्या जैसा बड़ा कदम उठा सकता है।


**आँकड़े**

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार हर 40 सेकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है। हर साल लगभग 8 लाख से ज्यादा लोग आत्महत्या कर लेते हैं। जबकि इससे भी अधिक संख्या में लोग आत्महत्या की कोशिश करते हैं। यह स्थिति बहुत डराने वाली है। इससे पता चलता है कि आज के समय में लोगों में कितना ज्यादा मानसिक तनाव है। इस डेटा के मुताबिक दुनिया भर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्य वर्ग वाले देशों के लोग करते हैं।

**विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस**

जब कोई मानसिक तौर से परेशान रहता है तो ऐसे में उसके व्यवहार में कुछ समय से आपको बदलाव देखने को मिलेंगे। ऐसे लोग अक्सर चीजों से और लोगों से दूर रहना पसंद करते हैं। साथ ही ऐसे लोग सोशल मीडिया से दूरी बना लेते हैं।

न्यूरो साइकोलॉजिस्ट डॉ. सोना कौशल गुप्ता कहती हैं कि जन्म हुआ तो मृत्यु निश्चित है, लेकिन निर्धारित समय के खिलाफ जाने का प्रयास न करें, जीवन को आप दोबारा नहीं पा सकते। समझो कि आपकी सबसे प्यारी चीज आप खुद हैं। आपके स्वजन, मित्र, धन, प्रतिष्ठा या नौकरी जीवन में अहम है, लेकिन उतना नहीं जितना आपका खुद का




जीवन। जीवन ही एकमात्र ऐसी चीज है जिसे आप दोबारा नहीं पा सकते। लिहाजा, हमेशा अपने आपको सबसे महत्वपूर्ण समझो। बदलाव प्रकृति और समाज का नियम है। आज दिन अगर बुरे हैं तो कल अच्छे भी होंगे। यह अलग बात है कि इसके लिए कोशिश करनी होगी और सकारात्मक रहना होगा। नकारात्मकता को खुद पर हावी मत होने दें।

मनोवैज्ञानिक डॉ. मुकुल शर्मा बताते हैं कि किसी भी समस्या में विचलित नहीं होना चाहिए। समस्या को स्वीकार करें और फिर उस समस्या को हल करने का तरीका ढूंढें। खुद पर भरोसा रखकर ही हम समस्याओं से संघर्ष कर सकते हैं। अवसाद में किसी भी व्यक्ति का आत्मबल कमजोर पड़ जाता है। ऐसे में परिवार व दोस्त किसी भी इंसान को बहुत मानसिक संबल दे सकते हैं। इस समय खुद को मोबाइल के साथ ही व्यस्त न रखें बल्कि अपने परिवार के साथ वक्त बिताएं। अगर आप अकेले बैठते हैं तो कई तरह के विचार मन में आते हैं। ऐसे वक्त में ध्यान बेहद जरूरी है।

**कमजोर पड़ती संयम की डोर**

बढ़ते तनाव के कारण हर वर्ग में संयम की डोर कमजोर पड़ती नजर आ रही है। छोटी-सी बात पर ही लोग मौत को गले लगा रहे हैं। इनमें किशोर, नौजवान से लेकर महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल हैं। लॉकडाउन के बाद देहरादून में आत्महत्या के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हुई। मार्च, 2020 में जहां आत्महत्या के सिर्फ छह मामले सामने आए थे, वह लॉकडाउन के दौरान अप्रैल, 2020 में ढाई गुना बढ़कर 14 हो गए। मई में इसका आंकड़ा 25 जबकि जून में 34 जा पहुंचा। भले ही अनलॉक की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हो, लेकिन तनाव अब भी हावी है। अगस्त, 2020 में आत्महत्या के 25 मामले सामने आए। वर्ष 2020 में देहरादून में जनवरी, 2020 से अगस्त, 2020 तक कुल 176 व्यक्तियों ने मौत को गले लगाया। इसमें सर्वाधिक 126 मामले फांसी लगाकर जान देने के रहे। इसके अलावा 29 ने जहर खाकर, 12 ने पारिवारिक कलह और 09 ने अन्य कारणों पर आत्महत्या की। पुलिस जांच में नब्बे फीसद मामलों में तनाव वजह पाई गई।

**कोरोना का असर**

बात मौजूदा दौर की करें तो लोग एक साथ कई चुनौतियों से जूझ रहे हैं। पूरी दुनिया में फैले कोरोना संक्रमण के चलते आमजन के सामने कई दिक्कतें पैदा हो गई हैं। कोरोना ने इंसान को जितना शारीरिक रूप से बीमार किया है, उससे कहीं ज्यादा मानसिक तनाव दिया है। किसी को नौकरी और कॅरियर की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है। आमजन में नकारात्मक विचारों का प्रवाह बढ़ा है व यह चिंताएं कई मर्तबा अवसाद का रूप ले रही हैं। कुछ लोग तो आत्महत्या की कगार पर पहुंच जाते हैं। इसलिए यदि कभी तनाव या किसी मानसिक बीमारी का अहसास हो तो बिना वक्त गंवाए तुरंत मनोचिकित्सक से मिलें व अपनी परेशानी के बारे में खुलकर बात करें।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# भारत-मिडिल भारत-मिडिल ईस्ट-यूरोप कॉरिडोर का हुआ ऐलान, बढ़ाएगा चीन की टेंशन

पृष्ठ संख्या 1 का शेष भाग

### 'यह समझौता सचमुच में बहुत बड़ी बात'

वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा, ह्ययह बड़ा समझौता है. यह सचमुच बहुत बड़ी बात है. मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं. वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर यही G-20 शिखर सम्मेलन का फोकस है. और कई मायनों में यह इस साझेदारी का फोकस भी है, जिसके बारे में हम आज बात कर रहे हैं.'

जो बाइडन ने इसके साथ ही कहा, 'टिकाऊ, स्थिति-स्थापक बुनियादी ढांचे का निर्माण, गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे में निवेश और बेहतर भविष्य का निर्माण. आज मैं उन प्रमुख तरीकों पर प्रकाश डालना चाहता हूं जिनसे संयुक्त राज्य अमेरिका और हमारे साझेदार इसे वास्तविकता बनाने के लिए काम कर रहे हैं...

उधर सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने कहा, ह्यहम इस बैठक में आर्थिक परियोजना को लेकर की गई घोषणा और पहल के एकीकरण की आशा करते हैं. मैं उन लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इस महत्वपूर्ण आर्थिक कॉरिडॉर की स्थापना के लिए इस संस्थापक कदम तक पहुंचने के लिए हमारे साथ काम किया.'

### आधुनिक समय का मसाला मार्ग

इस महत्वाकांक्षी परियोजना का मकसद भारत, मध्य पूर्व और यूरोप के बीच व्यापार को बढ़ावा देना और वैश्विक अर्थव्यवस्था का लगभग एक तिहाई हिस्सा रखने वाले क्षेत्रों को जोड़ने के लिए एक आधुनिक स्पाइस रूट स्थापित करना है.

समाचार एजेंसी एएफपी ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि इस योजना में डेटा, रेल, बिजली और हाइड्रोजन पाइपलाइन परियोजनाएं शामिल होंगी. इसमें से एक प्रस्तावित परियोजना संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जॉर्डन और इजराइल सहित पूरे मध्य पूर्व में रेलवे और बंदरगाह सुविधाओं को जोड़ेगी- जिससे भारत और यूरोप के बीच व्यापार में 40 प्रतिशत तक की तेजी आएगी.

एएफपी की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को क्षेत्र के बंदरगाहों से शिपिंग लेन के जरिये जोड़ा जाएगा. इसके अलावा, खाड़ी के अरब देशों और भूमध्य सागर के बीच भूमि-व्यापार मार्गों में तेजी लाने के अमेरिका समर्थित प्रस्ताव पर भी इजराइल और खाड़ी देशों के बीच चर्चा हुई है.




### एक गेम-चेंजर प्रोजेक्ट

यह योजना वैश्विक व्यापार के लिए एक संभावित गेम चेंजर होने की उम्मीद है, जो चीन के व्यापक रणनीतिक बुनियादी ढांचे के निवेश का विकल्प पेश करेगी. राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा उप सलाहकार जॉन फाइनर ने इसे लेकर पहले ही बताया था कि प्रस्तावित समझौता ज्ञापन में संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, यूरोपीय संघ और कुछ अन्य देश शामिल हैं.

फाइनर ने कहा कि सबसे पहला यह कॉरोडोर ऊर्जा और डिजिटल संचार के प्रवाह को बढ़ाकर संबंधित देशों के बीच समृद्धि बढ़ाएगा. दूसरा, यह परियोजना निम्न और मध्यम आय वाले देशों में विकास के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की कमी को दूर करने में मदद करेगी. और तीसरा कि यह मध्य पूर्व में अशांति और असुरक्षा की भावना को कम करने में मदद कर सकता है.

### चीन की बढ़ेगी चिंता

अमेरिका की तरफ से इस परियोजना को लेकर कोशिश ऐसे समय आई है, जब उसके पुराने सहयोगी देश सऊदी अरब और यूएई की चीन के साथ नजदीकी बढ़ती दिखी है. चीन ने हाल ही में मध्य पूर्व के साथ संबंधों को भी बढ़ावा दिया है, जिससे इस साल की शुरूआत में सऊदी अरब और ईरान के बीच तनाव दूर करने में मदद मिली है.

पिछले महीने तेल समृद्ध खाड़ी देशों ने ब्रिक्स समूह में शामिल होने के अपने इरादे की घोषणा की थी, जहां चीन ने इस कदम में अग्रणी भूमिका निभाई.

ऐसे में इस भारत-मध्य पूर्व-यूरोप गलियारे को चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का मुकाबला करने के लिए वाशिंगटन के एक महत्वाकांक्षी प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें दुनिया के और अधिक हिस्सों को देश की अर्थव्यवस्था से जोड़ने की मांग की गई है.

इसकी घोषणा चीन के शी जिनपिंग द्वारा बीजिंग में तीसरे बेल्ट एंड रोड फोरम के लिए वैश्विक नेताओं की मेजबानी से ठीक एक महीने पहले की जा रही है. इस कार्यक्रम में रूस के व्लादिमीर पुतिन के भी शामिल होने की उम्मीद है.

हाल के वर्षों में अमेरिका ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा योजना का मुकाबला करने की कोशिश की है, जिसने उभरते बाजारों में सैकड़ों अरब डॉलर की परियोजनाओं को वित्तपोषित किया है. हाल ही में, चीन के बीआरआई को बढ़ते ऋण चूक और निवेश में मंदी के कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है.

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 476896 वादों का हुआ निस्तारण- जिला जज



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ

द्वारा प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय व तहसील स्तर पर माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर श्री अवनीश सक्सैना की अध्यक्षता एंव दिशा-निर्देशन में दिनांक 09.09.2023 को जनपद गौतमबुद्धनगर में किया गया। जिसमें जनपद न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारीगण द्वारा कुल 258502 वाद तथा राजस्व न्यायालय द्वारा कुल 81871 वाद तथा प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैकं द्वारा 230 मामलें, एन0पी0सी0एल0 द्वारा 15 मामलें व बी0एस0एन0एल0 द्वारा 47, तथा परिवहन विभाग द्वारा 21272. तथा यातायात विभाग द्वारा 100602 मामलों का निस्तारण हुआ। ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 476896 वाद निस्तारित हुये।

राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयवार निस्तारित वादों का विवरण निम्न हैः- श्री अवनीश सक्सैना, जिला जज 34 आपराधिक अपील वादों का निस्तारण किया गया। श्री इंदर प्रीत सिंह जोश, पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय द्वारा 21 वाद व समझौता धनराशि 14356286 है। श्री उदय प्रताप सिंह, पीठासीन अधिकारी, अतिरिक्त वाणिज्य न्यायालय द्वारा 25 वाद व समझौता धनराशि 27410581 है। श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डे, पीठासीन अधिकारी मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा 43 वाद व समझौता धनराशि 34610723 है। श्री प्रकाश नाथ श्रीवास्तव, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 23 है। श्री प्रदीप कुमार अपर जिला जज प्रथम द्वारा 09 वाद हैं। श्रीमती प्रतिक्षा नागर, अपर जिला जज द्वितीय/विशेष न्यायाधीश/एस0सी0/एस0टी एक्ट द्वारा 20 वाद है। श्री विजय कुमार हिमांशु, अपर जिला जज-तृतीय द्वारा 03 है। श्रीमती मोना पवॉर अपर जिला जज-पंचम द्वारा 803 वाद व 5084098 रुपए जुमार्ना है। श्री राजेश कुमार मिश्रा, अपर जिला जज-षष्टम द्वारा 01 है। श्री विकास नागर, अपर जिला जज/पोक्सो कोर्ट प्रथम द्वारा 02वाद व जुमार्ना 1000 है। श्रीमती प्रियंका सिंह, अपर जिला जज/एफ0टी0सी-द्वितीय द्वारा 01 है। श्रीमती बुशरा आदिल रिजवी, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 04 वाद। श्री सुशील कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 103267 वाद एंव जुमार्ना धनराशि 1029000 है। श्री जयहिंद कुमार सिंह, सिविल जज (वरिष्ठ संवर्ग) द्वारा 32 वाद व जारी उत्तराधिकार प्रमाण पत्रों की धनराशि 32656260 है। श्रीमती शिवानी त्यागी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रैट-प्रथम द्वारा 24431 वाद व जुमार्ना धनराशि 352720 है। श्री प्रदीप कुमार सिविल जज (वरिष्ठ संवर्ग)/एफ0टी0सी द्वारा 32509 वाद व जुमार्ना धनराशि 801980 है। श्रीमती अर्पिता सिंह सिविल जज जू0डि द्वारा 09 वाद व समझौता धनराशि 2601 है। श्री नाजिम अकबर, सिविल जज (कनिष्ठ संवर्ग) जेवर द्वारा 225 वाद व जुमार्ना धनराशि 6410 है। सुश्री ऋचा शुक्ला (कनिष्ठ संवर्ग) प्रथम व वर्चुअल कोर्ट द्वारा 20451 वाद व जुमार्ना धनराशि 1441800 है। श्रीमती आर्कित सिविल जज (कनिष्ठ संवर्ग)/एफ0टी0सी द्वितीय द्वारा 27298 वाद व जुमार्ना धनराशि 210130 है। श्रीमती नुपुर श्रीवास्तव अपर सिविल जज जू0डि द्वारा 27812 व जुमार्ना धनराशि 1125670 है। श्री राजेन्द्र कुमार-तृतीय, विशेष न्यायाधीश, धारा 138 एन0आई0 एक्ट द्वारा 16 वाद व समझौता धनराशि 22514714 है। श्री नलिन कॉत त्यागी अतिरिक्त न्यायालय संख्या-2 द्वारा 97 वाद व 134935 समझौता धनराशि है। श्री विजय कुमार अग्रवाल अतिरिक्त न्यायालय संख्या 253 द्वारा वाद व समझौता धनराशि 49600000 .है। इस प्रकार जनपद स्थित न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण द्वारा कुल 258502 वादों का निस्तारण किया गया । राष्ट्रीय लोक अदालत के अन्तर्गत नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा 3380 मामलें, यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा 78मामलें कुल प्री-लिटीगेशन के 3458 मामलें निस्तारित हुये।

राष्ट्रीय लोक अदालत के अन्तर्गत जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी व तहसीलदार आदि समस्त विभागों से प्राप्त विवरण के अनुसार राजस्व के 81871 वाद निस्तारित हुयें। उपरोक्तानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 476896 मामलों का निस्तारण हुआ। जिसमें समझौता धनराशि 257611337 है।

इसके अतिरिक्त दिनांक 01.09.2023 से दिनांक 08.09.2023 तक जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में निरुद्ध बंदियों के लिये आयोजित जेल अदालत में विभिन्न न्यायिक मजिस्ट्रेटगण द्वारा 300 वादों का निस्तारण किया गया।

# एसएसपी ने यातायात व्यवस्था को देखा

**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा शनिवार को जिले के मुख्य चौराहा जैन मंदिर पर पहुंच कर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अधीनस्थों को निर्देश दिये कि वे रोडवेज बसों को उचित स्थान पर खड़ा करायें। जिससे चौराहे पर जाम की स्थित न हो। इस दौरान एसएसपी ने यातायात प्रभारी को भी निर्देश दिये। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी द्वारा जनपद के मुख्य जैन मंदिर चौराहे पर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। यातायात व्यवस्था को सुद्दढ बनाने के उद्देश्य से यातायात नियमों का पालन न करने वाले एवं गलत जगह बस खडी कर जाम लगाने वाली रोडवेज बसों का यातायात प्रभारी से चालान करवाया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने सामने रोडवेज बसों और प्राइवेट बसों के चालान कटवाने से वाहन चालकों में खलबली मच गई। उन्होंने रोडवेज कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कोई भी बस चौराहे पर खड़ी नहीं होगी। सवारियां उतारने और चढ़ाने के लिए चौराहे से आगे-पीछे ही बस को खड़ा करें। जिससे चौराहे पर किसी प्रकार की यातायात व्यवस्था में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। उन्होंने यातायात प्रभारी को भी निर्देश दिये कि चौराहे पर किसी तरह की कोई अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए।

# गोसेवकों को मुख्यमंत्री का उपहार, अब मिलेंगे 50रुपये प्रति गोवंश

## लंपी वायरस से बचाव के लिए एक्शन मोड में मुख्यमंत्री, टीकाकरण के लिए और तेज होगा अभियान

■ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने शनिवार को पशुओं में लंपी वायरस से बचाव के प्रबंधन की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

---------------------

■ हाल के दिनों में गोवंश पर लंपी वायरस का दुष्प्रभाव देखने को मिला है। इस संक्रमण के कारण कई राज्यों में व्यापक पशुधन हानि हुई है। प्रदेश में इसके प्रसार को रोकने के लिए हमें मिशन मोड में काम करना होगा। स्थिति सामान्य होने तक प्रदेश में पशुमेलों का आयोजन स्थगित रखा जाए। अंतरराज्यीय पशु परिवहन पर रोक लगाई जाए। पशुपालकों को संक्रमण के लक्षण और उपचार के बारे में पूरी जानकारी दी जाए। गोआश्रय स्थलों में अनावश्यक लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाए।

■ लंपी वायरस से सुरक्षा के लिए पशु टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जाना जरूरी है। टीके की उपलब्धता के लिए। यह मच्छर इत्यादि से फैलने वाला वायरस है, ऐसे में ग्राम्य विकास, नगर विकास और पशुपालन विभाग परस्पर समन्वय से गांव व शहरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। किसी भी दशा में संक्रमण का प्रसार न हो।

■ लंपी वायरस से संक्रमित गोवंश, स्वस्थ हुए गोवंश और गैर संक्रमित गोवंश के लिए पृथक-पृथक बाड़े की व्यवस्था की जाए। निराश्रित गोवंश स्थलों/कान्हा उपवनों के साथ-साथ आम पशुपालकों को भी इस बारे में जागरूक किया जाए।

● निराश्रित गोवंश संरक्षण की दिशा में सतत प्रयासों के संतोषप्रद परिणाम मिल रहे हैं। वर्तमान में 6889 निराश्रित गोवंश स्थलों में 11.89 लाख गोवंश संरक्षित हैं। इनके साथ-साथ गोवंश संरक्षण के लिए संचालित मुख्यमंत्री सहभगिता योजना के भी आशातीत परिणाम मिले हैं। अब तक 01 लाख 85 हजार से अधिक गोवंश इस योजना के तहत गो-सेवकों को सुपुर्द किए गए हैं। निराश्रित गोवंश स्थलों तथा गोवंश की सेवा कर रहे सभी परिवारों को गोवंश के भरण-पोषण के लिए वर्तमान में 30रुपये प्रति गोवंश की दर से धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। अब इसे बढाकर 50रुपये प्रति गोवंश किया जाए। इस संबंध में कोई भी बकाया अवशेष न रहे।

● राज्य सरकार पशु संवर्धन, संरक्षण के लिए सेवाभाव के साथ सतत प्रयासरत है। गोवंश सहित सभी पशुपालकों के प्रोत्साहन के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पात्र लोगों को इसका लाभ मिलना सुनिश्चित कराया जाए।

# जिले में अब तक 930.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज बीते 24 घंटे में हुई 31.5 मिलीमीटर औसत वर्षा

रायसेन, 09 सितम्बर 2023 जिले में 01 जून 2023 से 09 सितम्बर 2023 तक 930.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 492 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 09 सितम्बर 2023 तक जिले के वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 732.6 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1095, बेगमगंज में 990.8, सिलवानी में 815.6, गौहरगंज में 639, बरेली में 1246.4, उदयपुरा में 1163.8, बाड़ी में 786, सुल्तानपुर में 794.4 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 1042 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### बीते 24 घंटे में 31.5 मिलीमीटर औसत वर्षा

जिले में बीते 24 घंटे में 09 सितम्बर 2023 को प्रातः 08 बजे तक 31.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 70 मिलीमीटर, गैरतगंज में 84.4, बेगमगंज में 2.8, सिलवानी में 55, गौहरगंज में 15.9, बरेली में 2.8, उदयपुरा में 45.3, बाड़ी में 5.5, सुल्तानपुर में 30.4 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 3.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष में आयोजित हो रही प्रतियोगिता**

# प्रतिभाग करने के लिए हैंडबॉल एवं बास्केट बॉल खेल के लिए महिला टीम का किया गया चयन।

महिला टीम की चयन के लिए गोयनका इंटरनेशनल स्कूल एवं सावित्रीबाई फुले स्कूल ग्रेटर नोएडा में हुआ ट्रायल।

**समाज जागरण**



खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्म शताब्दी के उपलक्ष में राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने के उद्देश्य से जिला खेल कार्यालय गौतम बुद्ध नगर के द्वारा आज हैंडबॉल एवं बास्केटबॉल खेल के लिए महिला टीम का चयन किया गया। उप क्रीडा अधिकारी अनीता नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि हैंडबॉल एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता में महिला टीम का चयन करने को लेकर 8 सितंबर को जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल तथा 9 सितंबर को सावित्रीबाई फुले स्कूल ग्रेटर नोएडा में प्रतियोगिता करते हुए महिला टीम का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि आज जो महिला टीम का चयन किया गया है, वह आगामी 11 से 12 सितंबर को कैलाश प्रकाश स्टेडियम मेरठ में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी और वहां से राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला टीम में कनिका राठी, गुड्डन, विधि, योगिता, पलक, साधना, मैग्नेश व शालिनी का चयन हुआ है। राकेश चौहान जिला सूचना



# हर अस्पताल के लिए नियुक्त करें नोडल अधिकारी, हर शाम होगा निरीक्षण: मुख्यमंत्री

**इस वर्ष 01 जनवरी से 07 सितंबर तक जापानी इंसेफेलाइटिस, चिकनगुनिया व मलेरिया से एक भी मृत्यु नहीं**

**निजी अस्पतालों को अनिवार्य रूप से देनी होगी संचारी रोगों से प्रभावित व्यक्तियों की जानकारी**

**मुख्यमंत्री ने की संचारी रोगों की स्थिति की समीक्षा, नियंत्रण के लिए दिए दिशा-निर्देश**

**हॉटस्पॉट की स्थिति हो तो स्वयं पहुंचे नगर आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी: मुख्यमंत्री**

**मुख्यमंत्री का निर्देश, हर दिन सुबह सैनीटाइजेशन व शाम को हो फॉगिंग**

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय अंतर्विभागीय बैठक में प्रदेश में संचारी रोगों की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए...

● प्रतिवर्ष अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर में संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ विशेष अभियान संचालित होता है। आगामी अक्टूबर माह से इसका नवीन चरण प्रारंभ होना है। इसमें सरकारी प्रयास के साथ-साथ जनसहभागिता भी महत्वपूर्ण है। हमारे सामने अपना इंसेफेलाइटिस नियंत्रण और कोविड प्रबंधन के दो सफल मॉडल हैं, जो संचारी रोग अभियान में हमारे लिए उपयोगी होंगे। आज हर जिले में डेंगू जांच की सुविधा है। 15 नवम्बर तक का समय संचारी रोगों की दृष्टि से हमारे लिए संवेदनशील है।

● हाल के दिनों में गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर नगर, मेरठ, मुरादाबाद जनपद डेंगू से प्रभावित रहे हैं। बुलंदशहर व संबल में डेंगू आउटब्रेक की स्थिति भी देखी गई। जबकि बरेली, सीतापुर, शाहजहांपुर, हारदोई बदायूं, पीलीभीत और संभल में मलेरिया का असर रहा है। इसी तरह, प्रयागराज, कानपुर नगर, बाराबंकी, कुशीनगर, संत कबीरनगर, सहारनपुर व बस्ती में चिकनगुनिया की दृष्टि से संवेदनशील हैं। इन जिलों में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

● पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में इंसेफेलाइटिस से हजारों बच्चों की मौत होती थी। 50 हजार बच्चों की मौत हुई। 2017 में हमने अंतर्विभागीय समिति बनाई, सभी विभागों ने मिलकर काम किया। अस्पताल बनवाये, पीकू बनवाये, चिकित्सक तैनात किये। साथ-साथ पीने के साफ पानी और शौचालय की व्यवस्था भी कराई। नतीजा इस वर्ष 01 जनवरी से 07 सितंबर तक जापानी इंसेफेलाइटिस, चिकनगुनिया व मलेरिया से एक भी मृत्यु नहीं हुई है। 04 दशक तक कहर बनी रही बीमारी पर हमने 05 वर्ष में नियंत्रण पा लिया। नियंत्रण के बाद अब हमारा अगला लक्ष्य उन्मूलन है।

● कहीं भी हॉटस्पॉट की स्थिति न बनने पाए। यदि कहीं भी ऐसी स्थिति हो तो वहां संबंधित नगर आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी स्वयं पहुंच कर निरीक्षण करें। अस्पतालों में दवा की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए।

● सभी सरकारी व निजी अस्पतालों/मेडिकल कॉलेजों में नए रोगियों की नियमित रिपोर्टिंग जरूर हो। प्रदेश के सभी पीएचसी/सीएचसी/जिला अस्पतालों/मेडिकल कॉलेजों के लिए जिलाधिकारी द्वारा एक-एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। यह नोडल अधिकारी हर दिन सायंकाल अपने प्रभार के अस्पतालों की जांच कर व्यवस्था सुचारू बनाए रखें।

● पीएचसी/सीएचसी व अन्य अस्पतालों में तैनात पैरामेडिक्स नियमित रूप से अपनी सेवाएं जरूर दें। चिकित्सा व स्वास्थ्य व्यवस्था में अराजकता व अव्यवस्था फैलाने की कुत्सित करने वालों से पूरी कठोरता से निपटा जाए।

● जनपदों में आउटब्रेक्स की स्थिति पर नियंत्रण हेतु ठोस प्रयास किये जाने आवश्यक है। नगर विकास, ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग मच्छरों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु फॉगिंग एवं लावीर्साइडल स्प्रे कराई जाए। सुबह सैनीटाइजेशन व शाम को फॉगिंग का कार्य निरंतरता के साथ कराएं। जल भराव का निस्तारण कराएं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई हाई रिस्क क्षेत्रों की सूची में उल्लिखित समस्त क्षेत्रों में सतत वैक्टर नियंत्रण एवं संवेदीकरण गतिविधियाँ से संचालित की जाएं।

● शिक्षा विभाग द्वारा जनपद के समस्त विद्यालयों में नोडल अध्यापकों के माध्यम से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का संचारी रोगों के विषय में संवेदीकरण कराया जाए। संचारी रोगों से बचाव के उपाय यथा पूरी आस्तीन की कमीज, फुल लेंथ की पेंट इत्यादि का प्रयोग एवं मच्छरों के प्रजनन एवं काटने से बचाव के उपायों के विषय में संवेदीकरण किया जाना चाहिए। किसी क्षेत्र से बुखार प्रभावित छात्रों की सूचना प्राप्त होने पर स्थानीय फ्रंट लाइन वर्कर अथवा चिकित्सा अधिकारी को तत्काल जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

पशुपालन विभाग द्वारा सभी पशु बाड़ों की नियमित सफाई कराई जाए। पशुओं के पीने हेतु प्रयोग किए जाने वाले पात्रो के पानी में मच्छरों के प्रजनन की संभावना को समाप्त करने हेतु नियमित रूप से इस पानी को बदलना की कार्यवाही आवश्यक है।

● संचारी रोग अभियान की सफलता के लिए अंतर्विभागीय समन्वय महत्वपूर्ण आधार है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, मेडिकल एजुकेशन, ग्राम्य विकास, नगर विकास, महिला बाल विकास, कृषि, बेसिक माध्यमिक शिक्षा द्वारा अंतर्विभागीय समन्वय के साथ स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा का ठोस प्रयास किया जाए।

● रोगियों के आवागमन के लिए एम्बुलेंस की पर्याप्त उपलब्धता रहे। एम्बुलेंस का रिस्पांस टाइम न्यूनतम रखा जाए।

● कम्युनिटी हेल्थ सर्विसेज को त्वरित आउटब्रेक रिस्पॉन्स के लिए प्रशिक्षण दिया जाए। त्वरित आउटब्रेक रिस्पॉन्स के लिए डिजीज सर्विलांस डेटा तंत्र का सुदृढ़ीकरण किया जाए।

● बरसात के दृष्टिगत नालों की सफाई करा ली जाए। सिल्ट जमा न हो, ताकि बारिश में जलभराव न हो। मलिन बस्तियों में साफ-सफाई की अत्यधिक आवश्यकता है। यहां नियमित फॉगिंग भी कराई जाए। सॉलिड वेस्ट प्रबंधन के लिए ठोस प्रयास करें।

● शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो। लोगों के सामने क्लोरीनेशन डेमो दिया जाए। पानी उबाल कर छान कर पीने की जानकारी दें। क्लोरीन की गोलियां वितरित की जाएं।

# दो अलग अलग जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने से पांच बकरियों व दो भैंसो की मौत

**दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेई**

खागा फतेहपुर खखरेरू थाना क्षेत्र में शनिवार की देर शाम हो रही बारिश के दौरान दो अलग-अलग जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने से पांच बकरियों व दो भैंसो की दर्दनाक मौत हो गई ।



जानकारी के मुताबिक आपको बता दें कि शनिवार की शाम करीब 4 बजे के आसपास तेज हवाओं का झोंका आया और उसी दौरान जोरदार बारिश शुरू हो गई और मौसम ने करवट ली और धीरे-धीरे मौसम और बिगड़ता गया उसी दौरान गरज चमक भी शुरू हो गई उसी दौरान गड़गड़ाहट के बीच आकाशीय बिजली गिरने से दो अलग-अलग स्थानों पर पांच बकरियां व दो भैंस की दर्दनाक मौत हो गई बताया जा रहा है कि खखरेरू थाना क्षेत्र के कोट गांव निवासी जागेश्वर की पांच बकरी जंगल में चरने गई हुई थी उसी दौरान बारिश शुरू हो गई फिर आकाशीय बिजली गिरी जिससे बकरी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई तो वहीं खखरेरू थाना क्षेत्र के खखरेरू नगर पंचायत में आकाशीय बिजली गिरने से दो भैंसों की दर्दनाक मौत हो गई

# जिला अधिकारी ने गौशाला का किया औचक निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने ब्लॉक बहुआ के अयाह गौशाला का औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान गौशाला में साफ सफाई व्यवस्था ठीक पाई गई। गौशाला में 404 गौवंश पाए गए। वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाए जा रही है। गौवंशो हेतु हरा चारा, भूषा, पशुआहार पर्याप्त मात्रा में पाया गया और शत प्रतिशत ईयर टैगिंग पाई गई। उन्होंने नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला की लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश संबन्धित को दिए। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी श्री प्रमोद सिंह चंद्रौल, नायब तहसीलदार सदर, प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी बहुआ डा0 धर्मेंद्र सिंह, एडीओ पंचायत ग्राम प्रधान अयाह, सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित बैटरी रिक्शा पलटने से सवार हुआ घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड लक्ष्मी टॉकीज के समीप एक बैटरी रिक्शा अनियंत्रित होकर रोड पर पलट गया। जिससे रिश्ते पर सवार एक युवक नीचे दबकर घायल हो गया। पटना की जानकारी युवक के परिजनों को हुई तो तुरंत घटना स्थल पर आकर उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के शांती नगर मोहल्ला निवासी महेश कश्यप का 28 वर्षीय पुत्र रिंकू कश्यप बैट्री रिक्से पर सवार होकर किसी काम से जा रहा था। जैसे ही उसका रिक्शा कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड लक्ष्मी टॉकीज के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे रिक्से पर सवार रिंकू कश्यप नीचे दबकर घायल हो गया। रिक्सा पलटने की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत घटना स्थल पर आए और उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायल को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# छात्रा को अगवा कर रेप करने वाला का आरोपी गिरफ्तार

## *गैंगरेप का मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त में*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले के हथगाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिए कि छात्र जो कि विद्यालय से घर आते समय एक मुस्लिम युवक ने अपने साथियों के साथ मिल अपहरण करने के बाद नशीला पदार्थ सुंघाकर बलात्कार किया फिर उसका अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर दिया पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की।




आपको बताते चलें 1 सितंबर को विद्यालय से घर वापस आ रही एक छात्रा जिसकी उम्र 21 वर्ष है जो स्नातक की पढ़ाई कर रही है उसको एक मुस्लिम युवक ने अपहरण कर बलात्कार करने की कोशिश की विरोध करने पर नशीला पदार्थ सूंघाकर बेहोश कर दिया बेहोश होने के बाद दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर दिया जानकारी होने पर पिता ने शुक्रवार को अपहरण व गैंग रेप जान से करने का मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी जिसमें मुख्य आरोपी मोहम्मद शाबान 19 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई।

वही इस बारे में जब थाना अध्यक्ष से बात की गई तो उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति ने अपनी लड़की के साथ गैंगरेप की तहरीर दी है जिसमें नाम जद मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और अज्ञात लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति मौत

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना टूंडला क्षेत्र के गांव जरौली कट पर शनिवार की दोपहर अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई परिजन शवको बिना पोस्टमार्टम कराये ले गए हैं।



थाना लाइन पार के ढोलपुर निवासी 45 वर्षीय सुखबीर पुत्र रामेश्वर दयाल शनिवार की दोपहर बाइक द्वारा टूंडला की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह जरौली कट के समीप पहुंचा ही था कि तभीतेजगति से आ रहे एक अनियंत्रित वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिसके फल स्वरुप उसे गंभीर चोटें आईबाइक क्षतिग्रस्त हो गई चालक वाहन लेकर फरार हो गया इधर दुर्घटना देख ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई सूचना मिलते ही नेशनल हाईवे की एंबुलेंस मौके पर पहुंची हुआ उसे आनंद-फानन में उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई इधर परिजन भी सरकारी ट्रामा सेंटर पहुंच गए चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया परिजन सब को लेकर अनियंत्रले गए।

# भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक विजयीपुर ब्लॉक में हुई सम्पन्न

## 25 सितंबर को लखनऊ चलने के लिए जिला सचिव ने किया किसानों को जागरूक

**दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेयी**

खागा फतेहपुर विजयीपुर ब्लॉक में शनिवार की दोपहर भारतीय किसान यूनियन ने किसानों के साथ मासिक बैठक की । बैठक में भाकियू कार्यकताओं ने किसानों की समस्याएं सुनी । इस दौरान भारतीय किसान यूनियन ने संगठन को मजबूती देने के लिए तहसील के अधिकारियों व विजयीपुर ब्लॉक के अधिकारियों के साथ भी बैठक हुई

आपको बता दें कि शनिवार की दोपहर विजयीपुर ब्लॉक में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला सचिव छोटू सिंह परिहार ने किसानों के साथ बैठक आयोजित की । बैठक पर किसानों की समस्या जो कि अन्ना जानवरों की समस्या, सडक की समस्या, बिजली की समस्या, से जुड़ी रही । जिस पर भाकियू जिला सचिव छोटू सिंह परिहार ने किसानों की समस्या का जल्द ही निदान कराने की बात कही । इसी दौरान भारतीय किसान यूनियन के जिला सचिव रणदीप सिंह व छोटू सिंह परिहार ने किसानों की समस्या को गभीरता से लेते हुए उन्होंने किसानों की समस्या का निदान कराने की बात कही है वहीं बैठक के आज भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन की मासिक बैठक में विजयीपुर ब्लॉक में कई बिन्दुओं पर चर्चा हुई है चर्चा के बीच जिला सचिव छोटू सिंह परिहार ने सभी किसान भाईयों को अपने अधिकार को लेने के लिए भी जागरूक किया और उन्होंने यह भी बताया कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री राजेश सिंह चौहान ने अपने किसान भाईयों के हित के लिए सरकार से कुछ मांग की है जिस मांग



को लेकर 25 सितंबर को लखनऊ में महापंचायत की घोषणा की गई है जिस पर सभी किसान भाई पहुंच कर सफल बनायें जिला सचिव छोटू सिंह परिहार ने बताया कि हमारे तीन प्रमुख मुद्दे

**(1) फतेहपुर मे किसानों के लिए गन्ना मील**
**(2) सरकार ने जो वादा किया था कि हमारी सरकार बनते ही हम किसानों के नलकूपों का बिल माफ कर देगें**
**(3) अन्ना गौवंश से निजात**

इन तीनों मुद्दों को लेकर सरकार से आमने सामने वार्ता की जायेगी बैठक के दौरान विजयीपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आदित्य त्रिवेदी किसानों के बीच आये आकर उन्होंने किसानों की समस्या सुनी समस्या को सुनते ही विजयीपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आदित्य त्रिवेदी ने किसान भाईयों को आश्वासन दिया और कहा कि अगर किसी किसान भाई को कोई समस्या होती हैं और ब्लॉक का कोई कर्मचारी आपका फोन नहीं उठाता य आपका काम नहीं कर रहा है तो वह मुझसे मिलकर अपनी समस्या बताये अगर कोई ब्लॉक के किसी काम में आपसे पैसा मागता हैं तो मुझे अवगत कराये मैं उस व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा लिखाऊगा चाहे वह ब्लॉक का कर्मचारी हो या आम कोई व्यक्ति साथ ही उन्होंने ने किसानों की समस्या देखते हुए यह भी ऐलान किया है कि जो व्यक्ति 5 गौवंश गौशाला लेकर उनको अपने घर पर रखकर उनकी सेवा करेगा उनको पालेगा लिखित रूप में उनको एक एक टीन सेड देने का काम किया जायेगा वही जिला सचिव छोटू सिंह परिहार ने बताया कि अगर किसानों की समस्या हल नहीं होती हैं तो बहुत जल्द किसानों की समस्याओं को लेकर जल्द ही एक बड़ा आंदोलन होगा जिसमें किसानों की समस्या को लेकर शासन से मांग की जाएगी।

वही बैठक के दौरान जिला सचिव छोटू सिंह परिहार,तहसील उपाध्यक्ष सुदेश सिंह तहसील उपाध्यक्ष सत्यम सिंह भदौरिया, ब्लॉक अध्यक्ष चन्दभान सिंह ब्लॉक महासचिव राजेश दीक्षित, ब्लॉक सचिव अतुल बाजपेई व समस्त पदाधिकारी समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे ।

# पति-पत्नी के विवाद में पति ने खाया जहरीला पदार्थ

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के राधा नगर थाना क्षेत्र के मटका गाँव मे किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। जिससे क्षुब्ध होकर पति ने घर के अंदर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जहरीला पदार्थ खाने की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरन्त घटना की सूचना सरकारी एम्बुलेन्स को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स पति को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के मटका गाँव निवासी कृष्ण पाल का 23 वर्षीय पुत्र राम भवन का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिससे क्षुब्ध होकर पति राम भवन ने घर के अंदर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरन्त घटना की सूचना सरकारी एम्बुलेन्स को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स राम भवन को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है। वही जिला अस्पताल पहुंची राम भवन की माँ दया वती ने बताया हम खेतो में काम करने गए थे। बहु बेटा घर पर थे उसी समय दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया तभी राम भवन ने जहरीला पदार्थ खा लिया। घर आने पर जानकारी हुई तो उसको इलाज के लिए यहाँ लेकर आये है।

# श्री कृष्णा जन्ममोत्सव पर राधा नगर थाना परिसर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाकर बनाया गया गोकुलधाम

## भक्ति के रस में डूबा राधानगर थाना

## मुस्कान व नादान ने मिल भक्तों के दिलों में भक्ति की ज्योति जगाई

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर सभी जगह पर भव्य आयोजन किया गया जहां आपको बताते चले की शासन के दिशा निदेर्शानुसार जनपद फतेहपुर में भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन हुआ जहां इसी क्रम में जनपद में किसी न किसी खबर को लेकर हमेशा सुर्खियों पर रहने वाला थाना राधानगर में भी इस वर्ष थाना प्रभारी निरीक्षक राज किशोर सिंह के नेतृत्व में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन किया गया जहां आपको बताते चलें कि थाना राधानगर को बिल्कुल दुल्हन की तरह सजाया गया



था जहां लगातार हुई बारिश के चलते भी प्रोग्राम फीका नहीं हुआ और शाम होते ही लोगों का जमावड़ा थाना परिसर में उमड़ने लगा। वहीं भजन कीर्तन के साथ एवं सुंदर-सुंदर झांकियां के साथ कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ व स्थानीय लोग तथा संभ्रांत लोगों ने इस आयोजन का लुत्फ उठाया तथा थाना प्रभारी राज किशोर सिंह की खूब सराहना किया। वही आपको बताते चलें कि थाना प्रभारी निरीक्षक राज किशोर सिंह के द्वारा वैदिक विधि विधान से पूजा अर्चना की गई तथा इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में थाना के समस्त पुलिस कर्मियों का भी सहयोग रहा। वहीं छोटी बच्ची मुस्कान शुक्ला की सुंदर झांकी सबका मन मोह लिया तथा कीर्तन मंडली में नादान की कीर्तनों को सभी लोगों ने सराहा। श्री कृष्णा जन्म के बाद लोग प्रसाद ग्रहण कर घर गए।

# शववाहन हटवाने को लेकर प्राइवेट ट्रॉमा सेंटर की महिला चिकित्सक ने गार्ड से की नोंक-झोंक

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर के समीप प्राइवेट महिला चिकित्सक ने अपनी गाड़ी निकलवाने को लेकर ड्यूटी पर तैनात गार्ड से की बदसलूकी

सरकारी ट्रामा सेंटर के सामने खड़े शव वाहन के पीछे प्राइवेट महिला चिकित्सक द्वारा अपनी गाड़ी के आगे से शव वाहन को हटवाने के लिये ट्रामा सेंटर पर ड्यूटी पर तैनात एक गार्ड से शव वाहन को हटवाने के लिये कहा, इसके जबाब में गार्ड ने उनसे कहा कि ड्राईवर कही चला गया है। इसी पर वह आग बबूला हो गयी और गार्ड से बुरी तरह से पेश आने लगी। तब गार्ड ने उनसे अन्दर जाकर चिकित्सक को बताने के लिये



कहा तो गार्ड से कहने लगी कि तुम्हारी क्या जिम्मेदारी है, और यहाँ बैठकर क्या कर रहे हो, इसकी जानकारी जब गार्ड के सुरवाइजर राजकुमार को हुई तो उन्होंने मौके पर जाकर चिकित्सक से पूछा क्या हो गया , उनसे भी वही तरीका अपनाने लगीं। इन्ही सब बातों की जानकारी के लिये मीडिया कर्मी जब रिकॉर्डिंग करने लगे तो, उनसे भी बदतमीजी करने के साथ उन्हें भी उल्टा सीधा कहने लगी। जब कि इस परिसर में इन प्राइवेट वाहनों के खड़े होने से काफी परेशानी का सामना आने वाले रोगियों की एम्बुलेन्स व अन्य वाहनों को होती है। जो यहाँ खड़ी कर अवैध पार्किंग बना देते है।

# साक्षरता क्लब क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निर्वाचन साक्षरता क्लब क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।

डी.ए.वी इंटर कॉलेज फिरोजाबाद में प्रधानाचार्य डॉ उपेंद्र नाथ शर्मा एवं देवेंद्र कुमार शर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुई। कॉलेज के शिक्षक पंकज दीक्षित एवं डॉ दीप चंद्र अग्रवाल द्वारा ही निर्वाचन साक्षरता क्लब क्विज प्रतियोगिता के लिए प्रश्नों को तैयार किए गए थे। भारत में पहला आम चुनाव कब हुआ था,भारत में ईवीएम का प्रयोग कब शुरू हुआ था, राष्ट्रीय मतदाता दिवस कब मनाया जाता है..... वगैरह सवाल शामिल थे। मालूम हो कि भावी व युवा मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया से जोडे रखने के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लब क्विज



प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस अवसर पर ईएलसी के सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा ने छात्र-छात्राओं को निर्वाचन में वीवीपीएट,बीयू,सीयू, वोटर हेल्पलाइन एप भारत निर्वाचन आयोग की भूमिका आदि 00के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 9 व कक्षा 10वी के काफी संख्या में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कुल 12 प्रश्न पूछे गए थे जो निर्वाचन से संबंधित थे। इस क्विज प्रतियोगिता के संचालन में अश्वनी सलोनिया,सीताराम सिंह,पंकज कुमार,राजपाल गौतम,राजेश शर्मा,संतोष कुमार चित्रारानी,मुकेश कुमार,अवनीश कुमार, आदि रहे।

## भारतीय दोसर वैश्य महासमिति रजि ने पार्षद चौक पर झंडा गीत रचयिता पदम श्री श्यामलाल गुप्ता का 128 वां जन्मदिन मनाया गया

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर भारतीय दोसर वैश्य महासमिति रजि ने पार्षद चौक पर झंडा गीत रचयिता पदम श्री श्यामलाल गुप्ता का 128 वां जन्मदिन पार्षद मूर्ति स्थल पार्षद चौक में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया पार्षद मूर्ति पर माल्यार्पण कर झंडा गीत को पुणे पाठ पुस्तक में सम्मिलित करने की मांग की और जिला कारागार में महासमिति द्वारा भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिला कारागार अधीक्षक मोहम्मद अकरम खान ने पार्षद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा बंदी महिलाओं व बच्चों को मिठाई फल वितरित किए गए भारतीय दोसर वैश्य महा समिति द्वारा पार्षद चौक सिविल लाइन में झंडा गीत रचयिता पार्षद का गीत गया गया जिला अध्यक्ष नारायण बाबू ने बताया कि इनका जन्म जनपद कानपुर स्थित नरवल ग्राम में 9 सितंबर 18 96 को एक सामान्य परिवार में हुआ था मिडिल शिक्षा प्रथम श्रेणी एवं विषरत की डिग्री हासिल करने के उपरांत आपने अपना संपूर्ण जीवन देश की आजादी में समर्पित कर दिया तथा फतेहपुर जनपद को अपनी कर्म भूमि बनाकर यही से स्वतंत्रता आंदोलन में अपना योगदान दिया इस अवसर पर प्रमुख रूप से विनोद कुमार गुप्ता साजन गुप्ता सुनीता गुप्ता जय गोपाल गुप्ता संजय गुप्ता सुनील गुप्ता नरेंद्र गुप्ता आनंद गुप्ता अजय गुप्ता अशोक गुप्ता रंजन गुप्ता मुकेश गुप्ता अरुण जायसवाल एडवोकेट शैलेंद्र शरण सिंपल नारायण वरदानी का कविता रस्तोगी संजय गुप्ता पवन गुप्ता रामस्वरूप गुप्ता दुर्गेश गुप्ता सहित अन्य लोक मौजूद रहे



# बाबा बलखंडेश्वर धाम में भव्य जन्माष्टमी महोत्सव धूम धाम से मनाया गया

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जन्माष्टमी का पर्व दो दिन मनाया जाएगा। दो दिन अष्टमी तिथि होने से छह और सात सितंबर दोनों दिन जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। बाजारों में कृष्ण जन्म से जुड़े सामानों की दुकानें सज गई हैं। सजावट के लिए बांसुरी, झूला, इलेक्ट्रॉनिक झालरें, रंग बिरंगे कागज (अबरी) से दुकानें सजी हैं। दुकानों में मंगलवार को लोग सामानों की खरीदारी करते रहे। चौक के साथ ही जहानाबाद, बकेवर, बिंदकी, खजुहा,अमौली में दुकानें लगी हैं। मूर्ति दुकानदार ने बताया कि भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल की पीतल की मूर्ति की मांग बढ़ी है। तांना-पीतल के झूले और बांसुरी की भी बिक्री हो रही है।आचार्य सत्य नारायण मिश्रा ने बताया कि हमेशा से जन्माष्टमी का पर्व दो दिन मनाया जाता है। इस बार छह सितंबर को रोहिणी नक्षत्र और सप्तमी भेदी अष्टमी तिथि होने से गृहस्थों के लिए



जन्माष्टमी का व्रत रहना उत्तम रहेगा। वहीं सात सितंबर को मठ, मंदिरों में उत्सव मनाया जाएगा। हर वर्ष की भाती इस बार भी बाबा बलखंडेश्वर में भव्य जन्माष्टमी महोत्सव धूम धाम से मनाया गया। कमेटी के सदस्य विनीत मिश्रा उर्फ भोले मिश्रा ने बताया कि श्री कृष्ण की झांकी निकाली जाएगी और शंकर तांडव नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा । कानपुर से पार्टी जीएस मयूर ग्रुप को बुलाया गया है जो श्री कृष्ण और कई झाकियां निकाली जाएगी। कार्यक्रम में कमेटी के सदस्य विनीत मिश्रा, मनीष तिवारी, शिवम मिश्रा, नंदू मिश्रा, बल्लू मिश्रा, रवि मिश्रा, बड़कू विश्वकर्मा, बड़े विश्वकर्मा, रमेश तिवारी, दीपक सोनकर, राहुल सोनकर,राज सिंह, मन्दिर को सजाने संवारने वाली टीम मान सिंह यादव, ज्ञानेश्वर दुबे, सुरेन्द्र सिंह, राहुल इलेक्ट्रानिक, सुमित मिश्रा, संजीव तिवारी, शशिकांत तिवारी, महेश कश्यप।

# तेज हवाओं से बिजली के दो जर्जर पोल गिरे, बाल बाल बचे स्कूली बच्चे।

## सेक्टर एन, महाराजा बिजली पासी किला के पास की घटना।

## शुक्रवार दोपहर बाद करीब 1बजे की घटना।

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ।**

लखनऊ।शुक्रवार दोपहर चल रही तेज हवाओं से पेड़ों की डालियां बिजली के तारों पर गिर गईं,जर्जर हो चुके बिजली के पोल भरभरा कर गिर पड़े,स्कूल छूटने का समय था,उधर से गुजर रहे बच्चे बाल बाल बच गए।

तारों और पेड़ों की डालियों के सड़क पर गिर जाने से रास्ता बाधित हो गया।

सेक्टर एन के रहने वाले धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि राजा बिजली पासी किला गेट के सामने से ही सेक्टर एन कॉलोनी के लिए सड़क गुजरती है। रोड के किनारे लगे पेड़ो की डालें गुजर रहे बिजली के तारों पर लटकी



हुई हैं।धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने उद्यान विभाग के शशिकांत को 2 महीने पहले इस समस्या से अवगत कराया गया था। लेकिन डालों को काटा नहीं गया। शशिकांत सिंह से बात हुई उन्होंने कहा कि मेरे पास मशीन की कोई व्यवस्था नहीं है। वहीं जर्जर हो चुके बिजली के पोल भी बदले नहीं गए,सड़क पर गिर गए।

दुर्घटना कोई बड़ी होती इसके जिम्मेदार कौन होता।

धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि वह अपनी बेटी को विद्यालय से वापस लेकर लौट रहे थे,ईश्वर की कृपा थी कि चपेट में नहीं आए।

बिजली विभाग के एसडीओ अंकित द्विवेदी को फोनकर सूचना दी,तब जाकर बिजली सप्लाई बंद हुई।

# एम डी जैन में विद्यार्थियों ने G-20 के भव्य समारोह का देखा प्रसारण

दैनिक समाज जागरण

सिरसागंज। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम. डी. जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में ॠ20 के भव्य समारोह का प्रसारण प्रधानाचार्य एवं विद्यालय के प्रवक्ता, जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में दिखाया गया।

अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि संरक्षण, सदभाव और उम्मीद को बेहतर बनाने में यह सम्मेलन विश्व में एक नींव का कार्य करेगा। इस सम्मेलन की मुख्य थीम वसुधैव कुटुम्बकम, वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर रखी गई है। इस समिट का प्रथम बार अपना देश मेजबानी कर रहा है। भारत ने ॠ 20 की अध्यक्षता में 60 स्थानों पर 200 से भी ज्यादा बैठकें आयोजित की गई हैं, जहाँ विकास को वैश्विक एजेंडे में प्राथमिकता प्रदान की गई। G-20 में 20 सदस्य देश, 9 अतिथि देश और 14 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के नेता और प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख एक साथ इस सम्मेलन के



लिए नई दिल्ली में एकत्रित हुए हैं। जिनमें अमेरिका, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, इटली, जापान, इंग्लैंड, मैक्सिको, रूस, साउथ कोरिया, सऊदी अरब अमीरात, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, मिस्त्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर आदि प्रमुख हैं। विपुल जैन ने बताया कि G-20 की स्थापना ग्लोबल इकोनॉमी संकट को देखते हुए 1999 में हुई थी। संदीप जैन ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देना है। इसमें कृषि, भ्रष्टाचार, संस्कृति, डिजिटल, अर्थव्यवस्था, विकास, शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं वित्त संबंधी मुख्य विषय रहेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ नीरज जैन, सत्यपाल सिंह, राजीव जैन, ध्रुव कांत झा, परेश जैन, साधना मोडवेल, सुकीर्ति चतुवेर्दी, प्रीती जैन, सारिका कुलश्रेष्ठ आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीण ने खण्ड विकास अधिकारी को सौपा दो सूत्रीय मांग पत्र



अयोध्या विकासखंड क्षेत्र के पातू ग्राम पंचायत में छुट्ट पशुओं द्वारा फसलों को किया जा रहे नुकसान से अजिज ग्रामीणों ने क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा बीडीसी संघ के जिला उपाध्यक्ष राहुल दुबे के नेतृत्व में खंड विकास अधिकारी रशेष गुप्ता से मिलकर दो सूत्रीय मांग पत्र सौपकर समस्या के निस्तारण की मांग किया। बताया कि ग्राम पंचायत में काफी संख्या में सार्वजनिक भूमि उपलब्ध है। ग्राम पंचायत में गौशाला का निर्माण करवाने की मांग की गयी। क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे और कुछ ग्रामीण ने आरोप लगाया कि ग्राम समाज की सरकारी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण को लेकर स्थिति यह बन गई है कि प्रस्तावित गौशाला निर्माण में खासी दिक्कत उत्पन्न हो रही है, उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारी का ध्यान छुट्टा जानवरों द्वारा फसल बर्बाद किए जाने की ओर आकृष्ट करते हुए मांग कि है कि इन छुट्टा मवेशियों को तत्काल प्रभाव से कृषि हित को दृष्टिगत रखते हुए पकड़ कर गौशाला भेजे जाने की व्यवस्था की जाए। मांग पत्र में तय सीमा के भीतर कार्रवाई न होने की दशा में अनशन करने की भी बात कही गई है। मांग पत्र देने वालों में प्रमुख रूप से बीडीसी राहुल दुबे, अंकित दुबे, अंबिकेश तिवारी, रामगोपाल, राम सहाय निषाद आदि लोग शामिल रहे। खंड विकास अधिकारी द्वारा मौके पर पंचायत सचिव सृष्टि सिंह को बुलाकर गौशाला निर्माण के लिए जमीन तलाशने का निर्देश दिया।

# हटाए गए दो सीएचसी अधीक्षक

अयोध्या। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय जैन ने सीएचसी तारुन के बाद अब दो और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात अधीक्षकों को हटा दिया है। उनके स्थान पर नवीन तैनाती की गई है। सीएमओ की इस कार्रवाई से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप है।

सीएमओ डॉ संजय जैन ने बताया कि सीएचसी सोहावल के अधीक्षक डॉ अबसार अली को हटाकर यहीं पर तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ प्रेमचंद्र भारती को अधीक्षक बनाया गया है। वहीं, सीएचसी खंडासा के अधीक्षक डॉ आनंद सिन्हा को हटाकर यहीं पर तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ आकाश मोहन को अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों चिकित्सकों को अविलंब कार्यभार सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

# निमार्णाधीन मकान का लेन्टर भरभरा कर गिरा मकान स्वामी को लाखों रुपए नुकसान,

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ गांव में निमार्णाधीन मकान का लेन्टर पड़ने के समय ढुलला भरभरा कर नीचे गिर गया। इससे वहां काम कर रहे मजदूरों सहित मिस्त्री में भगदड़ मच गई। गनीमत रही कि कोई ढुलला के नीचे नहीं आया जैसे बड़ा हादसा हो सकता। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सीरवासुचन्द बच्चा बाग निवासी अफजाल अल्वी पुत्र इसरार अल्वी के निमार्णाधीन मकान की छत का लेन्टर डाला जा रहा था की बारिश के चलते ढुल्ला भरभरा कर गिरने लगा लेन्टर पर कम कर रहे हैं मजदूरों व मिस्त्री ने भाग कर पड़ोसी की छत पर पहुंच कर जान बचाई घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई प्रत्यक्षदर्शियों के आंकलन के अनुसार मकान स्वामी अफजाल अल्वी का लगभग तीन से चार लाख का नुकसान आंका जा रहा है। लेन्टर डालते समय ढुल्ला जिस छोर से गिरना शुरू हुआ पन्द्रह से बीस मजदूर दूसरे छोर पर काम कर रहे थे वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था।



# समाधान दिवस पर फरियादियों छः शिकायतों में तीन का हुआ निस्तारण



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ एसपी पूर्वी ने थाने पहुंचकर समाधान दिवस में जनशिकायतों को सुना। अधिकारियों ने त्वरित निस्तारण के दिशा- निर्देश दिए।प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस के मौके पर मौजूद एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल व कोतवाली थाना प्रभारी हम्बीर सिंह व नायब तहसीलदार धामपुर लक्ष्मी चंद भंडारी के मुताबिक समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा छह शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिसमें तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य तीन शिकायतें सम्बंधित को सौपते हुये शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये गये हैं। थाना अध्यक्ष हम्बीर सिंह एवं तहसीलदार लक्ष्मी चंद भंडारी ने कहा है कि समाधान दिवस पर बाकी शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ितों की हर समस्या का निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। जिससे शिकायत करता को बार-बार समाधान दिवस में न आना पड़े। इस बार समाधान दिवस के अवसर पर एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल, थाना अध्यक्ष हम्बीर सिंह, नायब तहसीलदार धामपुर लख्मीचंद भंडारी के अलावा एस आई अनोखेलाल गंगवार, एसआई सोहन सिंह पुण्डीर,, एसआई मुकेश कुमार,महिला सब इंस्पेक्टर काजल तेवतिया, राजस्व निरीक्षक अफजलगढ़ नरेन्द्र सिंह, राजस्व निरीक्षक सुआवाला सतीश प्रकाश, लेखपाल नवाबुद्दीन, राजेश्वर सिंह सौरभ चौहान, प्रमोद कुमार, अंसारउलहक, सुरेश चंद्र सेमवाल, अनिरुद्ध चौहान, राकेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, पप्पू शाह, प्रेम नारायण, बृजमोहन सिंह, अभय प्रताप सिंह, जगमोहन सिंह, अरुण कुमार, यशवीर सिंह आदि मौजूद थे।

# तीन दिन से हो रही बरसात से फसलों को हुआ फायदा

## पूर्वा हवा तथा नमी के चलते गन्ने और धान की फसल गिर जाने से हुआ नुकसान।



अयोध्या। तीन दिन से रुक रुक कर हो रही बरसात और हवा के चलते एक तरफ जहां फसलों को नमी मिलने से फायदा हुआ है। तो वहीं दूसरी तरफ हवा के कारण फसल गिर जाने से धान और गन्ने की फसल को नुकसान भी पहुंचा है। धान की उन फसलों को नुकसान हुआ है जिनके पौधों में बालियां निकल आई हैं। कई किसानों ने बताया कि बरसात होने से एक तरफ यहां फसल को फायदा हुआ है वहीं दूसरी तरफ धान और गन्ने की फसल गिर जाने से काफी नुकसान हुआ है। इसका असर पैदावार पर भी पड़ेगा। जबकि सब्जी बेल्ट नगर पंचायत के बिलारी माफी, तेंदुआ माफी, नसीरपुर मूसी, रसूलपुर, नंदरौली, पाराताजपुर, मलेथू बुजुर्ग, मलेथू खुर्द, चिखड़ी, गंगासराय आदि जगहों पर बरसात के चलते खेतों में जल भराव होने से कद्दू, नैनुवा, लौकी सहित लता वाली फसलों को नुकसान हुआ है। कई सब्जी किसानो द्वारा बताया गया कि बरसात के चलते जल भराव होने के बाद धूप निकलने पर फासले सूख जाएगी। जबकि सब्जियों की बुवाई के लिए डाली गई टमाटर, गोभी आदि की नर्सरी को भी नुकसान पहुंचा है।

# भाजपा विधायक ने फीता काटकर किया नौमी मेले का शुभारंभ।



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़/रेहड़ थाना रेहड़ के गाँव खैराबाद में स्थित ऐतिहासिक सिद्ध स्थल जाहरवीर गोगाजी की महाढ़ी पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले दो दिवसीय मेले का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक सुशांत सिंह ने फीता काटकर किया। जाहरवीर गोगा नवमीं पर आयोजित होने वाले मेले में क्षेत्र सहित दूर दराज से आयें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गोगाजी की समाधि पर प्रसाद चढ़ाकर सुख समृद्धि की कामना की। इतिहासकार पंडित सुरेन्द्र कौशिक बताते हैं कि कई शताब्दियों से प्रतिवर्ष भाद्रपद की नवमीं तिथि को जाहरवीर गोगाजी की महाढ़ी पर विशाल मेले का आयोजन होता आ रहा हैं। बताया जाता हैं कि जाहरवीर गोगाजी का ननिहाल कस्बा रेहड़ में था। और जब वह अपनी मां के गर्भ में थे उस दौरान उनकी माता बाछल देवी उसी स्थान पर रुकी थी। आज भी उसी स्थान पर जाहरवीर गोगाजी का मंदिर बना हुआ हैं। जाहरवीर गोगाजी की म्हाढ़ी सभी धर्मो व समुदाय के लोगों का आस्था का प्रतीक हैं।नवंदपति महाढ़ी पर प्रसाद चढ़ाकर सुखी वैवाहिक जीवन का आशीष लेते हैं।मान्यता हैं कि निसंतान दंपति भी संतानोत्पत्ति के लिये जाहरवीर गोगाजी से मन्नतें मांगते हैं जो अवश्य पूरी होती हैं। मेले में आये श्रृद्धालुओं की सुविधा के जाम की स्थिति से निबटने के लिये बादीगढ़- कल्लूवाला मार्ग भारी वाहनों के आवाजाही रोक दी गयी तथा वाहनों के लिये पार्किंग की व्यवस्था की गई। जगह जगह पुलिस द्वारा शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई तथा सुरक्षा की दृष्टि से मेला परिक्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगायें गयें।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाया मेडिकल कैंप

प्रभारी चिकित्सा प्रभारी कासमपुरगढ़ी डा. खालिद ने बताया कि मेले में आये श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के लिये निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप में डा. संजय कुमार, डा. पीयूष चौहान, डा.हेमंत सिंह, सीएचो अर्जुन सिंह, सृष्टि सिंह, साहिबा खातून मौजूद रही।

# मेरी माटी मेरा देश कलश यात्रा का शुभारंभ

कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण



बांसडीह (बलिया) : भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा बांसडीह मंडल द्वारा आज शनिवार को मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ बांसडीह नगर के स्वतंत्रता आंदोलन में शहीद पंडित रामदहीन ओझा के आवास से मिट्टी लेकर किया गया। शहीद पंडित रामदहीन ओझा के पौत्र नरेंद्र ओझा ने कलश में अपने आवास की मिट्टी को समर्पित किया। इस मौके पर भारत माता की जय वंदे मातरम के नारों से पूरा माहौल गूंज गया। आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भाजपा बांसडीह मंडल अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा ने बताया की भाजपा नेतृत्व के निर्देश पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा निकाली जा रही है। जिसमे नगर और ग्रामसभा में घर घर जाकर लोगो से मिट्टी और शहरी क्षेत्र में कुछ दाने चावल के कलश में एकत्र करना है और यह कार्यक्रम पूरे भव्य तरीके से करना है। श्री ओझा ने बताया की कार्यक्रम का शुभारभ सबसे पहले किसी सेनानी या शहीद परिवार के घर की मिट्टी लेकर करना है जिसके क्रम में आज बांसडीह में शहीद पंडित रामदहीन ओझा के घर की मिट्टी लेकर किया गया। इस मौके पर निखिलेश पांडेय,नवीन सिंह,बलिराम साहनी,बबलू सिंह,अरुण पांडेय,रोहित गुप्ता,राजेश प्रजापति,अमित यादव सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आयस्टर और शिटाके खुंब का उत्पादन और प्रसंस्करण करेंगे बसवार और सोहावल के किसान

अयोध्या। रास्ट्रीय कृषि और ग्रमीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से जनपद के पच्चीस प्रगतिशील किसान ओंकार सेवा संस्थान के द्वारा 5 सितम्बर को बिहार स्थित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय



समस्तीपुर विहार में पाँच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करके आज जनपद वापस आ गए हैं। कार्यक्रम संयोजक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने बताया कि विहार में किसानों को खुंब ( मशरूम )उत्पादन और प्रसंस्करण 'बागवानी की उच्च तकनीकी तथा डेरी प्रोद्योगिकी पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। डॉ राजेन्द्र प्रसाद कृषि विश्वविद्यालय मे खुंब ( मशरूम) से सम्बंधित प्रशिक्षण डॉ. दयाराम ने प्रदान किया। भ्रमण पर गए सोहावल विकास खण्ड के प्रशिक्षित किसान विवेक सिंह, उत्सव सिंह, क्रांती कुमार , वीरेंद्र कुमार सिंह सहित बारह किसान औषधीय गुणों से युक्त सीटके खुंब और आयस्टर खुंब की खेती करेंगे। विदित हो की औषधीय खुंब की मांग विदेशों मे बहुत अधिक है। इस बार के किसानों मे कई किसान प्रबंधन और इंजीनियरिंग की पढाई करके खेती करने वाले किसान है,। जो कि खेती में नया स्टार्टअप शुरू करने का मन बना चुके हैं। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक कमलेश यादव की पहल पर ओंकार सेवा संस्थान द्वारा ऐसे किसानों का प्रशिक्षण कराया गया। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के बसवारकला के किसान हरिश्चंद्र चौरसिया, जमुना मौर्य , कुलदीप चौरसिया ,मोती लाल , नवल किशोर,सहित सभी बारह किसान खुंब ( मशरुम ) का स्पान ( बीज) भी लाएं है, और अगले एक सप्ताह मे खुंब की बिजाई शुरू करेंगे। वहीं अमानीगंज के किसान श्रीकृष्ण दुबे, सीताराम यादव और सत्येंद्र मिश्र भी खुंब का बीज पाँच पाँच किलो साथ लाए हैं,और खुंब की खेती को लेकर काफी उत्साहित हैं। किसानों ने डी.डी.एम. कमलेश यादव को ऐसा अनोखा प्रशिक्षण कराने के लिए धन्यवाद ज्ञपित किया है। भ्रमण दल मे विवेक सिंह ,क्रांती कुमार सिंह, हिमांशु सिंह,उत्सव सिंह( नेता जी) 'हरिश्चंद्र चौरसिया, जमुना मौर्य , कुलदीप कुमार चौरसिया , सच्चिदानंद तिवारी,अशोक कुमार चौरसिया सहित कई किसान उपस्थित रहे।

# हापुड़ कांड को लेकर अधिवक्ताओं ने लोक अदालत का किया बहिष्कार, 11 को रहेंगे न्यायिक कार्य से विरत

बिसौली आई एम खान। हापुड़ कांड के विरोध में सिविल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने शनिवार को मुंसिफ कोर्ट परिसर में आयोजित लोक अदालत का बहिष्कार किया। बार एसोसिएशन की बैठक में उक्त प्रस्ताव पारित किया गया। अध्यक्ष योगेश भारद्वाज ने कहा कि हापुड़ कांड में सूबे की सरकार ने अभी तक सख्त कदम नहीं उठाया है। यहां तक कि किसी अधिकारी को हटाया तक नहीं गया है। श्री भारद्वाज ने कहा कि एसोसिएशन सरकार व पुलिस के इस कृत्य की निंदा करती है। एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एक स्वर में लोक अदालत के बहिष्कार सम्बंधित प्रस्ताव को पारित किया। श्री भारद्वाज ने बताया कि आगामी 11 सितंबर को बार काउंसिल के आह्वान पर सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

## कोतवाली पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में चार लोगों को किया गिरफ्तार

बिसौली आई एम खान। कोतवाली पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला के मुताबिक पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने वाले गांव मुसियानगला निवासी गौरव पुत्र माखनलाल, गोलू उर्फ सूर्यप्रकाश पुत्र अनिल कुमार गांव ललुआ नगला निवासी शिव कुमार पुत्र नरेन्द्र सिंह व गांव बरखेड़ा निवासी धर्मेंद्र पुत्र ओमेंद्र को धारा 151/107/116 के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया। सभी को उपजिलामजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया है।

## एसडीएम व सीओ ने किया शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण

बिसौली आई एम खान। एसडीएम कल्पना जायसवाल व सीओ सुनील कुमार ने आबकारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह के साथ शराब की



दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने दुकानों में रखे स्टाक व रिकार्ड का बारीकी से मिलान किया। एसडीएम ने कार्यरत कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी तरह की शि-ाकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सबसे पहले अधिकारियों ने हाईवे स्थित देशी शराब की दुकान पर छापा मारा। यहां सब कुछ ओके मिला। इसके बाद पुरानी टंकी के समीप स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर अधिकारियों ने बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानों पर हड़कंप मच गया।

# ईवीएम के खिलाफ जनहित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार,

**दैनिक समाज जागरण**

**09 सितम्बर 2023 लखनऊ।**

भारत निर्वाचन आयोग ने ईवीएम / वीवीपीएटी से संबंधित एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स बनाम भारत निर्वाचन आयोग [डब्ल्यूपीसी संख्या 434 / 2023] के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में एक विस्तृत हलफनामा दायर किया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने मामले की सुनवाई करते हुए टिप्पणी की कि ईवीएम से संबंधित मुद्दों को बार-बार उठाया जा रहा है और याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण इस याचिका के साथ अत्यधिक संदेह में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हर साल इस तरह की याचिकाएं दायर की जा रही हैं। माननीय न्यायाधीश ने कहा, "ईसीआई ने एक विस्तृत जवाबी हलफनामा दायर किया है। प्रशांत भूषण जी, इस मुद्दे को कितनी बार उठाया जाएगा? हर 6-8 महीने में इस मुद्दे को नए सिरे से उठाया जाता है।

न्यायमूर्ति खन्ना ने आगे टिप्पणी की कि उन्होंने ईसीआई की ओर से दायर जवाबी हलफनामे का अध्ययन किया है और इसकी जांच करने के बाद, उन्हें मामले को जल्द सूचीबद्ध करने की कोई आवश्यकता नहीं दिखी। प्रशांत भूषण ने जोर देकर कहा कि ईसीआई द्वारा दायर जवाबी हलफनामे में गलत बयान हैं और मामले को दो सप्ताह बाद सूचीबद्ध किया जाना चाहिए, लेकिन न्यायमूर्ति खन्ना ने पाया ईसीआई द्वारा दायर सीए बहुत विस्तृत था, जिसके बाद इसे अस्वीकार कर दिया गया। याचिकाकर्ता को अब प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है और मामले की सुनवाई नवंबर में होगी।

इससे पहले, विभिन्न माननीय उच्च न्यायालयों ने भी ईवीएम की विश्वसनीयता पर संदेह जताने वाली याचिकाओं को जनहित याचिकाओं (पीआईएल) के बजाय "प्रचार हित याचिकाओं" के रूप में उद्धृत करते हुए दंडित किया था। हाल ही में, यह याद किया जा सकता है कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने मजबूत और पारदर्शी एफएलसी प्रक्रिया में विश्वास व्यक्त करते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की एक याचिका को भी खारिज कर दिया, जिसमें 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एनसीआर में ईवीएम और वीवीपीएटी के लिए चल रहे एफएलसी को समाप्त करने और फिर से शुरू करने की मांग की गई थी। अदालत ने डीपीसीसी के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, "एफएलसी प्रक्रिया में भाग लेने से बचना और बाद में उसी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना याचिकाकर्ता की अच्छी छवि प्रस्तुत नहीं करता है" ।

अपने हलफनामे में, ईसीआई ने उल्लेख किया कि वर्तमान याचिका अस्पष्ट और आधार हीन आधार होने के साथ और पर्याप्त साक्ष्य प्रदान किए बिना ईवीएम / वीवीपीएटी के काम-काज पर संदेह करने का एक और प्रयास है और इसी तरह की याचिकाओं की उम्मीद 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले की जा रही है। आयोग के हर दौर से पहले इस तरह की प्रथा देखी है। मतदाताओं के मन में संदेह पैदा करने के लिए ईवीएम के इर्द-गिर्द एक नकली कहानी बनाने और ईवीएम की विश्वसनीयता की उपेक्षा करने का दुर्भावनापूर्ण इरादा है। आयोग ने अपने हलफनामे में इस बात पर जोर दिया कि किसी भी चुनाव प्रणाली की असली परीक्षा चुनाव परिणामों में लोगों की इच्छा का ईमानदारी से अनुवाद करना है। इस तथ्य के अलावा कि ईवीएम ने इन वर्षों में लोगों के जनादेश को ईमानदारी से प्रतिबिंबित किया है, संवैधानिक न्यायालयों (माननीय सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के समक्ष दायर पच्चीस से अधिक ऐसे मामलों में) ने भी हमेशा भारतीय चुनावों में ईवीएम के



उपयोग और इसकी विश्वसनीयता को बरकरार रखा है। चुनाव प्रणाली (2004 के बाद) में ईवीएम की शुरूआत के बाद से, अधिकतम सीटें पाने वाली पार्टी विधानसभा चुनावों में 44 बार और लोकसभा चुनावों में दो बार बदल गई। एआ-ईटीसी ने ईवीएम के साथ पश्चिम बंगाल में लगातार 3 विधानसभा चुनाव जीते, आप जिसने दिल्ली में लगातार 2 विधानसभा चुनाव जीते और हाल ही में पंजाब विधानसभा चुनाव ईवीएम के साथ; सीपीआई (एम) जिसने ईवीएम के साथ केरल में लगातार 4 विधानसभा चुनाव जीते। ईवीएम की शुरूआत के बाद, सभी राजनीतिक दलों ने लोगों के जनादेश के आधार पर चुनाव जीते हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्य चुनाव आयुक्त श्री कुमार ने मीडिया से बातचीत के दौरान ईवीएम के कामकाज पर लगे आरोपों को खारिज करते हुए व्यंग्यात्मक लहजे में कहा था, 'अगर ईवीएम बोल सकती तो क्या बोलती जिसने मेरे सर पर तोहमत रखी है, मैंने उसके भी घर की लाज रखी है" ।

याचिकाकर्ता ने ईवीएम में डाले गए वोटों के साथ वीवीपीएटी पर्चियों के 100% सत्यापन का अनुरोध किया था और कानून में एक खालीपन का भी उल्लेख किया था क्योंकि मतदाता के लिए यह सत्यापित करने के लिए कोई प्रक्रिया नहीं है कि उसका वोट जैसा दर्ज है वैसा ही गिना गया है।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, ईसीआई ने सुझाव को पेपर बैलट सिस्टम पर वापस जाने के समान एक प्रतिगामी कदम के रूप में खारिज कर दिया। सभी पेपर स्लिप की गिनती में कुशल जनशक्ति और आवश्यक समय के संदर्भ में इसकी लागत होती है। इस पैमाने की मैनुअल गिनती से मानवीय भूल और शरारत की भी आशंका रहेगी। वीवीपीएटी पर्चियों की मैनुअल गिनती पेपर बैलट से भी बदतर है और इससे परिणामों में हेरफेर भी हो सकता है। इसके अलावा किसी ने भी ईवीएम के साथ छेड़छाड़ और 100 प्रतिशत वीवीपीएटी सत्यापन की मांग को चुनाव याचिका के माध्यम से चुनौती नहीं दी है।

## कहा बार-बार उठाया जा रहा मुद्दा

### सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस खन्ना ने कहा, 'याचिकाकर्ता को अत्यधिक संदेह हो रहा है'

'हर 6-8 महीने में ईवीएम का मुद्दा नए सिरे से उठाया जाता है। चुनाव आयोग का जवाबी हलफनामा बहुत विस्तृत है। याचिका पर सुनवाई की कोई तात्कालिकता नहीं है": माननीय सुप्रीम कोर्ट
हाल ही में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने मजबूत और पारदर्शी एफएलसी प्रक्रिया में विश्वास व्यक्त करते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की एक याचिका को भी खारिज कर दिया।

### उच्चतम न्यायालय की फटकार क्यूँ बार-बार EVM की निष्पक्षता पर सवाल उठाते है

उच्चतम न्यालय की फटकार 100 फीसदी वीवीपीएटी सत्यापन का विचार प्रतिगामी' है, जो पेपर बैलट सिस्टम की ओर शिफ्ट होने जैसा है
चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में विस्तृत हलफनामे में कहा वीवीपीएटी पर्चियों की मैनुअल गिनती पेपर बैलट से भी बदतर है और इससे परिणामों में हेरफेर भी हो सकता है: हलफनामा
ईवीएम के इस्तेमाल को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई

टिप्पणियों की एक श्रृंखला में, न्यायालय ने इस मुद्दे को इतनी बार उठाने की आवश्यकता पर सवाल उठाया

# सरकार के मंत्री ने विधायक आवास से किया अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ

कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत चल रहे अभियान के तहत बांसडीह विधानसभा में अमृत कलश यात्रा का शुभारभ विधायक



केतकी सिंह के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने विधायक केतकी सिंह के आवास से किया। जिसमे बांसडीह के प्रथम शहीद पंडित रामदहीन ओझा के आवास से लाई गई मिट्टी अमृत कलश में डाला गया। प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण ने कहा की यह देश सेनानियो की ही बदौलत है और हम सेनानियो के ऋण से कभी मुक्त नही हो सकते।इस मौके पर सलेमपुर लोकसभा सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा की भाजपा की सरकार ने जो कार्य आम जनता के लिये किए है वह अतुलनीय है।इस मौके पर जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू पूर्व विधायक शिवशंकर चौहान, मंडल अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा, प्रमोद सिंह, दिनेश तिवारी, सतेंद्र सिंह, सितांसू गुप्ता, मुन्ना सिंह, रंजन पांडेय, अरुण सिंह, दया राजभर सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आज मै अपने गुरू की प्रतिमा का अनावरण कर धन्य हो गया-एल जी मनोज सिन्हा

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के बाराचवर ब्लाक मुख्यालय के समीप अमर नाथ पुर्वाचल इण्टर कालेज सहजतपुर बाराचवर के प्रांगण मे काफी दिनो से बनकर तैयार पुर्व ब्लाक प्रमुख स्व.रामनाथ यादव की आदमकद प्रतिमा का अनावरण जम्मू कश्मीर के एल.जी.मनोज सिन्हा ने राज्य सभा सांसद नीरज शेखर की उपस्थिति मे शनिवार के दिन मंत्रोच्चार के बीच प्रतिमा से कपड़ा हटाकर किया,तथा शिलापट्ट से पर्दा हटाया।महामहिम ने इस अवसर पर स्व०रामनाथ यादव का स्मरण करते हुये उनकी प्रतिमा पर श्रद्वासुमन अर्पित किया।कांस्य धातु से निर्मित आदमकद मुर्ति 6 फिट ऊँची और एक टन वजनी है।इस प्रतिमा को स-ासंद नीरज शेखर ने सपा के शासन काल मे निर्मित कराया था।तब से यह प्रतिमा अनावरण के लिये किसी माननीय की प्रतिक्षा मे पाँच बर्षो से अमरनाथ इण्टर कालेज सहजतपुर बाराचवर के परिसर मे स्थापित थी । महामहिम श्री सिन्हा ने अपने उद्बोधन मे कहा की स्व.रामनाथ जी समाजवाद के अच्छे सिपाही होने के बावजूद वह हमारे अच्छे गुरु भी रहे ।अग्रेजी के अध्यापक के तौर पर उन्होंने अपने बिद्याथीर्यो को बेहतरीन शिक्षा देने मे कही कोर कसर नही छोडी। उन्होंने कभी अपने सिद्वान्तों से समझौता नही किया।शिक्षा के बदलौत ही भारत विश्वगुरु रहा है । यहाँ के लोग गुरुकुलों मे शिक्षा ग्रहण



कर जो देश के लिये काम किया उस-ाकी बदौलत भारत सोने की चिडिड्डा बना । उन्होंने बताया की भारत के कल कारखानो मे तैयार किये गये स्टील से बनी तलवार व पानी के जहाज का बिश्व मे अपना अलग पहचान थी ।शिक्षा के बदौलत ही भारत सोने की चिडिड्डा था।आज भारत विश्व की पाँचवी अर्थ



व्यवस्था है। बहुत जल्द ही यह दुनिया की तीसरी अर्थ व्यवस्था बनने जा रहा है यह हमारे देश की शिक्षानीति की ही देन है ।राजनीति मे व्यापार नही होना चाहिए जो लोग राजनीति मे व्यापार कर रहे है उन्हें देश की जनता समझ चुकी है और उन्हें मुँहतोड जबाव देने का काम कर रही है।आज हमको जो जिम्मेदारी मिली है मै आप सभी को भरोसा दिलाता हुँ कि आप का यह लाल जम्मू कश्मीर को एक सूत्र मे बाँध कर ही दम लेगा ।अंत मे मे उन्होंने कहा की स्व० रामनाथ जी हमारे शिक्षक रहे उनकी प्रतिमा का अनावरण कर हम खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। इसके लिये उन्होंने सासंद नीरज शेखर व रामनाथ जी के परिजनो को धन्यबाद ज्ञापित किया।विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सासंद नीरज शेखर ने कहा कि स्व०ब्लाक प्रमुख रामनाथ यादव की प्रतिमा को तैयार कराने के बाद अनावरण कराने के लिए काफी प्रयास किया लेकिन सफल नही रहा।इस अवसर पर मै मा०राज्यपाल महोदय का धन्यबाद देता हूं की मेरे द्वारा एक बार कहे जाने पर मेरे अनुरोध को स्वीकार किया तथा अपने व्यस्ततम समय में से समय निकालकर पुर्व स्व० प्रमुख रामनाथ जी के प्रतिमा का अनावरण किया।मै इसके लिए सदा आभारी रहूगा।आगे उन्होने कहा की कुछ लोग उनकी मुर्ति का अनावरण नही करने देना चाहते थे वे लोग आज इस कार्यक्रम मे उपस्थित नही है। इस मौके पर भाजपा के पुर्व जिलाध्यक्ष विजयशंकर राय, जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह , कृष्णबिहारी राय, विरेन्द्र राय,नरेन्द्र सिंह, पुर्व मंत्री विजय मिश्रा, प्रमुख समाजसेवी अरबिंद राय, ब्रजभूषण राय चुन्ना,बिजयशंकर राय ,श्यामराज तिवारी, सत्यदेव राय,नथुनी सिंह ,कृष्णानंद राय ,पुर्व बिधायक कालीचरण राज भर ,अंगद यादव,बब्बन यादव,कौशल सिंह,वासुदेव पाण्डेय,कमलेश यादव, हिमांशु राय प्रबन्धक जय बजरंग आई टी आई लट्ठूडीह, श्रीमती चंदा यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख मुहम्मदाबाद, राजेन्द्र यादव,कृपाशंकर सिंह,विक्की तिवारी ,टुनटुन सिंह, सत्यदेव सिंह,रामकृत राजभर,अशोक यादव,उमेश सिंह,श्रीप्रकाश राय,राजू सिंह, विवेक सिंह सौरभ समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता पुर्व विधायक बिरेन्द्र सिंह ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन सयुक्त रूप से डा०सानन्द सिंह व कमलेश यादव अरविन्द ने किया।अंत मे स्कूल के प्रधानाचार्य अमरनाथ यादव ने कार्यक्रम मे आये हुए लोगो के प्रति आभार प्रकट किया।

# गाजीपुर सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स की कार्यकारिणी का गठन

**डॉ राजेश कारकून अध्यक्ष, डॉ प्रेरणा राय उपाध्यक्ष`**

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर -सहोदय शिक्षा में उत्कृष्टता के उद्देश्य से सीबीएसई परिवार के स्कूलों के बीच विचारों के तालमेल को सुविधाजनक बनाने के लिए, एक अवधारणा जिसका शाब्दिक अर्थ 'एक साथ बढ़ना' है, वर्ष 1986 में अस्तित्व में आई। सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स पड़ोस के स्कूलों का एक समूह है जो पाठ्यक्रम डिजाइन, मूल्यांकन और शिक्षाशास्त्र सहित स्कूली शिक्षा के सभी पहलुओं में अपनी नवीन प्रथाओं को साझा करने के लिए स्वेच्छा से एक साथ आता है और शिक्षकों और छात्रों के लिए सहायता सेवाएं भी प्रदान करता



है। इसी उद्देश्य को सार्थकता प्रदान करने के प्रयास हेतु गाजीपुर सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स की कार्यकारिणी का गठन किया गया ` उक्त कार्यकारिणी मे डॉ राजेश कारकून, प्रिंसिपल माउंट लिटेरा जी स्कूल अध्यक्ष, डॉ प्रेरणा राय, प्रिंसिपल डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष रितेश मिश्रा, सचिव श्री विनय सिंह प्रिंसिपल सेंट्रल पब्लिक स्कूल , सचिव अभिषेक राय प्रिंसिपल ए के इंटरनेशनल स्कूल , श्री इकरामुल हक प्रिंसिपल शाह फैज पब्लिक स्कूल, श्रीमती अर्चना तिवारी प्रिंसिपल सनबीम स्कूल गाजीपुर एव अन्य सदस्यगण शामिल हैं अध्यक्ष डॉ राजेश कारकून ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि इस संगठन से जिले के अधिक से अधिक सीबीएसई स्कूलों को जोड़ा जा सके ताकि हम अपने गाजीपुर सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स के मुख्य उद्देश को प्राप्त कर सके` उपाध्यक्ष डॉ प्रेरणा राय ने कहा वास्तव में स्कूलों के लिए सीबीएसई बोर्ड की विभिन्न नीतियों और दिशानिदेर्शों पर विचार-विमर्श करने और गुणवत्ता के नए मानक स्थापित करने के लिए उनके कार्यान्वयन पर प्रभावी प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए सहोदया एक इंटरैक्टिव मंच है।उपस्थित सभी सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों को उनके उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं`

# गरीबों के छत के सपने को निगल रहे प्रधान, सचिव और रोजगार सेवक

**शंकर सिंह, समाज जागरण**

लक्ष्मणपुर ( बलिया) : केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना अपने मूल उद्देश्य से भटककर वसूली का साधन बनती प्रतीत हो रही है। आवास के नाम पर ग्राम प्रधान,सचिव और रोजगार सेवक की मिलीभगत से जमकर वसूली हुई है। हद तो तब हो गई जब आवास की पहली किश्त 40 हजार के मिलने पर उसमे से आधा 20 हजार की वसूली की जा रही है पैसा ना देने पर अगली किश्त ना मिलने की धमकी भी दी जा रही है। कई लाभार्थियों के तो पासबुक तक छीन लिया गया है। अब ऐसे में गरीब बेघर लोगों के छत का सपना साकार कैसे होगा। पूरा वाकया विकासखंड सोहांव के ग्राम सभा कारों का है जहां वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 62 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित किया गया है। इन लाभार्थियों से बातचीत करने पर पता चलता है की आवास की पहली किस्त आते ही ग्राम प्रधान और उनकी पूरी मंडली पैसों के लिए घर पर दौड़ना शुरू कर देती है और प्रति लाभार्थी ₹20000 की मांग की जाती है लाभार्थियों द्वारा आनाकानी करने पर उन्हें अगली किस्त रोक देने की धमकी भी दी जाती है मजबूरन लाभार्थी पैसे देने को मजबूर हो जाते हैं। आवास योजना से लाभान्वित लाभार्थियों से बातचीत के दौरान यह भी पता चला की ग्राम सभा के सचिव महोदय कभी भी ग्राम सभा में दर्शन नहीं देते और जरूरी कागजात जैसे जन्म प्रमाण पत्र,मृत्यु प्रमाण पत्र और परिवार रजिस्टर की नकल आदि चितबड़ागांव स्थित जनसेवा केंद्र से होता है और इसके एवज में उनसे पैसे भी वसूलें जाते है। अब ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है की इतनी वसूली के बाद गरीब आदमी अपनी छत का सपना कैसे पूरा करेगा।मजेदार तथ्य यह भी है की पूरे गांव में वसूली का खेल जारी है और गांव के सचिव देवानंद गिरी को इस बात की भनक भी नही लगती है।पूरा सरकारी तंत्र इस वसूली के आगे या तो फेल हो जाता है या फिर कही ना कही इस गोरखधंधे में सम्मिलित हो सकते है। पूरे प्रकरण में ग्राम प्रधान संजीव कुमार चुनमुन का कहना है कि गांव के लाभार्थियों द्वारा लगाया गया आरोप निराधार और बेबुनीयाद है। जबकि इस मसले पर ग्राम सभा के सचिव और ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी पंचायत देवानंद गिरी ने बताया की मुझे इस बात की जानकारी नहीं है।अगर इस तरह की वसूली हुई है तो नियमानुसार जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।साथ ही खंड विकास अधिकारी शिवांकित वर्मा से बात करने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा बताया गया की बलिया मीटिंग में हूं सोमवार को कार्यालय पहुंचने पर बात करेंगे।

# चौकियां धाम के तालाब में तड़प रहीं मछलियां

## क्षमता से अधिक मछली होने और पानी कम होने से हुई यह स्थिति

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ**

चौकियां धाम, जौनपुर। मां शीतला चौकियां धाम के बगल में स्थित तालाब में शनिवार सुबह हजारों की संख्या में मछलियां तड़पने लगीं। स्थिति यह हो गयी कि मछलियां पानी के सतह एवं सीढ़ियों पर आ गईं। मौके पर पहुंचे नगर पालिका परिषद के क्षेत्रीय सुपरवाइजर राकेश ने पूरे तालाब में चूने का छिड़काव करवाया। साथ ही सफाई भी शुरू करवा दिया। इतना ही नहीं, चूने के छिड़काव के बाद जलकल से तालाब में ताजा पानी भी छोड़ा गया। ज्ञात हो कि वर्तमान में तालाब में क्षमता से ज्यादा मछलियां हैं जिसके कारण पूर्व में हुए बरसात के पानी से तालाब के पानी का तापमान अधिक होने से मछलियां तड़प रही हैं। सतह के ऊपर सीढ़ियों कर बदहवास हालत से गम्भीर स्थिति उत्पन्न हो गयी। देखा गया कि कई मछलियां



तो मृतावस्था में पड़ी हैं जिसे सफाई कर्मचारी द्वारा तालाब से बाहर निकाला गया। वहीं क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि तालाब की मछलियों को मत्स्य विभाग द्वारा यहां से निकालकर नदी में छोड़ दिया जाय जिससे तालाब में कम मछलियां होने से स्थिति भी ठीक हो जायेगी। लोगों ने मत्स्य विभाग से अपील किया कि स्थिति को देखते हुये शीघ्र ही मछलियों के रख–रखाव को लेकर ध्यान दें, अन्यथा आने वाले दिनों में कई हजार मछलियां तड़पकर मर जायेंगी। साथ ही इसके बदबू एवं दुर्गंध से क्षेत्र में संक्रमण फैल सकता है। जिला प्रशासन एवं मत्स्य विभाग शीघ्र ही इस मामले को संज्ञान में ले जिससे आने वाले दिनों में तालाब की मछलियां सुरक्षित रहें। देखा गया कि सुरेन्द्र माली, राहुल मोदनवाल, मोनी पंडा, अनिल साहू, मोहित जायसवाल एडवोकेट, प्रमेश माली सहित तमाम लोग तालाब के किनारे मौजूद रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने सरकार पर बोला हमला

**कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार की नाकामी को जनता के बीच ले जाने के प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर शुक्रवार को कांग्रेस के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक व कांग्रेस नेता विद्याशंकर पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता कर केंद्र सरकार की नीतियों पर जोरदार हमला बोला गया। वार्ता के दौरान बीते दिनों गैस सिलेंडर की कीमतों में दो सौ रुपए कम करने के केंद्र सरकार के फैसले पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब कहीं उपचुनाव आते हैं तो केंद्र की सरकार जनता के बीच कुछ लोकलुभावन चीजें फेंकती है। ऐसे में बीते कुछ वर्षों में तीन गुने हो



चुकी गैस की कीमतों में दो सौ रुपये की कमी कर सरकार महंगाई के वास्तविक मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाने में लगी है। जबकि आमजन की रसोई में बड़े पैमाने पर महंगाई का असर बना हुआ है। टमाटर से लेकर सब्जी व मसालों की कीमतें लोगों को रुला रही है। पेट्रोल डीजल से लेकर अन्य रोजमर्रा की जरूरतें आसमान छू रहीं हैं । सरकारी कार्यालय थाने तहसील भ्रष्टाचार के अड्डे बने हुए हैं। इनपर सरकार द्वारा कोई अंकुश नही लगाया जा रहा है। इसे लेकर कांग्रेस नेतृत्व ने आन जनता को यह याद दिलाना शुरू कर दिया है कि अच्छे दिनों की कल्पनाओं में खोकर हमारा वर्तमान भी नष्ट हो रहा है। सरकार के काला धन वापस लाने और स्विस बैंकों के खाताधारकों के नाम उजागर करने का वादा अब ठंडे बस्ते में जा चुका है।मौजूदा सरकार की महंगाई कम करने की नीति और नीयत दोनों संदेह के घेरे में हैं। इसी क्रम में कांग्रेस नेता विद्या शंकर पांडे ने कहा कि जिन प्रदेशों में कांग्रेस की सरकार है वहां कांग्रेस ने अपने चुनावी वायदों को तय समय में पूरा किया है। चाहे पुरानी पेंशन बहाल करने का मामला हो या किसानों की कर्जमाफी कांग्रेस ने जनता से किये अपने सभी वायदे पूरे किये हैं। इस दौरान। रामेश्वर तिवारी, दिग्विजय सिंह छोटू, मुखिया पांडे, गुड्डू पांडे, आदि कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में जन्मजात कटे होठ एवं तालु के मासूमों का इलाज

**-निःशुल्क आपरेशन शिविर**

**-जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया उद्घाटन और प्रतिभाग**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने जिला अस्पताल (पुरुष) में जन्मजात बच्चों के कटे होठ एवं तालु के निःशुल्क आपरेशन, परीक्षण एवं पंजीकरण हेतु लगे शिविर में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया और फीता काटकर शिविर का उद्घाटन भी किया। यह शिविर स्माइल ट्रेन संस्था द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया था। यहां जिलाधिकारी एवं



पुलिस अधीक्षक द्वारा कमजोर बच्चों को पोषण के लिए खाद्य सामग्री किट का वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने जीएस मेमोरियल ट्रस्ट वाराणसी के डॉक्टर सुबोध कुमार सिंह एवं उनकी पूरी टीम को इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि बलिया जैसे दूर-दराज के जिले में शिविर लगाकर बच्चों का मुफ्त में इलाज करना और छोटे कमजोर बच्चों को पोषण के लिए जरूरी खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना बड़े सौभाग्य की बात है। कहा कि जनपद के बहुत से माता-पिता बच्चों में इस प्रकार की समस्या को लेकर चिंतित रहते थे, उन्हें इस चिंता से निजात मिल सकेगी और इलाज के बाद उनका भी बच्चा दूसरे बच्चों की तरह सामान्य हो जाएगा। उन्होंने डॉक्टर साहब का आभार जताया और जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। डॉक्टर सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि यह सुविधा लगातार निःशुल्क कैंप के बाद भी मिलती रहेगी। पहले कभी भी हुए ऑपरेशन जैसे होंठ पर निशान, तालु में छेद, कटे मसूड़े, नाक एवं आवाज में सुधार लाने वाले बच्चों का भी मुफ्त इलाज होगा। कहा कि बलिया में लगभग 1000 बच्चों को हमने आपरेशन किया है। छोटे कमजोर बच्चों को पोषण की कमी को पूरा करने के लिए खाद्य सामग्री किट वितरण की जा रही है। उन्होंने वहां उपस्थित माता पिता से कहा कि हम लोग आपकी मदद के लिए हमेशा तत्पर है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. जयंत कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं स्माॅइल ट्रेन संस्था के डॉक्टर एवं उनकी पूरी टीम और बच्चों के अभिभावक मौजूद थे।

# शहीदों को नमन करते हुए द मर्सी क्लब के लोगों ने किया प्रण

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ**

जौनपुर। प्रांतीय अध्यक्ष एजाज हाशमी के आह्वान पर द मर्सी क्लब के सदस्यों ने शहर के हमाम घाट पर सरकार की मंशानुरूप चलाए जा रहे कार्यक्रम का अनुपालन किया। वरिष्ठ सदस्य शिक्षक कलीम सिद्दीकी की अध्यक्षता में हुये कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि "मेरा माटी मेरा देश" का अभियान अनवरत 13 सितंबर तक चलेगा। "मेरा माटी मेरा देश" अभियान राष्ट्र जागरण का अभियान है जिसके



अंतर्गत हम सभी को अपनी मिट्टी अपनी वसुंधरा का वंदन करते हुए देश के वीरों को नमन करना है और उनके सम्मान में हमें एक वृक्ष लगाकर अमृत वाटिका को सजाने का काम करना है। घर–घर जाकर एक चुटकी चावल अमृत कलश में संग्रह कर विकसित भारत के निर्माण के लिए पंच प्रण का संकल्प लेना है। मीडिया प्रभारी रियाजुल हक ने कहा कि यह कार्यक्रम शुद्ध रूप से सरकारी कार्यक्रम है। सभी को बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद खालिक मंसूरी ने किया। कार्यक्रम का समापन नगर अध्यक्ष अब्दुल सलाम ने किया। इस अवसर पर शमीमुल हसन, अजय दुबे, रितेश श्रीवास्तव, आफताब सिद्दीकी, मुस्तकिम अहमद, मनोज सेठ, जितेन्द्र, राजेश, फिरोज अहमद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# समझौते के लिए झुकना उचित है टूटना नहीं - फादर पी विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

**अर्द्धवार्षिक परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु बैठक**

सेंट जॉन्स स्कूल,सिद्दीकपुर, जौनपुर की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएँ 11 सितंबर से प्रारंभ हो रही हैं जिसमें लगभग 22 सौ विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।परीक्षा के पूर्व प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने शिक्षकों के साथ बैठक की और परीक्षा के कुशल संचालन हेतु अध्यापक-अध्यापिकाओं को निर्देशित किया।



बैठक की शुरूआत ईश-प्रार्थना से हुई।अध्यापिका जया मिश्रा एवं सिस्टर सावरी के नेतृत्त्व में शिक्षकों ने ईश्वर की वंदना की।प्रियंका श्रीवास्तव ने मिनट्स टू मिनट्स में पिछली बैठक के मुख्य बिन्दुओं का वाचन किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने स्वर्गीय विशप पैट्रिक डिसूजा के प्रसंग को साझा करते हुए कहा कि हर व्यक्ति महत्त्वपूर्ण है और उसका खयाल रखा जाना चाहिए।विद्यालय का प्रत्येक विद्यार्थी हमारे लिए महत्वपूर्ण है और हम सबके द्वारा उनका खयाल रखा जाना चाहिए।फादर ने कहा कि समाज में रिश्तों को बनाए रखने के लिए कभी कभी झुकना पड़ता है पर ध्यान रहे कि हम झुकें पर टूटे नहीं।हमें चाहिए कि हम दूसरों की भावनाओं की कद्र करें और मानवता के प्रति समर्पित रहें तभी शिक्षक की भूमिका निभा पाएँगे।

# हर रोज लें संकल्प, करें पूरा, जरूर मिलेगी सफलता : असीम अरूण

**-युवा संवाद**

**-टीडी कालेज में युवा संवाद कार्यक्रम में छात्रों से समाज कल्याण मंत्री की बातचीत**

**-सरकारी सेवा, उद्यमिता सहित कई क्षेत्र में सफलता के दिए बहुत ही अहम टिप्स**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण शनिवार को जनपद भ्रमण के दौरान अपना अधिकांश समय छात्र-छात्राओं को दिया। उन्होंने टीडी कालेज में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ बातचीत की और उनको सफलता के तमाम टिप्स दिये। पढ़ाई व सफलता से जुड़े उनके सवालों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। पूर्व वरिष्ठ आईपीएस व मंत्री को एक अभिभावक के रूप में अपने साथ पाकर छात्र-छात्रा भी काफी उत्साहित दिखे। मंत्री श्री अरूण ने कहा कि आज तमाम युवाओं का रूझान



प्रतियोगी परीक्षाओं को पास कर सरकारी सेवाओं में जाने का है। यह अच्छी बात है, पर शत प्रतिशत बच्चे इसमें सफल नहीं हो सकते। ऐसे में उद्यमिता भी उनके लिए अच्छा विकल्प है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी व सीएम योगी की सरकार ने तरक्की के तमाम रास्तों को खोला है। शिक्षा, कौशल विकास व उद्यमिता को विकसित करने के लिए सरकार योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है। युवाओं से कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की वेबसाईट पर जाकर अपने सुझाव जरूर दें। अगर कोई कमी होगी तो उसे भी पूरा किया जाएगा। संचालन कला शिक्षक इफ्तिखार खाँ ने किया। प्राचार्य सहित पूरा महाविद्यालय स्टाफ मौजूद थे।

**काम सच्चा व पक्का हो तो जरूरी मिलेगी सफलता**

मंत्री ने युवाओं से कहा कि जिस क्षेत्र में आपकी रूचि हो, उस क्षेत्र में सच्चा व पक्का काम होगा तो सफलता जरूरी मिलेगी। सच्चा, यानि ईमानदारी से तथा पक्का, यानि योजना बनाकर परिपूर्ण ढ़ंग से तैयारी करें तो बेहतर परिणाम आपके सामने होगा। यह भी कहा कि चाहे पढ़ाई हो, यातायात हो या सामाजिक जीवन, सबमें अनुशासन व कानून का अनुपालन अनिवार्य है।

**माता-पिता व धरती मां की सेवा भी आपके संकल्पों में हो शामिल**


मंत्री असीम अरूण ने युवाओं से कहा कि अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसे पूरा करने के लिए हर रोज सुबह संकल्प लें कि आज क्या करना है, और सोने से पहले तक उसे पूरा करें। धरती मां की सेवा, यानि पर्यावरण संरक्षण और माता-पिता का सम्मान व सेवा भी आपके संकल्पों में जरूर शामिल हो। इससे आपको शांति व सुकून की अनुभूति होगी और इसका फायदा आपको पढ़ाई में भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि ऑनलाईन पढ़ाई से शिक्षा में अवसर की समानता सबको मिली है। वहां दुनिया के अच्छे से अच्छे अध्यापक मिल रहे है। यह सुखद परिवर्तन है। खासकर छोटी नगरों में बेहतर शिक्षा की चुनौती थी, जो इससे दूर हुई है। आज गांव में रहकर युवा लाखों के पैकेज की नौकरी कर रहे हैं।

# पूर्व सांसद धनन्जय सिंह व एमएलसी बृजेश सिंह "प्रिंसू" ने 'द जौनपुर ब्रेकर्स' का किया उद्घाटन

## जनपदवासियों के भारी मांग के चलते खुली दूसरी शाखा : रत्नेश व साजन

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ**

जौनपुर। जिले की बेहतरीन एवं विश्वसनीय प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान द जौनपुर ब्रेकर्स की एक और शाखा खुल गयी। यह शाखा नगर के टीडीपीजी कालेज निकट पुलिस चौकी के बगल में खुली है। इस प्रतिष्ठान का उद्घाटन पूर्व सांसद धनन्जय सिंह व विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह ने फीता काटकर किया। द जौनपुर ब्रेकर्स प्रतिष्ठान के संचालक रत्नेश शर्मा एवं




साजन शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए हमारे प्रतिष्ठान में शुद्ध शाकाहारी केक, पिज्जा, बर्गर, पेस्ट्री समेत अन्य उत्पाद निर्मित कर गुणवत्ता पर ध्यान रखते हुए विशेष प्रकार से तैयार किया जाता है। जनपदवासियों का हमारे प्रतिष्ठान के प्रति गुणवत्ता एवं स्वाद के साथ प्रेम और विश्वास को देखते हुये दूसरी प्रतिष्ठान का शुभारम्भ किया गया है। इस अवसर पर तमाम गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

# अन्तर जनपदीय स्थानान्तरित शिक्षकों का वेतन अभिलंब जारी हो : अमित सिंह

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ**

जौनपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल से पत्र देकर अंतर्जनपदीय स्थानांतरित शिक्षकों का वेतन जारी करने की मांग किया। इस संदर्भ में श्री सिंह ने इन शिक्षकों की समस्याओं से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक को अवगत कराते हुए कई अन्य जनपदों में वेतन आदेश जारी होने का हवाला देते हुए अविलम्ब वेतन जारी करने की कहा। ज्ञात हो कि जनपद में 700 से अधिक शिक्षक/शिक्षिकाएं स्थानान्तरित होकर 2 जुलाई 2023 तक जनपद में कार्यभार ग्रहण कर चुके हैं। स्थानांतरण के फलस्वरूप शिक्षकों को लगभग



2 माह से वेतन बाधित होने से बैंक लोन ईएमआई व घरेलू खर्च, बीमारी सहित अन्य आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है जबकि प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक अधिकांश शिक्षकों के एलपीसी सर्विस बुक तक पूर्व जनपद से आया नहीं है तथा इसके लिये आपके कार्यालय द्वारा और वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय द्वारा किसी पहल की सूचना प्राप्त नहीं हुई है जिससे स्थानांतरित शिक्षकों के मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन सेवा संबंधी पत्रावली का स्थानांतरण,

# तेजी से मवेशियों में पांव पसार रही लम्पी बीमारी

**डीके पांडेय, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : क्षेत्र में तेजी से पांव पसार रहे लम्पी बीमारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा विकास खंडवार पशु चिकित्सकों की टीम तैयार की गई है। यह टीम गांव-गांव घूम कर गोवंशीय पशुओं की लंबी बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण करेगी। इसकी जानकारी देते हुए डॉ बीएन पाठक ने बताया कि 8 सितंबर से टीकाकरण अभियान की शुरूआत हो चुका है। जो 28 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान गांव-गांव घूम कर स्वास्थ्य विभाग की टीम गोवंशीय पशुओं का टीकाकरण करेगी। उन्होने पशुपालकों से सरकारी पशुअसपताल से इलाज कराने को कहा। जिससे पशुओ को कारगर दवा मिल सके।

# तीन मामलों में दो का हुआ निस्तारण

गड़वार (बलिया) : स्थानीय थाना प्रांगण में प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।
इस दौरान कुल तीन राजस्व संबंधी मामले के निस्तारण के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए जिसमें से दो मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष एक मामले के निपटारे के लिए मौके पर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम भेजी गई। इस दौरान क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रह

# बीजेपी कांग्रेस से 4-4 चेहरे अनूपपुर विधानसभा में कर रहे दावेदारी

**समाज जागरण**

विजय तिवारी अनूपपुर। आगामी चुनाव के मद्देनजर नेताओं की दौड़ अपने क्षेत्रों में बढ़ गई है इन बढ़ी दौड़ों में वर्तमान विधायक के साथ टिकट की दावेदारी करने वाले नेताओं की भी भीड़ क्षेत्रों का भ्रमण कर रही है, धार्मिक आयोजनों, पारिवारिक कार्यक्रम, संगठनात्मक बैठक सहित किसी भी बहाने से विधायक का सपना संजोने वाले मतदाताओं से मिलने का अवसर नही छोड़ रहे साथ ही शोसल मीडिया के माध्यम से खुद का प्रचार करते देखे जा सकते हैं, वैसे तो टिकट की मनसा संजोने वालों की एक लंबी फेहरिस्त है किन्तु जो चेहरे ज्यादा चमकदार दिखाई दे रहे हैं वे दोनों ही दलों में तीन-तीन की संख्या में बने हुये हैं, कांग्रेस से बीजेपी में गये बिसाहूलाल जो वर्तमान में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री हैं के साथ पूर्व विधायक व कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल व जिला अध्यक्ष रामदास पुरी भारतीय जनता पार्टी से सबसे सक्रिय उमीदवार माने जा रहे हैं, बिसाहूलाल सिंह की उम्र 70 से अधिक हो चुकी है वहीं रामलाल रौतेल पर भी पार्टी दाव लगा सकती हैं वहीं रामदास पुरी जो दोबारा जिला अध्यक्ष बनाये गये है कि छवि अभी तक बेदाग दिखाई पड़ती है इनके अलावा महिलाओं में गुड़िया रातेल भी टिकट की दावेदार मानी जा रही है जो कि भाजपा के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुकी है। इधर कांग्रेस से टिकट की दावेदारी कर रहे तीनों ही चेहरे राजनीति के उतने मजे चेहरे नही है जितने कि बीजेपी में दिखाई पड़ते हैं किन्तु बात यदि शैक्षणिक स्तर की कि जाये तो निश्चय ही राज्य प्रशासनिक अधिकारी से राजनीति में आये रमेश सिंह अन्य पर भारी हैं वहीं विश्वनाथ सिंह को एक बार चुनाव लडड्डे का अनुभव है वहीं राजीव सिंह सबसे युवा नेता की छवि लिये हुये हैं ऐसे में दोनो ही दल इनमें से किसे प्रत्याशी चुनता है यह तो भविष्य के गर्त मे है साथ ही इनसे परे भी उमीदवार पार्टी आलाकमान द्वारा बनाया जा सकता है। इन तीनों के अलावा चौथा नामवकील दीप सिंह का भी आ रहा है।

## दोनो लाल में कड़वाहट

अनूपपुर जिले में वर्तमान प्रदेश सरकार के दो कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नेता निवासरत हैं जिनमें कांग्रेस से भारतीय जनता पार्टी में आये दिगगज राजनीतिज्ञ बिसाहूलाल सिंह का नाम सर्वप्रथम आता है जो खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री पद के दायित्व में हैं वहीं हमेंशा से इनके प्रतिद्वन्दी रहे रामलाल रौतेल जिन्हे कुछ ही समय पहले कोल विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है । इन दोनों के बीच की कड़वाहट जगजाहिर है कभी रामलाल रौतेल के इर्द गिर्द ही अनूपपुर विधानसभा की राजनीति घूमा करती थी बिसाहूलाल के आते ही इन्होने एक छत्र स्थापित कर लिया और जिला संगठन मानों जमीनी कार्यकताओं को जमीन में मिलाने आमदा दिखा, रौतेल के अध्यक्ष बनते ही बिसाहूलाल से असहमत लोग रौतेल के खेमों में जुटने लगे इनसे परे रामदास पुरी जो जिला अध्यक्ष का दायित्व निभा रहे हैं उन पर प्रायः सभी की सहमति बन सकती है हालांकि यह आने वाला वक्त ही निर्धारित करेगा।

कांग्रेस से सिंह रहे दहाड़

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र की उमीदवारी करने वाले तीनों नाम के पीछे सिंह उपनाम जुड़ा हुआ है इनके नाम रमेश सिंह, विश्वनाथ सिंह व राजीव सिंह हैं तीनों ही जिला से लेकर भोपाल दिल्ली के चक्कर काट रहे हैं आलाकमान सर्वे के आधार पर टिकट वितरित करता है या किसकी चलेगी यह कहना जल्दबाजी होगी किन्तु तीनों ही सिंह उपनाम वाले दहाड़ रहे हैं और दहाड़ विपक्षी दलों से कहीं ज्यादा अपने ही खेमें के प्रतिद्वन्दियों से है मतलब यहां भी एकजुटता दिखाई नही पड़ती वर्ष 2018 में अनूपपुर जिले की तीनों विधानसभा सीटें कांग्रेस खेमें में गई थी तब चुनाव पश्चात से ही तीनों विधायकों की खटपट आंतरिक से बाह्य होती गई यदि ऐसा ही अनूपपुर विधानसभा में हुआ तो परिणाम कांग्रेस के पक्ष वाले नही कहे जायेगें।

## गुटबाजी चरम पर

आगामी विधानसभा चुनाव से पहले जितने लोग टिकट की दावेदारी करते हुये क्षेत्र भ्रमण में जुटे हैं ठीक टिकट वितरण पश्चात गुटबाजी करते दिखाई पड़ेगे क्षेत्र की जनता को ज्ञात है कि भारतीय जनता पार्टी के दो दिगगज नेता रामलाल रौतेल व बिसाहूलाल के बीच लंबी दरार है, ठीक इसी तरह से या इससे भी कहीं ज्यादा कांग्रेस खेमें-खेमें में बंटी हुई है पुष्पराजगढ़ व कोतमा विधायक अपना अलग खेमा लिये चलते हैं तो जिला अध्यक्ष रमेश सिंह एकजुट करने के प्रयास में अभी भी असफल बने हुये हैं वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल, करतार सिंह सहित अन्य कांग्रेसी नेता अलग-अलग राह चल रहे हैं कुल मिलाकर दोंनों ही दलों में गुटबाजी चरम पर दिखाई पड़ती है।

### बिसाहूलाल, रामलाल, रामदास पुरी, गुड़िया व रमेंश, विश्वनाथ व राजीव सिंह दीपा मांग रहे टिकट

दोनो ही राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों से वैसे तो टिकट मांगने वालों की कमी नही है किन्तु बनते बिगड़ते समीकरण के मद्देनजर अनूपपुर विधानसभा सीट से दोनो ही दलों के 4-4चेहरे वर्तमान में टिकट की दौड़ पर बढ़त बनाये हुये है, भारतीय जनता पार्टी से दो राज्य मंत्री टिकट की मांग कर रहे हैं इनके अलावा भारतीय जनता पार्टी आदिवासी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अमोल सिंह एवं महिला नेत्री गुड़िया रावतेल भी टिकट मांग रही है तो एक और चेहरा वर्तमान जिला अध्यक्ष का है वहीं कांग्रेस पार्टी में राज्य प्रशासनिक सेवा से बीआरएस लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बने रमेश सिंह, 2020 में हुये उपचुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी की टिकट से चुनाव लड़े विश्वनाथ सिंह व वर्तमान में जैतहरी जनपद पंचायत के अध्यक्ष राजीव सिंह मैदान में डटे हुये हैं इन तीनों के अलावा एडवोकेट दीप सिंह कांग्रेस से दावेदारी कर रहे हैं जो कि जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़की की है लेकिन उन्हें पराजय का मुंह देखना पड़ा था जैसे-जैसे समय पास आ रहा है वैसे-वैसे दावेदारों की संख्या बढ़ती जा रही है।

## भितरघात से निपटना चुनौती

भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस पार्टी आगामी चुनाव में अपनी प्रतिद्वन्दी पार्टी से कहीं ज्यादा भितरघात का शिकार होगें जिसकी बानगी खेमों में बंटे नेताओं के रूप में देखा जा सकता है यदि भारतीय जनता पार्टी से बिसाहूलाल या उसके समर्थित को प्रत्याशी बनाया जाता है तब रामलाल रौतेल का खेमा हराने का प्रयास कर सकता है और यदि इसके उलट हुआ तो भी दूसरा खेमा पहले को भितरघात ही देगा यही हाल कांग्रेस पार्टी में भी देखेने को मिलेगा, कुल मिलाकर प्रतिद्वन्दी पार्टी से एकजुट हो लडड्डे की बजाय अपने ही खेमें से लडड्डा दोनों ही पार्टी प्रत्याशियों के लिये बड़ी चुनौती साबित होगी चयनित प्रत्याशी इससे कैसे निपट पायेगें यह तो वे ही जाने किन्तु राजनीति से जुड़े जानकार बता रहे हैं कि गुटबाजी की वजह से भितरघात का खतरा दोनों ही दलों में बढ़ा हुआ है जिससे निपटना चुनौती पूर्ण रहेगा।

# पीसीसी को भ्रामक जानकारी देकर सिंह साहब टिकट की कर रहे दावेदारी

**समाज जागरण**

कोतमा । आगामी विधानसभा चुनाव की जल्द ही अधिसूचना जारी होने की संभावना को देखते हुए सभी राजनीतिक पार्टियों के भावी उम्मीदवार अपने- अपने अकाओ को प्रसन्न करने के लिए भोपाल से दिल्ली तक की दौड़ लगाने की जुगत भिड़ा रहे हैं। शहडोल संसदीय क्षेत्र की कोतमा एकमात्र विधानसभा सीट सामान्य होने से पूरे संभागीय क्षेत्र के बाहुबल, धनबल एवं जनबल के माध्यम से कांग्रेस पार्टी से टिकट की जुगत भिड़ाने में लगे हुए हैं।

## निवास कही वोटरलिस्ट में नाम कही

धन बल के दम पर कांग्रेस पार्टी से टिकट की चाह रखने वाले नागेंद्र नाथ सिंह जो मुख्य रूप से शहडोल निवास कर अपना व्यवसाय करते हैं किंतु विधानसभा चुनाव लड़ने की चाह रखते हुए अपना नाम नगर पंचायत बनगवा के वार्ड क्रमांक 15 शांति नगर राजनगर में एक कॉलरी के मकान में स्थाई निवासी बता कर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराया गया और कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष को विश्वास में लेकर इस भ्रामक जानकारी को अनुशंसा करवरकर पीसीसी में बताया गया जबकि माननीय कोतमा रोड बिजुरी में नीलेश अग्रवाल (राजा अग्रवाल) पिता स्वर्गीय दशरथ अग्रवाल के मकान को किराएमें अस्थाई रूप से लेकर निवास कर रहे हैं। पूर्व में भी कांग्रेस के हार का कारण बने नागेंद्र नाथकांग्रेस पार्टी से विधानसभा टिकट की मांग कर रहे नागेंद्र नाथ सिंह 2008 में भी उमा भारती की पार्टी भारतीय जनशक्ति पार्टी चुनाव चिन्ह नगाड़ा से भी कोतमा विधानसभा सीट से अपना भाग्य आजमा चुके श्री सिंह कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी मनोज अग्रवाल के हार का कारण बने थे मनोज अग्रवाल अपने निकटतम प्रत्याशी से लगभग 1500 वोटो से चुनाव हार गए थे जबकि नागेंद्र नाथ सिंह को 4700 वोट के लगभग प्राप्त हुए थे। अब देखना यह है कि कांग्रेस पार्टी अपना प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी की जड़ों में मट्ठा डालने वालों पर विश्वास करती है अथवा कांग्रेस पार्टी पर सच्ची निष्ठावान कार्यकर्ता को अपना प्रत्याशी घोषित करती है।

# पैक्स यूनियन ने निकाली तिरंगा यात्रा

**समाज जागरण**

शहडोल मध्य प्रदेश सहकारी पैक्स यूनियन द्वारा बीते 16 अगस्त से लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है और इन सहकारी समितियां के कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को तिरंगा यात्रा निकालकर विरोध जताया गया। समितियां के हड़ताल के कारण 23 दिनों से राशन की दुकानों में ताला लटक रहा है जिसके कारण लोगों को राशन सामग्री भी नहीं मिल पा रही है और त्योहारों के मौसम में भी उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है और उन्हें भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है। शहडोल जिले में लगभग 8 लाख राशन उपभोक्ता है और लगभग साढे चार सौ राशन की दुकानें हैं जिसमें से 350 राशन दुकानों का संचालन सहकारी समितियां द्वारा किया जाता है और बाकी दुकानों का संचालन सहायता समूह के द्वारा किया जाता है। सरकारी समितियां के द्वारा बीते 16 अगस्त से मध्य प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के बैनर के तले प्रदेश स्तर पर हड़ताल किया जा रहा है जिसका असर शहडोल संभाग के तीनों जिले में हो रहा है तीन मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल चल रही है जिसमें वेतन बढ़ोतरी प्रमुख है हार्टली कर्मचारियों का मानना है की कदर भारती वेतनमान और तीसरे कोरोना कल में रजिस्टर में बांटा गया अनाज मशीन में दर्ज करने की मांग को लेकर शासन से आर पार की लड़ाई लड़ी जा रही है। विक्रेताओं को अभी 7700 और कनिष्ठ विक्रेताओं को ड्6000 प्रतिमा मानदेय मिल रहा है इस मंडे से विक्रेता संतुष्ट है हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि हमारा भी परिवार है 6 से 7000 में परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो रहा है। मांगे पूरी न होने तक हड़ताल पर हम डटे रहेंगे। पैक्स यूनियन के अभयानंद पांडे आनंद त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी के नेतृत्व में यह आंदोलन शहडोल जिले में लगातार जारी है।

# मानवता हुई शर्मसार: अंतिम संस्कार के लिए शव वाहन की जगह परिजनों को थमा दी कचरा गाड़ी

शहडोल मध्यप्रदेश के शहडोल जिले से मानवता को शर्मसार कर देने वाला एक मामला सामने आया है। जहां अंतिम संस्कार के लिए शव वाहन उपलब्ध नहीं हो सका तो कचरा गाड़ी पर मृतकों के शवों को ले जाना पड़ा। घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है।आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गांव के तीन लोगों की मौत हो गई थी। जिले के अमलाई थाना क्षेत्र के बकहो नगरपरिषद के बगल में स्थित मंगली बजारा हाट में शुक्रवार को हो रही बारिश के दौरान अचानक तेज गर्जन के साथ बाजार हाट में लगे एक पेड़ पर बीती शाम आकाशीय बिजली गिर गई। इस दौरान बाजार में कपड़े की दुकान लगाए धनपुरी निवासी सुनील कुशवाहा, व जूते चप्पल की फुटकर दुकान लगाए बुढार निवासी गोवर्धन उर्फ कोदू नवानि सहित बाजार करने आए अमलाई लखन दफाई निवासी कुंजी लाल जैसवाल की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई।

इस दौरान अमलाई लखन दफाई निवासी कुंजी लाल जैसवाल का शव को अंतिम संस्कार के लिए नगर परिषद बकहो से शव वाहन मांगा गया ,लेकिन शव वाहन खराब होने की वजह से उन्हें शव ले जाने के लिए कचरा वाहन थाम दिया गया। जिससे विवश होकर परिजनों ने कुंजी लाल जैसवाल का शव कचरा वाहन में ले जाकर अंतिम संस्कार किया। मानवता को शर्मशार कर देने वाली यह घटना शहडोल जिले के बकहो नगर परिषद की है।

# जैतपुर पुलिस पर लग रहा रेत कारोबारियों से ट्रिप,टोकन के सेटिंग

## जुंआ,सट्टा की आई बाढ़ व्यापक रूप से फल फूल रहा अवैध कारोबार

शहडोल/जैतपुर/ मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जहाँ अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही किये जाने के साथ आम जनमानस को संबोधित करते हुए स्पष्ट रूप से जनता के दरबार मेंअपने संबोधन में कहते देखे जा रहे हैं कि मध्यप्रदेश में कोई भी गुंडा मवाली अवैध कारोबारी को बख्शा नही जाएगा लेकिन उन्ही के सरकार में देश भक्ति जन सेवा की दुहाई देने वाले जैतपुर थानाप्रभारी दोंनो हाथ से बटोरने का लिये लगता है सारे अवैध कारोबारी को खुली छूट दे रखी है। सूत्र बताते हैं कि क्षेत्र में रेत के अवैध कारोबार में तो जुंआ,सट्टा के कारोबार में काला करते देखे जा रहे हैं। जन चर्चा है कि जब से भानु प्रताप को जैतपुर थाना की कमान संभालने का अवसर प्राप्त हुआ है तब से क्षेत्र भर में जुंआ, सट्टा, गांजे का व्यापार सहित रेत माफियाओ सहित अन्य अवैध कारोबारियों की बाढ़ सी आ गई है। लाइसेंसी शराब दुकान की आड़ में गांव-गांव में गली-गली अवैध रूप से शराब बेची जा रही है । लेकिन शराब के अवैध कारोबारी पर नकेल ना कसना समझ से परे है। जन चर्चा है कि क्षेत्र में रेत ट्रिप व टोकन के सिस्टम में जैतपुर क्षेत्र में खुलेआम चल रहा है जैतपुर के क्षेत्रवासियों की माने तो साहब को अपनी तारीफ व तालियों की गड़गड़ाहट बहुत पसंद है। जो क्षेत्र के अवैध कारोबारी बीच-बीच मे साहब का तालियों से सम्मान कर देते है जिससे साहब भी खुश साहब का कारोबार, एवं कारोबारी भी खुश, मिजाज दिखाई देते हैं।लेकिन यह सत्य है कि इनके आने के बाद से इलाके में अवैध कारोबार की बाढ़ जरूर आ गई है । जैतपुर इलाके के क्षेत्रीय जनों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित पुलिस अधीक्षक शहडोल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल से मांग किये हैं कि जैतपुर क्षेत्र में पुलिस की सह पर पनप रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाए जाने के लिये य थाना प्रभारी व प्रत्येक मामले में माहिर अन्य पुलिस कर्मियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाए ताकि, क्षेत्र के अवैध कारोबार मे लगाम लग सके एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का सपना साकार हो सके।

# भारतीय युवा कांग्रेस ने किया भारत जोडो लीडरशिप प्रोग्राम का किया शुभारंभ




भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य देश के हर कोने तक पहुंचा,उसी धारा में हम यह लीडरशिप प्रोग्राम लाये हैं :- अंकित सिंह ।

भारत जोडो लीडरशिप प्रोग्राम में सम्मिलित युवा 2023विधानसभा एवं 2024 लोकसभा चुनाव परिणाम में प्रभाव डालने बडी स्केल पर काम करेंगे :- अनुपम गौतम

भारतीय युवा कांग्रेस संसद के अंदर हो या सड़कों पर हर व्यक्ति की अधिकारों की सुरक्षा करने और हमारी सांझा सांस्कृतिक धरोहर बनाने के लिए प्रयासरत है :- आरिफ अफरीदी

## युवा कांग्रेस की आगामी कार्य योजना जारी

आज दिनांक 7/9/2023 को भारतीय युवा कांग्रेस के मीडिया विभाग द्वारा एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें जिला समन्वयक अंकित सिंह ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा की भारतीय युवा कांग्रेस ने युवा शक्ति को बढावा देने और देश में व्याप्त संवैधानिक और लोकतांत्रिक मुल्यों को मजबूती देने के लिए भारत जोडो लीडरशिप प्रोग्राम का आगाज किया।इस प्रोग्राम का उद्देश्य उन युवाओं तक पहुंचना है जो देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए और राजनीति में प्रवेश करना चाहते हैं और देश को जमीनी स्तर से समझने के लिये भारतीय युवा कांग्रेस से जुडना चाहते हैं । भारत जोड़ो नेतृत्व प्रोग्राम भारतीय युवा कांग्रेस की एक नई पहल है जो 2024 लोकसभा चुनाव में सक्रिय भाग लेने के इच्छुक युवाओं को आकर्षित करने के लिए डिजाइन की गई है। साथ ही

अंकित सिंह ने कहा की इस देश के युवा कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं । देश के प्रधानमंत्री का 2 करोड़ नौकरियां की गारंटी देने का दावा युवा पीढ़ी के लिए एक और जुमला साबित हो गया है । भारत जोड़ो नेतृत्व प्रोग्राम के माध्यम से हमने एक प्लेटफार्म का निर्माण किया है जिससे हर युवा एक छत के नीचे आ सके और लोकतंत्र संविधान की सुरक्षा के लिए अपनी लड़ाई को और मजबूत कर सके ।

जिला युवक कांग्रेस के अध्यक्ष अनुपम गौतम ने कहा भारत जोड़ो यात्रा के नाम से प्रेरित इस प्रोग्राम में सभी पेशेवर युवाओं युवा कांग्रेस के साथियों के साथ-साथ उन तमाम लोगों को एक छत के नीचे लाने की योजना है जो देश की वर्तमान स्थिति से परेशान है और देश की नीति और तस्वीर को बेहतर बनाना चाहते हैं । प्रोग्राम के लिए आवेदन समय-समय पर स्वीकार किए जाते हैं ।

साथ ही जिला अध्यक्ष ने बताया की आगामी तीन महीनो के लिए भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों का विवरण इस प्रकार से है:

1.) अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार युवा कांग्रेस प्रदेश स्तर पर और जिले स्तर पर कांग्रेस कमेटी के साथ मिलकर भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजन करेगी।

2.) युवा कांग्रेस प्रदेश स्तर पर और जिला स्तर पर मोहब्बत की दुकान लगाएगी और साथ ही साथ सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन करेगी।

3.) युवा कांग्रेस यात्रा के संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा फोटो प्रदर्शनी और स्पीक उप फॉर भारत जोड़ो कार्यक्रम का भी आयोजन करेगी।

4.) इनके साथ ही साथ युवा कांग्रेस अलग अलग स्तर पर प्रदेश भर में खेल कार्यक्रम और रक्त दान शिविरो का भी आयोजन करेगी।

प्रेस वार्ता में राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सबीखान बंटी, युवा कांग्रेस महासचिव आरिफ अफरीदी,जिला सचिव विनय रजक, बंटी महतो, सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे

# जयसिंहनगर विधानसभा में ग्रुपमें बंटी भाजपा, चल रही आपसी तकरार

## विधायक की कटी टिकट तो कौन होगा भाजपा से अगला उम्मीदवार

शहडोल। विधानसभा चुनाव 2023 को कुछ ही महीने शेष बचे है। प्रदेश स्तर में चल रही बैठकों, भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा व कॉन्ग्रेस के दिग्गज नेताओं का मध्यप्रदेश का दौरे से यह स्पष्ट है चुनाव की तैयारियों को देखते हुए विधानसभा क्षेत्र में दोनों बड़े राजनीतिक दलों भाजपा व कांग्रेस में वर्तमान विधायको के रिपोर्ट कार्ड व क्षेत्र में उनकी छवि को लेकर आगामी चुनाव हेतु टिकट वितरण की रणनीति बना रही है। जय सिंह नगर विधानसभा में वैसे तो 2003 से भाजपा के विधायक निर्वाचित होते रहे है। हालांकि शहडोल संभाग में यही एक विधानसभा सीट है जहां से भारतीय जनता पार्टी ने हर बार चेहरा बदला है अब ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि इस बार भी भारतीय जनता पार्टी किसी नए चेहरे पर दांव लगा सकती है। हालांकि आज भी भाजपा में जहां गुटी व भीतरघात स्पष्ट तौर पर देखी जा रही है। वही कॉंग्रेसको अंतर्कलह से इस बार भी जूझना पड़ रहा है और शहडोल जिले के कांग्रेस पार्टी का प्रमुख दो ग्रुप अपने-अपने समर्थकों को टिकट दिलाना चाह रहे हैं जिसमें से एक ग्रुप पूर्व विधायक के दामाद को टिकट दिलाना चाह रहा है तो एक ग्रुप पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की तरफदारी कर रहा है। टिकट को लेकर तरह तरह की चचाओं का बाजार गर्म है।

**कौन होगा भाजपा से अगला उम्मीदवार**

बीते सप्ताह पूर्व भोपाल में शहडोल जिला मुख्यालय के दिग्गज नेताओं के जमावड़े के बाद चचाओं के मुताबिक यदि किसी कारण वर्तमान विधायक जय सिंह मरावी की टिकट कटी या उन्हें अन्य विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का मौका दिया गया तो प्रदेस संगठन किसे प्रत्यासी बनाएगा ये भी एक चर्चा है। वहीं वर्तमान में युवा चेहरा भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला महामंत्री संचित सरवटे का नाम भी चचाओं में है। जोकि पूर्व में नगर पालिका परिषद की पार्षद रह चुकी है और विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवगढ़ की निवासी हैं। दूसरा नाम श्रीमती फूलवती सिंह का है, सन 2023 में विधानसभाको लगभग तीन दर्जन ग्राम पंचायतों से पहली बार दावेदारी कर जिला पंचायत का चुनाव जीतकर सदस्य निर्वाचित है। और जिला पंचायत सदस्य चुनाव जीतने के बाद उन्होंने जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद पर भी अपना कब्जा जमाया । इनकी पकड़ आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वसहायता समूह के कार्यकताओं में भी है । इनके अलावा पूर्व विधायक प्रमिला सिंह एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष रमेश कोल के नामों की चर्चा है। परंतु प्रदेस सगठन किसे अपना उम्मीदवार बनाएंगी ये अभी तय नहीं है।

एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी में आधा दर्जन दावेदार हैं तो दूसरी तरफ कांग्रेस में भी दावेदारों का जमावड़ा सा लगा हुआ है । दावेदारों में जनपद सदस्य जयकरण सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र सिंह मरावी ,पूर्व विधायक कमल सिंह की पुत्री दिव्या सिंह टिकट के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। वहीं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र सिंह मरावी वर्तमान जिला अध्यक्ष के धूर विरोधियों में शुमार है। जहां एक तरफ जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नगर पालिका एवं नगर परिषद क्षेत्र में कांग्रेस का कब्जा होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साहित हैं तो दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी किसी भी कीमत में जिला मुख्यालय की इस विधानसभा सीट में कांग्रेस को कब्जा नहीं दिलाना चाह रही है। संभागीय मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी द्वारा दी गई सौगातो को लेकर भाजपा उत्साहित भी है।

# ताबड़तोड़ सड़कों पर राखड लोड करके दौड़ रही हाईवा वाहन।

## दुर्घटना एवं शासन प्रशासन एवं यातायात नियमों की उड़ा रहा धज्जियां ।



अनूपपुर ' विगत कई दिनों से राखड़ लोडिंग को लेकर लिए गए टेंडर जिसकी सप्लाई हाईवा वाहनों में खुले तौर पर लोड करके यातायात नियमों को धता बताते हुए सरेआम सड़कों पर राखड़ का डस्ट उड़ाया जा रहा है जिसके कारण सड़क पर चलने वाले दो पहिया वाहन व राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सड़क पर तीव्र गति से चलने वाली हाईवा वाहन लोड रखड़ का डस्ट आंखों में पड़ने के कारण अनियंत्रित होकर वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं रही नियमों की बात तो सभी नियम शिथिल हो जाते हैं जहां इस कार्य में शामिल ठेकेदार के द्वारा संबंधित विभाग थाना अमलाई थाना चचाई जहां से होकर नियम विरुद्ध तावाड तोड़ चल रहे यह राखड़ से लोड वहां चढ़ोत्तरी प्रदान कर अपने गंतव्य की ओर निरंतर रवाना हो रहे हैं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले का कद्दावर नेता मंत्री जी का खासम खास इस कार्य का ठेका लिए हुए हैं जिनके द्वारा सभी नियमों को ताक पर रखकर खुलेआम या फिर कहे सरेआम दो पहिया वाहन चालकों यातायात के नियमों एवं वातावरण को प्रदूषित करने का कार्य उनकी आंखों में धूल झोंकर किया जा रहा है "सैइया भय कोतवाल तो डर काहे का" की तर्ज पर धड़ल्ले से मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड चचाई एवं मोजर बेयर जैतहरी से राखड लोड करके शारदा ओ सी एम साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड सुहागपुर खुली खदान को बंद करने या फिर कहें पाटने का कार्य किया जा रहा है।

# मतदाताओं ने जानी ईवीएम, वीवीपैट से मतदान करने की प्रक्रिया

रायसेन, 09 सितम्बर 2023 आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में जिले में शत-प्रतिशत हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निदेर्शानुसार जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में प्रचार रथ द्वारा गैरतगंज तहसील के अनेक गॉवों में पहुंचकर एलईडी के माध्यम से मतदाता जागरूकता वीडियो क्लिप दिखाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही ईवीएम, वीवीपैट का प्रदर्शन करते हुए वोट डालने की प्रक्रिया सिखाई गई।

# अदालत से बरी होने के बाद आहत मिर्ची बाबा ने पीसीसी के सामने मुंडन कराया।

**भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए दी आंदोलन की चेतावनी**

भोपाल। मध्य प्रदेश में चुनाव से पहले हुए सर्वे से भाजपा की मुश्किलें और बढ़ती जा रही हैं इसका कारण वैराग्यनिंद गिरी उर्फ मिर्ची बाबा नजर आ रहे है, जिन्होने 13 महीने बाद दुष्कर्म के आरोप से जेल से बरी होकर बाहर आते ही भाजपा सरकार के खिलाफ हमला बोलते हुए मोर्चा खोल दिया है शनिवार को मिर्ची बाबा ने भोपाल स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय के बाहर आधा दर्जन पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच अपना मुंडन करवाते हुए सरकार के खिलाफ जन-आदोंलन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होनें बेहद आक्रोशित होकर कहा कि सारा देश जानता है, वह निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर हैं, नागा साधु हैं। और उन्होनें मुडन इसलिये कराया की वह निर्दोष बरी हुए है। बाबा ने आगे कहा कि उन पर लगाए गए आरोप झूठे हैं, जो कोर्ट में साबित नहीं हो पाए, और वह निर्दोष बरी हुए। लेकिन उनके पास कई दस्तावेज हैं, जिन्हें लेकर वह कोर्ट में जाएंगे इसके साथ ही जनता की अदालत में जाकर शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के खिलाफ आंदोलन चलाएंगे। उन्होंने भाजपा राज में संतों का अपमान होने का आरोप भी लगाया। गौरतलब है कि मिर्ची बाबा पर रायसेन की 28 साल की निसंतान महिला को नशीली भभूती खिलाकर रेप करने के आरोप लगे थे। महिला की शिकायत महिला थाने में दर्ज हुई थी। इसके बाद 9 अगस्त 2022 को भोपाल पुलिस ने ग्वालियर से बाबा को गिरफ्तार किया था। जेल से बाहर आने के बाद मिर्ची बाबा सबसे पहले गंगा स्नान करने गए थे और स्नान करते हुए चिल्लाकर बीजेपी सरकार की सत्ता में वापसी न हो उसको लेकर प्रार्थना की थी।

# राज्य स्तरीय शालेय फुटबाल प्रतियोगिता बालिका वर्ग का भव्य शुभारंभ

**समाज जागरण**



अनूपपुर- फुटबाल क्रांति के तहत राज्य स्तरीय शालेय फुटबाल प्रतियोगिता बालिका वर्ग का अनूपपुर जिले के देव्हारा हाई स्कूल मैदान में भव्य शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने फुटबॉल टीम बालिका वर्ग जनजाति कार्य विभाग से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि नगर परिषद बरगवा अमलाई उपाध्यक्ष राज तिवारी उपस्थित रहे एवं अध्यक्षता प्राचार्य नरेंद्र सिंह शेखावत ने की विशिष्ट अतिथि के तौर पर वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद सविता बैगा उपस्थिति रही । इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया गया। शुभारंभ को सम्बोधित करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि तिवारी ने कहा कि जीवन में खेल का बड़ा महत्व है। खेल से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप स्वस्थ्य रहता है। खेल दुखों का हास करता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार खेलों का निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। जिससे प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ी आगे आकर खेलों में अपना जौहार दिखा रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य नरेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेले, उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाए भी दी। समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग में कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा की पहल पर फुटबाल क्रांति की शुरूआत हुई थी जो शहडोल संभाग में फलिभूत हुई है। शहडोल संभाग की फुटबाल क्रांति की चर्चा प्रधानमंत्री द्वारा भी की गई है ये हमारे शहडोल संभाग के लिए गौरव की बात है। उन्होने कहा कि शहडोल संभाग से प्रारंभ फुटबाल क्रांति में हम सभी के भागीदार होना चाहिए। युवाओं को फुटबाल खेलने के लिए सतत प्रोत्साहित करना चाहिए। राज्य स्तरीय शालेय फुटबाल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में ग्वालियर एवं सागर संभाग के बीच लीग मैच खेला गया जिसमें ग्वालियर संभाग को विजय मिली ।

इस अवसर पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के पीटीआई सलीम सिद्दीकी, हाई स्कूल देवहरा के पीटीआई विश्वास राज शुक्ला एवं निर्णायक की भूमिका में संदीप मंडल पवन सिंह अमित यादव एवं अभय का योगदान रहा उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शन उपस्थित रहें।

# मस्तुरी विधायक ने कर्रा और सीपत क्षेत्र में 1 करोड़ 15 लाख के प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना का किया भूमिपूजन

**मस्तूरी के कर्रा और सीपत के बनियाडीह में बनेगी सड़क**

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। मस्तूरी. विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को गति देने और ग्रामीणों को सुख सुविधा मुहैया करवाने के लिए विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा हैं। वहीं ग्रामीण अंचलों में जर्जर सडकों का डामरीकृत करवाकर ग्रामीणों को जर्जर सड़क से निजात दिलाने के लिए विधायक डॉ. बांधी ने अलग-अलग मार्ग पर पहुंचकर ठेकेदार को डामरीकृत निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए है। उनके द्वारा लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर जनता की समस्याओं को भी सुना जा रहा है वही समस्याओं की निराकरण की दिशा में वे लगातार प्रयास कर रहे हैं शुक्रवार को उन्होंने 76.52 लाख की लागत से दरीर्घाट पहुंचकर लिमतरा से पहरीपारा को जोड़ने वाली दो किमी लंबी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का भूमि पूजन किया इस



दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से ग्रामीण क्षेत्रों का भी मोदी सरकार विकास कर रही है। परंतु मुझे इस बात की बहुत दुःख है कि राज्य की कांग्रेसी सरकार, भूपेश बघेल की लबरा सरकार केंद्र की लोककल्याणकारी योजनाओं को आप तक नही पहुँचने दे रही है। ऐसी विकास विरोधी सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में आप लोगो को इस भ्रष्ट भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने भूमि पूजन के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को सड़क निर्माण की शुभकामनाएं दी और कहा कि कहा कि जर्जर हो चुकी सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण होने से ग्रामीणजनों को राहत मिलेगी। वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 2 किलोमीटर लंबी सड़क बनने से ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग भी पूरी हो जाएगी इससे उनके आने जाने में सुविधा के साथ समय की बचत होंगी। विधायक बांधी ने आगे कहा कि ग्रामीणों को बरसात में होनी वाली परेशानियों से भी निजात मिलेगी अपने अगले कार्यक्रम में उन्होंने सीपत क्षेत्र को भी सौगात देते हुए ग्राम बनियाडीह पहुंचकर लाखों की लागत से बनने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का भूमि पूजन किया यह सड़क सीपत बलौदा मार्ग से ग्राम बनियाडीह तक पहुंचेगी। लिमतरा, बनियाडीह कार्यक्रम में यह लोग रहे उपस्थित विधायक डॉ. बांधी समेत दिलेन्द्र कौशिल, बी पी सिंह,राज्यवर्धन कौशिक, विजय अंचल,रामनाथ तिवारी,अभिलेश यादव,मन्नू सिंह, दीपक साहू,शिव साहू, रमन गिरी गोस्वामी, कल्याणी साहू,रिज बाई, राम कुमार कुंभकार, देवेश शर्मा, राम फल धीवर, बृजनंदन टंडन, फागू यादव, मनोज यादव, फूल चंद बंजारे ,तामेश्वर सिंह कौशिक,बलराम पाटनवार, भुनेश्वर पटेल, मदनलाल पाटनवार,जनपद सभापति अंजनी लक्ष्मी साहू, जनपद सभापति गोपी पटेल, उवीर्जेश कौशिक, हरिकेश गुप्ता, तुषार चंद्राकर, धन्ना कुंभकार, योगेश पटेल, सुरेश दास महंत,शिव यादव, देवेंद्र पाटनवार,कृष्णा यादव, रामनिहोर सुर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने गैरतगंज में 6 करोड़ 40 लाख रू से निर्मित संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का किया लोकार्पण

**रायसेन, 09 सितम्बर 2023**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा गैरतगंज में आयोजित कार्यक्रम में 640.27 लाख रू लागत से निर्मित संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण किया गया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ अधोसंरचनाओं से जुड़े कार्यो को भी प्राथमिकता से कराया जा रहा है। आज गैरतगंज में संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण किया गया है। इस कार्यालय के बन जाने से क्षेत्र के किसानों तथा नागरिकों को लाभ होगा और राजस्व संबंधी सेवाएं सुगमता से उपलब्ध हो सकेगीं। राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों को भी नवीन एवं सुविधायुक्त भवन उपलब्ध



होने से कार्य करने में सुविधा होगा। उन्होंने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा, जनपद अध्यक्ष श्री विजय पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष श्री जिनेश सिंघई सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, एसडीएम तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मध्य प्रदेश में शीघ्र लागू होगी लाडली बहन आवास योजना कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की घोषणा

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो समाज जागरण**

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में शनिवार को कैबिनेट बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। बैठक में ह्यमुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजनाह्न को भी मंजूरी दी गई है। यह योजना पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के जिम्मे होगी। आवासहीन परिवारों को लाभ मिलेगा, जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान नहीं मिल पाए, उन्हें इस योजना के तहत मकान दिए जाएंगे।सीएम शिवराज ने सावन के महीने में लाड़ली बहना योजना के तहत 450 रुपए में सिलेंडर देने की घोषणा की गई थी। सावन के महीने की राशि सब्सिडी के रूप वापस करने को दी मंजूरी दी गई है । चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में अनुसूचित जाति-जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग



के बैकलाग पदों की भर्ती के लिए विशेष भर्ती अभियान की अवधि 1 साल बढ़ाई जाएगी। यह अवधि जून 2023 तक थी जो बढ़ाकर 23 जून 2024 की गई।कैबिनेट बैठक में अतिथि शिक्षकों का मानदेय बढ़ाने को मंजूरी मिली है। वर्ग-1 को 9 से 18 हजार रुपए, वर्ग-2 को 7 से 14 हजार रुपए और वर्ग-3 को 5 से बढ़ाकर 10 हजार रुपए मानदेय दिया जाएगा। इससे 4.5 हजार अतिथि शिक्षकों को लाभ मिलेगा।कबिनेट बैठक में ह्यमप्र मॉब लिंचिंग पीड़ित प्रतिकर योजना-2023ह्न को मंजूरी दी गई। यदि मॉब लिंचिंग में पीड़ित की मौत हो जाती है, तो उसके परिवार को 10 लाख मुआवजा मिलेगा। साथ ही घायलों के लिए 4 से 6 लाख रुपए का प्रावधान होगा। इसमें मॉब लिंचिंग की वो सभी घटनाएं शामिल होंगी जो धर्म, जाति, भाषा या अन्य किसी वजह से होती हैं।

**बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय,,,,**

नेशलन फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी गांधी नगर भोपाल के लिए बरखेड़ा बोंदर (हुजूर) में 12 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई।

भोपाल में 100 बिस्तर वाले सिविल अस्पताल कैलाश नाथ काटजू अस्पताल को 300 बिस्तर (मातृ एवं शिशु अस्पताल में उन्नयन) का होगा। इसमें 195 नए पद सृजित किए गए हैं।

केन-बेतवा के डूब प्रभावित 22 गांवों को 670 परिवार को विशेष पैकेज दिया गया।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के रसोइये का मानदेय 2 हजार रुपए से बढ़ाकर 4 हजार रुपए प्रतिमाह किया गया।

6 नए सरकारी कॉलेज खोले जाएंगे। इसमें उमरिया के बिलासपुर और भरेवा, नरसिंहपुर के सालिचौका, नर्मदापुरम के शिवपुर, सीहोर के चकल्दी, हरदा के रेहटगांव में कॉलेज खुलेंगे। इनके लिए 240 नए पद सृजित किए जाएंगे।

मेधावी विद्यार्थी योजना के तहत अब खएए की कटऑफ रैंक 1.5 के नीचे वाले विद्यार्थियों को भी इसका लाभ मिलेगा।

# कानपुर : विभाग और विद्युत उपभोक्ताओं के हित में अग्रणी एसडीओ विमल का परिश्रम

**- विद्युत बिल समय से जमा करने की भी की अपील**

**- बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाही की दी चेतावनी**

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां फाल्ट की समस्या से विद्युत उपभोक्ताओं को अब बहुत ज्यादा परेशान नहीं होना पड़ रहा है। इस समस्या के तत्काल निस्तारण से वह पहले से ज्यादा राहत भी महसूस कर रहे हैं ,जिसमें दबौली सब स्टेशन क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता भी शामिल हैं। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप और विभाग के हित में भी उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल निस्तारण करने में दबौली सब स्टेशन के तेजतर्रार और व्यवहार कुशल एसडीओ विमल कुमार भी अव्वल चल रहे हैं। समस्याओं के तत्काल संतोष जनक निस्तारण से क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ता भी उनसे संतुष्ट नजर आते हैं। दरअसल सबसे बड़ी समस्या अचानक फॉल्ट हो जाने की होती है ,जिसकी सूचना मिलते ही उपभोक्ताओं की समस्याओं के तत्काल संतोषजनक निस्तारण के लिए भी चर्चित निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के कठोर परिश्रमी एसडीओ विमल कुमार अपनी टीम के साथ तब तक जुटे रहते हैं, जब तक उस समस्या का संतोष जनक निस्तारण नहीं हो जाता। इसके पहले विश्व बैंक बर्रा सब स्टेशन में भी सफल कार्यकाल वाले रहे एसडीओ विमल कुमार की यही कार्यशैली उन्हें उपभोक्ताओं के बीच लोकप्रिय भी बनाने में सफल नजर आती है। बिजली चोरी पकडे जाने पर कड़ी कार्रवाई की भी चेतावनी देते हुए मानवीय दृष्टिकोण के भी प्रबल पक्षधर सरल और शालीन स्वभाव के केस्को के एस डी विमल कुमार ने इस बीच बिजली चोरी किसी भी हालत में नहीं किए जाने की भी अपील करते हुए कहा कि हर उपभोक्ता को चाहिए कि वह अपनी बिजली उपभोग का बिल भी समय से अदा करे ,क्योंकि समय से बिल अदा करना और बिजली की बचत करना भी देश के विकास में योगदान से कम नहीं।

# नशेड़ी पति ने पत्नी पर किया धारदार हथियार से हमला, गंभीर अवस्था में पत्नी अस्पताल में भर्ती

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(10सितम्बर )शराब की वजह से फिर एक परिवार बिखर गया, शराब की वजह से ही एक महिला जिंदगी और मौत से अस्पताल में लड़ रही हैं।जानकारी अनुसार चांगोटोला थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम हिरमुटोला निवासी नशेड़ी पति ने पत्नी पर धारदार हथियार से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा हैं, जहाँ वह जिंदगी और मौत के बीच लड़ रही हैं।

**शराब के नशे में धुत था पति**

बताया जाता है कि घायल महिला उमावती पति जयसिंह उईके उम्र-26 वर्ष निवासी ग्राम हिरमुटोला थाना चरेगांव है। हमला करते वक्त पति शराब के नशे में धुत था। जयसिंह ने शराब के नशे में चाकू से वार कर उमावती को गंभीर रूप से घायल कर दिया।हालांकि हमले का कारण नशा ही बताया जा रहा हैं लेकिन वास्तविक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ हैं।

**पांच वर्ष पहले हुआ था विवाह**

घायल महिला के मायका वालों ने जानकारी देते हुए बताया कि उमावती का जयसिंह के साथ लगभग पांच वर्ष पहले विवाह हुआ था। जिसके बाद से ससुराल पक्ष द्वारा दहेज के लिए उसे परेशान किया जा रहा है। जयसिंह शराब के नशे में आए दिन विवाद करता रहता था,जिसने शनिवार सुबह विवाद कर चाकू से उमावती पर हमला कर दिया। महिला को 108 एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। घटना के बाद से पति मौके स्थल से फरार है।पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी हैं।

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने हरदौट में तीन करोड़ रू से अधिक राशि के निर्माण कार्यो का किया भूमिपूजन

## *गैरतगंज में 6 करोड़ 40 लाख रू से निर्मित संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का किया लोकार्पण*

**रायसेन, 09 सितम्बर 2023**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा गैरतगंज तहसील क्षेत्र में लगभग 10 करोड़ रू से अधिक राशि के विकास और निर्माण कार्यो का लोकार्पण तथा भूमिपूजन किया गया। उन्होंने गैरतगंज में 640.27 लाख रू लागत से निर्मित संयुक्त तहसील कार्यालय भवन तथा ग्राम सिंहपुर में 10 लाख रू लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। साथ ही ग्राम हरदौट में 306.80 लाख रू लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक नग जी एवं एक नग एच टाईप आवास गृह, बाउन्ड्रीवाल तथा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कार्यक्रमों में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार



द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ अधोसंरचनाओं से जुड़े कार्यो को भी प्राथमिकता से कराया जा रहा है। आज गैरतगंज में संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण किया गया है। इस कार्यालय के बन जाने से क्षेत्र के किसानों तथा नागरिकों को लाभ होगा और राजस्व संबंधी सेवाएं सुगमता से उपलब्ध हो सकेगीं। राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों को भी नवीन एवं सुविधायुक्त भवन उपलब्ध होने से कार्य करने में सुविधा होगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने आज हरदौट में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का भी भूमिपूजन किया गया है। इस भवन के बन जाने से ग्रामीणों को घर के समीप ही इलाज में सुविधा होगी। ग्रामीणों को त्वरित और बेहतर उपचार मिले, इसके लिए गॉव-गॉव में स्वास्थ्य केन्द्र खोले जा रहे हैं। इनमें अनेक प्रकार की जांच और दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि गॉवों के साथ ही नगरों में भी पहले से स्थापित शासकीय अस्पतालों का उन्नयन किया जा रहा है। लगातार स्वास्थ्य सेवाओं, सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण सहित अनेक योजनाओं का उल्लेख किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# नवपदस्थ पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार यादव ने किया पदभार ग्रहण।

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर ।छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग, नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश स्थानांतरण आदेश के परिपालन में बुधवार को बिलासपुर रेंज में नवपदस्थ पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार यादव द्वारा पदभार ग्रहण किया गया। अजय कुमार यादव भारतीय पुलिस सेवा संवर्ग के वर्ष 2004 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के पुलिस अधिकारी हैं। अजय यादव पूर्व में रायपुर रेंज आईजी, आईजी इंटेलिजेंस के पद पर एवं बिलासपुर जिले के पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ थे एवं 07 जिलों के पुलिस अधीक्षक के पद पर सेवा दे चुके हैं। नव पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज अजय कुमार यादव के पदभार ग्रहण दौरान पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। पदभार ग्रहण करने के दौरान उप पुलिस महानिरीक्षक रायगढ़



रेंज राम गोपाल गर्ग, उप पुलिस महानिरीक्षक डी.रविशंकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर एवं बिलासपुर रेंज के सभी पुलिस अधीक्षक, अति.पुलिस अधीक्षक बिलासपुर(शहर) राजेन्द्र जायसवाल, अति.पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) राहुल देव शर्मा, पु.म.नि.कार्या.रेंज बिलासपुर उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुशीला टेकाम और उप पुलिस अधीक्षक जेरोल लकड़ा तथा रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र गुप्ता, उप पुलिस अधीक्षक यातायात संजय साहू उपस्थित रहे।

# वैनगंगा नदी के जाग पुर घाट पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, पहचान कराने में जुटी पुलिस

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(10 सितम्बर )वैनगंगा नदी के घाट पर अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गयी । शव की पहचान अभी तक नहीं हो पायी थी।कोतवाली थाना अंतर्गत जागपुर घाट पर शनिवार दोपहर करीब दो बजे वैनगंगा नदी के बीचों-बीच एक अज्ञात शव देखकर लोग सहम गए, जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी ।जागपुर घाट पर कुछ लोग स्नान कर रहे थे, साथ ही कुछ लोग मंदिर दर्शन करने पहुंचे थे। तभी उन्होंने दूर से नदी के बीचों-बीच एक अज्ञात पुरुष का शव देखा,जो लोहे के एंगल में फंसा हुआ था। जानकारी अनुसार जिस स्थान पर शव फंसा हुआ है, वहां लोहे का एंगल हैं, जिसके कारण पानी के तेज बहाव के बाद भी शव आगे न जा सका।प्रत्यक्षदर्शीयों ने इसकी सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और तुरंत एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अज्ञात पुरुष का शव नदी में गर्रा की दिशा से बहता हुआ आया है, जो लोहे के एंगल में फंस गया। शव दो से तीन दिन पुराना और मृतक की उम्र 40 से 45 वर्ष के बीच बताई जा रही है ।पुलिस ने मामला दर्ज कर शव की पहचान कराने में जुट गयी हैं।

# विश्व हिंदू परिषद प्रखंड बिरसा ने बनाया विहिप का स्थापना दिवस

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(10सितम्बर )विश्व हिन्दू परिषद बिरसा मलाजखंड प्रखंड प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण की मूर्ति स्थापित कर हर्षोल्लास से मनाया गया, साथ ही जस मंडली द्वारा मंदिर परिसर में भगवान कृष्णा की स्तुति की गयी। शुक्रवार को भव्य मटकी फोड़ का आयोजन किया गया जिसमे प्रखंड क्षेत्र की समितियों ने इसमें हिस्सा लिया,मटकी फोड़ आयोजन प्रखंड बिरसा के द्वारा किया गया था जिसमे आसपास के गोपालों की टोली ने हिस्सा लेकर मटकी फोडने के लिए काफी प्रयास किया लेकिन मटकी की ऊंचाई अधिक होने से गोपाल बार बार फोडने में असफल हो रहें थे, अंत में रेलवाही के गोपालों ने पिरामिड का शक्ल लेकर एवं मजबूती से मटकी फोडने में सफल हुए जिन्हे उचित उपहार देकर विदा किया गया। इस कार्यक्रम में बजरंग दल जिला संयोजक दीपक शरणागत, विश्व हिंदू परिषद जिला गौ रक्षा प्रमुख लखन पंचवे, विश्व हिंदू परिषद जिला समरसता प्रमुख प्रहलाद शिव, विश्व हिंदू परिषद मलाजखंड नगर प्रखंड अध्यक्ष



महेश वरलानी, मामराज शरणागत, सविता नंदन जायसवाल, राधेश्याम तुरकर, भूनेश ठाकरे, आशीष पटले भू, मुनेश पटले , पारस तामु चौहान , विश्व हिंदू परिषद बिरसा प्रखंड राजेश पांचवें , बजरंग दल प्रखंड मलाजखंड संयोजक मौसम प्रजापति, दमोह खंड अध्यक्ष कृष्ण कुमार धुर्वे, ग्राम के वरिष्ठ कार्यकर्ता छन्नूलाल राहगडालें , जनकलाल राहगडालें, अवधिया, मंदिप,श्रीसागर, गुलाब मरकाम, किशोर पटले ,राकेश गौतम ,उमा प्रजापति ,एवं बिरसा ग्राम समिति के सभी ग्राम वासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# क्षेत्र में हुई जोरदार बारिश से शहर की सड़क हुई लबालब सांची रोड पर भरा पानी दुकानदारों को हुई परेशानी

रायसेन। शनिवार को देर शाम अचानक आसमान से बादलों ने तेज बारिश करना शुरू कर दिया देखते ही देखते 1 घंटे की बारिश में ही शहर के सांची मार्ग स्थित यातायात पुलिस थाने के सामने घुटनों से ऊपर तक पानी भर गया जिससे कई दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ा वही जो दुकानदार समान खरीदारी के लिए बाजार में आए थे वह सांची मार के आसपास अपने वाहन खड़ा करके दुकान खरीदारी करने लगे तभी अचानक तेज बारिश होना शुरू हो गई देखते ही देखते इतनी तेज बारिश हुई की सांची मार्ग पर लबला पानी भर गया जिससे आवाज एवं के साधनों को भी कुछ देर के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। कई दुकानदारों की दुकानों में भी पानी भर गया कई दुकानदार अपनी दुकान छोड़कर सड़क पर भर पानी का नजारा देखते नजर आए ज्यादा बहू की पिछले कई वर्षों से सांची मार्ग पर पानी भरने की समस्या का स्थाई निदान नगर पालिका द्वारा नहीं कराया जा रहा है जिसके कारण थोड़ी सी ही बारिश में सांची मार्ग पर घुटनों से ऊपर



तक पानी जमा हो जाता है । तेज बारिश होने के कारण कई दुकानों में भी पानी भर जाता है जिससे दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ जाता है इसके बावजूद भी नगर पालिका परिषद द्वारा जल निकासी का स्थाई हल अभी तक नहीं किया गया है जिससे पूरे बारिश भर दुकानदारों को और आम रहा वीरों को तेज बारिश होने पर परेशानियों का सामना करना पड़ जाता है । शनिवार को भी कुछ ऐसा ही देखने में मिला की कई वाहन सड़क पर पानी इतना ज्यादा भरा था कि डूबते नजर आए आवा गवन के साधन भी हिचकोले मार कर पानी में चल रहे थे कई दुकानों में पानी भरने से दुकानदार इधर-उधर घूमते फिरते दिखाई दिए सड़क के दोनों तरफ लोग बारिश के भरे हुए पानी का नजर देख रहे थे

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का 12 सितम्बर को बैहर,मलाजखंड आगमन, बैहर को जिला बनाने की बढ़ी उम्मीद

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(10सितम्बर )मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का मलाजखंड बैहर का यह दूसरा आगमन होगा, अभी कुछ महीना पहले ही सीएम मलाजखंड आये थे जिसमे क्षेत्र वासियों को करोड़ों की सौगात देकर गए थे, लेकिन बैहर को जिला बनाने की उन्होंने बात तक नहीं किया था, अब एक बार पुनः बैहर मलाजखंड में सीएम का आगमन हो रहा हैं जिससे कयास लगाया जा रहा हैं कि इस बार बैहर को जिला बनाने की घोषणा सीएम जरुर करेंगे।अब देखना होगा आगामी 12 सितम्बर को सीएम बैहर वासियों को क्या क्या सौगात देते हैं।मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां जोरो पर हैं,मुख्यमंत्री के इस आगमन को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी एस रणदा एवं अपर कलेक्टर ओमप्रकाश सनोडिया ने उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री का 12 सितम्बर को शाम 05 बजे बैहर आगमन प्रस्तावित है। बैहर में रोड शो एवं जन सभा को संबोधित करने के बाद वे सड़क मार्ग से मलाजखंड तक जन आर्शिवाद यात्रा में शामिल होंगें। बैठक में अधिकारियों को हेलीपेड, जनसभा स्थल एवं जन आर्शिवाद यात्रा में पड़ने वाले ग्रामों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें एवं सुरक्षा संबंधी सभी तैयारी करने के निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री चौहान का रात्री विश्राम मलाजखंड में और 13 सितम्बर को सुबह मलाजखंड से भोपाल के लिए रवाना होने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

**हर हाल में बैहर सीट को हथियाने के मूड में है सीएम**

बैहर विधानसभा के उम्मीदवार के रूप में पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम के नाम मुहर लग गयी हैं जिसको लेकर भगत सिंह नेताम जनता के बीच जाकर आशीर्वाद लेना शुरू कर दिए हैं, इस बार पिछले रिकार्ड को देखते हुए भगत सिंह नेताम की जीत तय मानी जा रही हैं जिसकी गारंटी सीएम शिवराज सिंह चौहान हैं जो दूसरी बार बैहर मलाजखंड आकर जनता से रूबरू होंगे।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बैहर विधानसभा सीट को लेकर बहुत ही ज्यादा संवेदनशील हैं यही कारण हैं कि पिछले कुछ महीनों में ही सीएम का यह दूसरा महत्वपूर्ण आगमन हैं जिससे कयास लगाया जा रहा हैं कि मुख्यमंत्री हर हाल में इस सीट को जीतने के लिए हर वह प्रयास करेंगे जो उन्हें जायज लगेगा जिसमे बैहर को जिला बनाना सबसे अहम हैं। सीएम के इस आगमन से बैहर वासियों का सपना हिलोरे लेता दिख रहा हैं क्यों कि इसके पहले सीएम ने चार नये जिले की घोषणा कर चुके हैं इस लिए इस बार बैहर का जिला बनना तय हैं?

# छात्र के आत्महत्या मामले को लेकर परिजन पहुंचे जिला मुख्यालय,शिक्षकों के ऊपर कार्यवाही करने का सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(10सितम्बर )शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला समनापुर के 12वीं कृषि संकाय के छात्र नील बछले के आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में परिजनों, ग्रामीणों और छात्रों ने शाला प्राचार्य और दो शिक्षकों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। इसको लेकर 9 सितंबर को परिजनों, ग्रामीणों और छात्रों ने समनापुर में प्रदर्शन किया। मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा।

यही नहीं बल्कि कार्रवाई नहीं होने पर आगामी 13 सितंबर को चक्काजाम और बंद आंदोलन की चेतावनी दी। दूसरी ओर इस मामले में प्राचार्य सुजाता बांगरे ने आरोपों को निराधार और छात्र की मौत पर दुःख जाहिर करते हुए बताया कि छात्र ने पारिवारिक विवाद में आत्महत्या की है।

**जहर खाकर की थी आत्महत्या**

दरअसल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समनापुर में 12वीं कृषि संकाय में अध्ययनरत छात्र 17 वर्षीय नील बछले ने गत 28 अगस्त को जहरीली दवा का सेवन कर लिया था। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। 30 अगस्त की सुबह उसकी मौत हो गई। इसको लेकर 9 सितंबर को समनापुर में परिजनों, ग्रामीणों और स्कूली छात्रों ने प्रदर्शन कर छात्र नील बछले को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप स्कूल प्राचार्य सुजाता बांगरे और दो शिक्षकों नगपुरे और बारमाटे पर लगाए। नील के पिता उमाशंकर बछले की मानें तो वे घटना के दौरान बाहर थे, पत्नी से बेटे ने जहरीली दवा खाने की सूचना मिली। इसके बाद वे आए। बेटे और उसके दोस्तों से पता चला था कि प्राचार्य, शिक्षक बारमाटे एवं नगपुरे ने उसे अलग कमरे में ले जाकर प्रताड़ित करते थे। इसकी वजह से बेटे ने जहरीली दवा खाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में हमने छात्रों के साथ ग्रामीण थाना में शिकायत भी की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से आज उन्हें बेटे को न्याय दिलाने यह आंदोलन करना पड़ा। हमारी मांग है कि मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

**पारिवारिक झगड़े के कारण किया सुसाइड**

प्राचार्य सुजाता बांगरे ने बताया कि बच्चों को मारना मना है, हम केवल अनुशासन के लिए बच्चों को डांटते है। जो आरोप परिजन, छात्र और ग्रामीण लगा रहे है वह निराधार है। छात्र नील एक अच्छा छात्र था। जिसकी मौत पर शाला परिवार दुःखी है लेकिन स्कूल में एक छात्रा के बैग में मोबाइल रखने के मामले की साथी छात्रों से ही मिली जानकारी के बाद हमने लड़की के पिता और लड़के की मां को समझाया था।

**इनका कहना हैं**

जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि इस मामले में अब तक स्कूल की ओर से हमें कोई जानकारी नहीं मिली है। आज मीडिया के माध्यम से यह जानकारी मिल रही है। यदि ऐसी कोई घटना हुई है तो इस मामले में संस्था प्रमुख से जानकारी ली जाएगी और जरूरत पड़ी तो मामले की जांच भी की जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन।

**मोटर दुर्घटना वार्ड में 62 लख रुपए का हुआ कुल समझौता-जिला जज।**

**स्वास्थ्य जाँच शिविर के माध्यम से लोगो को मिला स्वास्थ्य का लाभ।**

**रिकॉर्ड वाद का हुआ निष्पादन दैनिक समाज जागरण सत्य प्रकाश नारायण सहायक विधि संवाददाता /धनंजय कुमार विधि संवाददाता बिहार झारखंड प्रदेश**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के तत्वावधान में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में तथा अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, दाउदनगर में किया गया। इस राष्ट्रीय लोक का मुख्य उद्घाटन समारोह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के सभागार में जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा प्राधिकार के अध्यक्ष श्री सम्पूर्णानन्द तिवारी प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय श्री पुनीत कुमार गर्ग, प्रभारी जिला पदाधिकारी श्री मनोज कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री हृदय कान्त, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के सचिव, प्रणव शंकर, जिला विधि संघ के अध्यक्ष श्री रसिक बिहारी सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन समारोह में लोक अभियोजक श्री पुष्कर अग्रवाल, सहित काफी संख्या में न्यायिक पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण बैंक, बीमा के पदाधिकारीगण अन्य विभागों के पदाधिकारीगण तथा बहुत संख्या में वादकारीगण उपस्थित रहें। पुरे कार्यक्रम का संचालन श्रीमती निधि जायसवाल न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आगंतुको का स्वागत अभिभाषण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री प्रणव शंकर द्वारा किया गया तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि जितने भी वादकारीगण यहां आये हैं आप सभी के सहयोग से ही राष्ट्रीय लोक अदालत एक मुकम्मल स्थान को पायेगा उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदालत के हर गतिविधि को जन-जन तक पहुचाने में मीडिया की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि आपके माध्यम से आज भी लोग राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होते हैं तो उन्हें इसका उचित लाभ प्राप्त होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि अगर किसी का वाद राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित होता है तो इसका लाभ सिर्फ वादकारीगण को ही नहीं होता है बल्कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सहित न्यायालय पर भी मुकादमों का बोझ कम होता है और यह कई तरह के विधि व्यवस्था को कायम रखने में सहायक होता है, साथ ही जिनका वाद समाप्त होता है दोनों पक्षों के बीच पूर्व से उत्पन्न तनाव खत्म हो जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सहयोग के लिए पुलिस अधीक्षक और प्रभारी जिला पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि पुलिस प्रशासन के सहयोग से सत्रह हजार से अधिक नोटिस को ससमय तामिला कराने की कार्रवाई की गयी है जो इस जिला के लिए अपने आप में रिकार्ड है। इस अवसर पर इनके द्वारा उम्मीद जतायी गयी कि पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत से ज्यादा इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत का निस्तारण होगा।



अपने दूसरे संबोधन में जिला विधि संघ के अध्यक्ष श्री रसिक बिहारी द्वारा इस अवसर पर कहा गया कि पिछला राष्ट्रीय लोक अदालत तीन माह पूर्व लगा था और इस राष्ट्रीय लोक अदालत के समय देश में भी काफी बड़ा परिवर्तन हुआ है। भारत द्वारा चन्द्रयान-3 के सफलतापूर्वक दक्षिण ध्रुव पर पहुचने की बात करते ही पुरा परिसर तालियों से गुंज उठा। भारत ही एक मात्र ऐसा देश है जो दक्षिण ध्रुव पर पहुचा। उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत पर चर्चा करते हुए कहा कि असहमति को सहमति में बदलना ही राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य है और जिला विधिक सेवा प्राधिकार निरंतर यह कार्य कर रहा है। इस अवसर पर कहा गया कि दया करने वालो को हमेशा याद किया जाता है इसलिए करूणा का भाव होना आवश्यक है।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार सिंह द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि अगर आज आपको राष्ट्रीय लोक अदालत में बुलाया गया है तो इसका उद्देश्य है कि न्यायालय आपको सजा देना नहीं चाहते और आपका वाद राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से हो जाता है तो यह किसी की हार और किसी की जीत नहीं। प्रभारी जिला पदाधिकारी श्री मनोज कुमार द्वारा बताया जो मामले समझौते के माध्यम से हल किया जा सकता है उनके द्वारा कहा गया कि मैने स्तरो पर सेवा की है और पूर्व में भी लोग कहते थे कि हमारे वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में भेज दिजीय आज के समय में राष्ट्रीय लोक अदालत का महत्व काफी बढ़ गया है और लोगो को इसका अधिका से अधिक लाभ लेना चाहिए। उनके द्वारा कहा गया कि अगर किसी तरह के सुलहनीय मामले न्यायालय में चलते हैं तो व्यक्ति कई तरह के परेशानियों का सामना करता है और राष्ट्रीय लोक अदालत उनके लिए एक उम्मीद है। जमीन के बढ़ते विवाद पर उनके द्वारा चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोग अपने वादों के निस्तारण के लिए आगे आयें।

अपने सम्बोधन में पुलिस अधीक्षक श्री हृदयकान्त द्वारा कहा कि हमारे संविधान में जो त्वरित न्याय दिलाने की परिकल्पना की गयी है उसके परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां त्वरित न्याय मिलता है और इसका निस्तारण आपसी सामन्जस से किया जाता है इसलिए कोई भी पक्ष यहां से निराश होकर नहीं जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित होने वाले वादों में व्यक्ति को समय, उर्जा, पैसा के बचत के साथ-साथ कई स्तरों पर सहुलियत और सुकुन का अनुभूति करता है।

परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री पुनीत कुमार गर्ग द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते कहा गया कि यह कई स्तरो पर लोगो को त्वरित न्याय प्रदान करने और अपने सुलहनीय वादों का निस्तारण का एक सशक्त माध्यम है।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष श्री सम्पूर्णानन्द तिवारी ने सभी विभागों के सहयोग के धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सभी गतिविधियों का आपके द्वारा प्रतिदिन महत्वपूर्ण स्थान देते हुए विगत एक माह से अधिक समय से राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व के बारे में प्रचारित-प्रसारित किया गया है जिसका व्यापक असर हुआ है। उन्होंने अपने सम्बोधन में यह भी कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में नोटिस तामिला कराने की कार्रवाई की गयी है जिसका प्रतिफल आज न्यायालय में इतनी भीड़ है। उन्होंने कहा कि संवाद से बढ़कर कुछ नहीं है और ज्यादातर अपने आप में संवाद स्थापित नहीं कर पाते और राष्ट्रीय लोक अदालत संवाद स्थापित करने का एक माध्यम है। न्यायिक प्रक्रिया तो अलग काम करता है परन्तु राष्ट्रीय लोक अदालत में संवाद स्थापित करते हुए वादों का निस्तारण कराया जाता है। उन्होंने भी अपने सम्बोधन में कहा कि कई तरह के छोटे-छोटे झगड़े होते हैं और न्यायालय में कई-कई दिनों तक लोग आते हैं परन्तु राष्ट्रीय लोक अदालत में संवाद स्थापित करते हुए इसका निस्तारण किया जाता है। उनके द्वारा कहा गया कि अगर एक अच्छा इंसान होता है तो उसमें कई तरह के गुण अपने-आप हो जातें है अगर वह अधिवक्ता के पेशा से जुड़ा हो तो उसमें एक अधिवक्ता का गुण स्वतः ही रहेगा अगर वह न्यायाधीश है, पिता है, पुत्र है, या किसी भी व्यवसाय में है हर जगह उसका मानवीय पक्ष दिख जायेगा।

इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापित अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी श्री योगेश कुमार मिश्र ने किया तथा अपने संबोधन में अतिथियों ने लोगों को लोक अदालत का महत्व एवं फायदे के विषय में लोगों को बताया और लोगों से अधिक से अधिक इस अवसर का लाभ उठाने हेतु अपील किया। अपने संबोधन में कहा कि आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जन कल्याण के लिए किया गया हैं क्योंकि लोक अदालत एक ऐसा माध्यम है जिसमें न तो किसी की हार होती हैं न ही किसी की जीत होती हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में सहयोग करने वाले सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

**कई साल पुराने मामलें का भी हुआ निस्पादन।**

यह राष्ट्रीय लोक अदालत कई मामलें में अविष्मरनीय रहा इस लोक अदालत में जहा अपने वाद के निष्पादन में अपने कई रिकार्ड को तोडते हुए एक नया मिल का पत्थर स्थापित किया वही जिला विधिक सेवा प्राधिकार, न्यायालय, अधिवक्तागण के प्रयास से दर्जनों ऐसे मामले का निष्पादन हुआ जो दसको पुराने थे जिनमें नगर थाना कांड सं0 395/2003 में सूचक रामजी सिंह द्वारा अभियुक्त सुर्यदेव यादव, विरेन्द्र यादव, ब्रह्मदेव यादव पर मारपीट करने तथा पैसा लेने का मामला 20 साल पुराना था जो बेहद ही छोटे अपराध का था को समाप्त किया गया इसी तरह टण्डवा थाना काण्ड संख्या 18/2007, नगर थाना काण्ड संख्या 513/2008 जैसे दर्जनों वाद जो वर्षो पुराने मामले इस लोक अदालत में निष्पादन कराया गया राष्ट्रीय लोक अदालत में 2619 वाद का निष्पादन के साथ कुल 05 करोड़ का समझौता कराया गया एवं मोटर दुर्घटना में 62 लाख रुपए के समझौते पर विवाद को निपटाया गया

राष्ट्रीय लोक अदालत में आज मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित 04 वादों में कुल 62 लाख रुपए का समझौता कराया गयो पारिवारिक मामलें से सम्बन्धित 04 वाद, आपराधिक सुलहनीय मामलें से सम्बन्धित 446 वाद, एन आई एक्ट के 08, मामलों में 21 लाख का समझौता, टेलीफोन के 08 मामलों में, माप तौल इसके साथ साथ अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय से सबन्धित 655 वाद तथा बैंक ऋण से सम्बन्धित 1482 मामलें का निस्तारण करते हुए कुल 04.5- करोड़ रुपए पक्षकारो को राहत दिया गया इस तरह कुल 2619 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल लगभग 05 करोड़ रुपए का समझौता कराया गया जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ो के मामले में न्यायालय से जुड़े मामलों में ज्यादा वादों का निष्पादन का रिकार्ड है पिछला रिकॉर्ड 397 व्यवहार न्यायालय से जुड़े वादों के निष्पादन का था जो बढ़ कर 466 वादों का निष्पादन हुओ

लोक अदालत में रिकार्ड वादों के निष्पादन पर प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर ने कहा कि पिछले रिकार्ड को तोड़ते हुए 466 सिर्फ न्यायालय के लंबित वाद को निष्पादित होना एक बहुत बडी उपलब्धि हैं जो जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संपूणानंद तिवारी, का मार्गदर्शन और सभी न्यायिक पदाधिकारियों, वादकारियों, अधिवक्ताओं एवं लोक अदालत से जुडें समस्त लोगों के सहयोग से संभव हुआ है इसके लिये सभी को बहुत- बहुत बधाई एवं धन्यवाद।

इस पुरे राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाने में प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता अभिनन्दन कुमार, कर्मी श्री सुनील कुमार सिंह, परसुराम कुमार सिंह, संजय कुमार, टेक्निकल स्टाफ अर्पणा सहाय, सुनील कुमार सिन्हा, और सहयोगी श्री नवरतन कुमार, गीता कुमारी, कुंदन कुमार सहित सभी अर्धविधिक स्वयं सेवकों की भूमिका भी सराहनीय रही

स्वास्थ्य जाँच शिविर के माध्यम से लोगो को मिला स्वास्थ्य का लाभ।

राष्ट्रीय लोक अदालत की मुख्य विशेषता यह रहा की राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ साथ स्वास्थ जाँच शिविर का आयोजन विधिक सेवा सदन में किया गया था जिसमे सुगर, विपी, के साथ साथ चिकित्सीय जाँच और दवा का वितरण,इत्यादि प्रमुख सुविधावों से वादकारियों के साथ साथ सभी उपस्थित लोगो ने लाभ उठाया

## प्रखंड विकास पदाधिकारी नें किया बैटरी चालित रिक्शा का वितरण

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 9 सितंबर 2023 :- मुख्यमंत्री दिव्यांग साइकिल योजना के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ने शनिवार को तीन बैटरी चालित रिक्शा का वितरण किया। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के 60% से अधिक दिव्यांग लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। तय मानक के अनुसार लाभुको का चयन किया गया है। इस दौरान जगदीशपुर पंचायत निवासी विमलेश सिंह, वर्मा पंचायत निवासी इरफान नट तथा पिपरा बगाही निवासी मुरली सिंह को बैटरी चालित साइकिल दी गई है। इस अवसर पर जदयू के युवा प्रखंड अध्यक्ष संतन कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा दिव्यांग लोगों के लिए उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। बैटरी चालित रिक्शा से दिव्यांग जनों को रोजगार एवं दैनिक जीवन के कार्यकलाप में सहूलियत होगी।



## शराब की बड़ी खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 9 सितंबर 2023 :- बिहार में शराबबंदी के बावजूद तस्कर शराब तस्करी को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं। इधर मद्य निषेध विभाग और पुलिस की टीम तस्करों पर पैनी नजर गड़ाए हुए है। तू डाल डाल मैं पात-पात कहावत को चरितार्थ करते हुए अंबा थाना की पुलिस ने मद्य निषेध इकाई पटना के टीम के सहयोग से शुक्रवार की रात्रि दो बजे शराब की खेप के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर की पहचान राजस्थान के हनुमान नगर जिला अंतर्गत सन्दरिया गांव निवासी गुरजीत सिंह के रूप में हुई है। तस्कर ट्रक के अंदर शराब छुपा कर हरिहरगंज की तरफ से आ रहा था। उसी क्रम में अंबा थाना की पुलिस ने उसे दबोच लिया। जांच के क्रम में ट्रक के अंदर छुपा कर रखी गई 750 एमएल की 780 बोतल इंपीरियल ब्लू , 180एमएल की 6096 बोतल इंपीरियल ब्लू तथा 375 एमएल की 3240 बोतल इंपीरियल ब्लू की कुल 10222 बोतल में 2918.7 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि इसमें अंतर्राज्यीय तस्कर गिरोह के शामिल होने की आशंका है।तस्कर से पूछताछ की जा रही है।



## बीएलओ ने दिया सामूहिक इस्तीफा, कार्य अवधि के बाद नहीं करेंगे काम

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 9 सितंबर 2023 :- प्रखंड क्षेत्र में बी.एल.ओ. के पद पर कार्यरत शिक्षकों ने शनिवार को सामुहिक रूप से बी.एल.ओ. के पद से इस्तीफा दे दिया। इस संदर्भ में बी.एल.ओ. के पचपन सदस्यीय समूह ने



सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि 9 सितंबर 2023 को चार बजे के बाद से बी.एल.ओ. का काम नहीं करेंगे। अपर सचिव का आदेश है कि शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य नहीं कराना है। परंतु निर्वाचन विभाग के द्वारा शिक्षकों को बी.एल.ओ. के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है और उनसे कार्यालय अवधि के बाद कार्य लिया जाता है। इसी के विरुद्ध हम लोगों ने सामूहिक इस्तीफा दिया है। उन्होंने कहा कि अगर निर्वाचन विभाग को शिक्षकों से काम लेना है तो विद्यालय कार्य अवधि के अंतर्गत काम ले। हम लोग कार्यालय अवधि से पहले और बाद में काम नहीं करेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं निर्वाचन पदाधिकारी को दिए गए आवेदन में प्रखंड क्षेत्र के पचपन बी.एल.ओ.ने हस्ताक्षर किया है। हस्ताक्षर करने वालों में शंभू ठाकुर, मार्कंडेय मेहता, गोपी प्रसाद, सुनील कुमार, प्रेम कुमार ठाकुर, संपूणानंद चौहान, मोहम्मद आजाद आलम, कुमार बिजेंदर, नरेंद्र प्रसाद, संजय कुमार, दिनेश कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता, मनोज कुमार सिंह, सुनील कुमार आदि लोग शामिल हैं।

## औरंगाबाद में शत प्रतिशत साक्षरता दर हासिल करने का पारित किया गया प्रस्ताव:

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

इसके लिए जन-जागरूकता चलाने का लिया गया संकल्प-----

उक्त संकल्प हिन्दी सप्ताह समारोह के अन्तर्गत विश्व साक्षरता दिवस समारोह के उद्घाटनके अवसर पर लिया गया । इसका उद्घाटन आज संस्कृत कॉलेज औरंगाबाद में दीप प्रज्जवलित कर मुख्य अतिथि डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, संस्कृत कॉलेज के प्राचार्य सूरजपत सिंह ,प्रो रामाधार सिंह, संस्था के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी,प्रो संजीव रंजन,कवि राम किशोर सिंह, विश्व हिंदू परिषद के नेता जयनंदन पांडेय ,संस्था के अध्यक्ष राम जी सिंह ने किया। तत्पश्चात 'वर्तमान समय में साक्षरता की प्रासंगिकता' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी कीअध्यक्षता सूरजपत सिंह और संचालन साहित्य संवाद के अध्यक्ष लालदेव प्रसाद ने किया ।सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया की संगोष्ठी का विषय प्रवेश कवि और साक्षरता कर्मी कालिका सिंह ने कराया और बताया कि आजादी के समय इस देश की साक्षरता दर 18% थी जो बढ़कर अब 74% हो गया । वहीं बिहार की साक्षरता दर 64% और औरंगाबाद भी 73 प्रतिशत हो गया है । साक्षरता अभियान के कारण ही यह हो पाया है ।इसके बाद मुख्य अतिथि डॉक्टर




सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ,रामकिशोर सिंह ,रामाधार सिंह , रेड क्रॉस के पूर्व सचिव मनोज कुमार सिंह ,वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रो संजीव रंजन, जयनंदन पांडेय ने अपने संबोधन में साक्षरता अभियान की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए बताया की साक्षरता सिर्फ पढ़ना लिखना ही नहीं बल्कि पढ़ने लिखने की जागरूकता पैदा करती है और समाज के विकास में योगदान देने और बुराइयों को मिटाने की प्रेरणा देती है ।इन सभी कार्यों में साक्षरता से लाभ हुआ है । वस्तुतः साक्षरता शिक्षा की प्राथमिक सिढीं है , नैतिक मूल्यों वाली शिक्षा से एक स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है ।साक्षरता को और आम जन से जोड़ने की जरूरत है। इसके साथ ही इस विषय पर कवि लवकुश सिंह, शिक्षक सुरेश सिंह, बैद्यनाथ सिंह, अरुण कुमार सिंह आदि ने प्रकाश डाला और साक्षरता को पूरे देश में चलाने की जरूरत बताया। सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने प्रस्ताव रखा कि औरंगाबाद जिले की साक्षरता दर राष्ट्रीय मानक 80 प्रतिशत तक बढ़कर शत-प्रतिशत करने की जरूरत है। इसके लिए जन जागरुकता अभियान चलाया जाये ,जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया । अंत में अध्यक्ष सरजपत सिंह ने सभी के विचारों का समर्थन करते हुए औरंगाबाद जिले की शैक्षिक प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और साक्षरता अभियान पुनः चलाने की वकालत की ।संगोष्ठी में शिव शिष्य पुरुषोत्तम पाठक, पूर्व अध्यापक राम सुरेश सिं,जनेश्वर यादव ,डॉक्टर महेंद्र ,इंजीनियर अखिलेश सिंह, पूर्व सचिव रेड क्रॉस मनोज कुमार सिंह ,प्रमोद सिंह ,विनोद सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित है

## गोह में छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा का किया अनावरण, मंत्री श्रवण कुमार

**'संविधान के पहले अनुच्छेद में है कि इंडिया जिसको भारत कहते हैं,यह राज्यों का संघ होगा,**

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा , प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी मैदान के समीप शनिवार को पोखरा पर अवस्थित छत्रपति शिवाजी महाराज के आदमकद प्रतिमा का अनावरण बिहार सरकार ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार व काराकाट क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद महाबली सिंह एवं कई गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ लड्डू सिंह तथा संचालन पूर्व मुखिया भगवान सिंह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद महाबली सिंह एवं विशिष्ट अतिथि गजाधर बाबू , श्रीनिवास सिंह, रघुवंश सिंह, विश्वनाथ सिंह को क्षेत्रीय सांसद प्रतिनिधि डॉ आर यू कुमार,अमरेश पटेल व रुपेश कुशवाह ने सभी गणमान्य लोगों को अंग वस्त्र व मोमेंट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि आज हमलोगों को छत्रपति शिवाजी महाराज की तरह एक भारतीय शासन के तौर पर बहादुर , बुद्धिमान और निडर शासक बनने की जरूरत है। उन्होंने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि हमारे देश में इंडिया और भारत को लेकर छिड़े विवाद पर सियासत गरमाई हुई है। एक तरफ जहां भाजपा देश का नाम भारत बता रही है तो वहीं दूसरी तरफ विपक्षी दल केंद्र सरकार पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान को बदलने का आरोप लगा रही है। इसलिए मंत्री ने कहा हम लोगों को बाबा साहब के संविधान को एकजुट होकर बचाना है। और देश से भाजपा को 2024 में भगाना है। क्योंकि जो हमारे देश की जुमले वाली सरकार है, वह सारी संपत्ति पूंजीपतियों के हाथों बेच दे रही है। तो ऐसी निकम्मी सरकार जो धर्म की आड़ में राजनीति करे और देश की आम जनता महंगाई और बेरोजगारी की मार झेले तो ऐसी सरकार को इस देश से इस बार उखाड़ फेंकने की जरूरत है। इसी कड़ी में काराकाट सांसद महाबली सिंह ने कहा कि जब से विपक्षी गठबंधन का नाम इंडिया रखा तब से भाजपा वाले डरे हुए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना चाहते हुए कहा कि देश का नाम कहां-कहां से बदलेंगे पहले पीएम मोदी के हर भाषण में वोट फॉर इंडिया रहता था कई योजनाओं में इंडिया का जिक्र है। पीएम मोदी उन सब का क्या करेंगे आज भी वह विदेश जाएंगे तो इंडियन प्राइम मिनिस्टर ही कहलाएंगे। देश के पीएम मोदी गठबंधन से कितना डरे हुए हैं। यह बताने की जरूरत नहीं है, यह साफ तौर पर दिख रहा है। इस मौके पर बृजमोहन वर्मा, विनय पटेल, जितेंद्र पटेल,राजू वर्मा,सौरभ वर्मा, राहुल चंद्रवंशी,मधु सिंह,अजय आर्य, सीताराम दुखारी, आत्मा श्री वैष्णव सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

## नबीनगर रेलवे स्टेशन के समीप से सिर कटी लाश बरामद जांच मे जुटी रेल पुलिस

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 9 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर रोड रेलवे स्टेशन के समीप रेल लाइन के किनारे से अहले सुबह एक युवक का सिर कटी लाश बरामद किया गया है। रेलवे फाटक सुरजन बीघा के समीप रेल लाइन के किनारे लगभग 32 वर्षीय युवक का शव का सिर धड़ से अलग था।शव की पहचान नहीं हो सका है और न ही आस पास कुछ मिल सका है ।शव को देखकर लोगो के बीच आशंका जताई जा रही है कि युवक का सिर रेल से नहीं कटा है बल्कि यह मामला हत्या या आत्महत्या की भी हो सकती है क्योंकि सिर या बॉडी पर किसी भी प्रकार का कोई खरोच नही है। मामले मे जी आर पी नबीनगर रोड के इंस्पेक्टर ने बताया कि शव के आस पास कुछ भी नही मिला हैं मृत युवक के पास से एक रेल टिकट मिला है जो फतुहा से पटना का है ।उनके द्वारा यह भी आशंका जताया गया कि या तो युवक आत्महत्या किया है या फिर हत्या की गई हो।फिलहाल शव को कब्जे मे लेकर आगे की कर्रवाई के लिए शव को रेल थाना सोन नगर भेज दिया या गया है।



## देव में पोल खोल मसाल जुलुस निकाला गया।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 9 सितंबर 2023:** औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड के जदयू प्रखंड अध्यक्ष बृजेश सिंह के अध्यक्षता मे पोल खोल मसाल जुलुस निकाला गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश सचिव औरंगाबाद प्रभारी प्रमिला सिंह जनता दल यूनाइटेड जिला बरिये जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह चंद्रवंशी देव प्रखंड प्रभारी ,, जिसमे शामिल ऐरोरा ग्राम पंचायत के पंचायत अध्यक्ष बैजनाथ मेहता बेढ़नी पंचायत के अध्यक्ष श्यामसुंदर मिस्त्री पवई पंचायत के पंचायत अध्यक्ष क्रम देवराम दुलारे पंचायत के पंचायत अध्यक्ष अशोक राम बेदाना पंचायत के पंचायत अध्यक्ष नागमती देवी बनवा पंचायत के पंचायत अध्यक्ष सबीना खातून



और और सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष शामिल रहे तथा ग्रामीण जनता अजय सिंह नवनीत सिंह अस्मित सिंह अमन सिंह प्रभाश कुमार रजनीश सिंह अभिषेक कुमार रौशन कुमार और सैकड़ो लोग शामिल रहे।

## एक शराब कारोबारी को भेजा गया जेल।

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद**

औरंगाबाद जिले के देव थाना के पुलिस ने 2 लीटर महुआ शराब के साथ एक शराब कारोबारी को धर दबोचा है और उसे जेल भेज दिया है शराब कारोबारी को पहचान



राजू भुईया उम्र 30 वर्ष पिता रामस्वरूप भुईयां ग्राम कीर्तिपुरम केताकी के रूप की गई हैं देव थाना प्रभारी राजगृह प्रसाद ने बताया कि देव केताकी बैंक मोड़ से 02 लीटर महुआ देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## नबीनगर के रघुनाथ गंज से एक शराबी गिरफ्तार भेजा गया जेल

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) 9 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के रघुनाथ गंज गांव के समीप से एक शराबी को पुलिस गश्ती दल ने गिरफ्तार किया है।पुलिस गश्ती दल मे पी एस आई शबनम खातून एवम सशस्त्र बल के जवान शामिल थे । गिरफ्तार किया गया शराबी अरुण ठाकुर पिता सत्येंद्र ठाकुर ग्राम रघुनाथगंज थाना नबीनगर जिला औरंगाबाद का निवासी है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि नबीनगर रेफरल अस्पताल में शराब पीने की पुष्टि के बाद मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उक्त व्यक्ति को जेल भेज दिया गया।




## गोह में शिक्षक सम्मान समारोह पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, मौके पर पहुंचे भाजपा नेता प्रमोद चंद्रवंशी।

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा , प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गुरु और शिष्य की परंपरा भारत की संस्कृति का एक अहम और पवित्र हिस्सा है इस अवसर पर शनिवार को गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित टी सी पी एजुकेशन हब सह कम्प्यूटर क्लासेस के बच्चों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन संस्था के डायरेक्टर



अरविंद कुमार ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में आए पूर्व अतिपछडा वर्ग आयोग के सदस्य सह भाजपा नेता प्रमोद चंद्रवंशी, उपहारा थानाध्यक्ष किरण कुमारी व सुनील शर्मा सहित कई गण्यमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद आए हुए अतिथियों, शिक्षकों व बुद्धजीवियों को माला व मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया। उपहारा थानाध्यक्ष किरण कुमारी ने छात्र छात्राओं को शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देना है। और मोबाइल से हो रही घटनाओं से बचना जरूरी है। पढ़ लिखकर माता पिता एवं गुरु जनों का नाम के साथ साथ संस्थान का भी नाम रोशन करना अति आवश्यक है। वहीं भाजपा नेता प्रमोद चंद्रवंशी ने शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गोह के छात्र- छात्रा पढ़ने में काफी मेहनती हैं, जिसके वजह से प्रदेश स्तर पर हर वर्ष परचम लहराने में सफल होते आए हैं। उन्होंने आगे कहा की शिक्षा एक ऐसी पूंजी है जिसकी तुलना पूंजी से नही किया जा सकता है। आज के बच्चे ही कल के उज्जवल भारत के भविष्य हैं मौक पर समाजसेवी कार्यकर्ता इंदल चंद्रवंशी , दिनेश चंद्रवंशी,उत्तम कुमार, शिक्षक दीपक कुमार, सोशल वर्कर सह पत्रकार कुमारी जिज्ञासा सहित कई अन्य गण्यमान लोग मौजूद रहे।

# हरियाणाभर के किसानों को हजारों करोड़ों रुपये के बाढ़ के मुआवजे की इंतजार - भूपेन्द्र सिंह हुड्डा

## खट्टर सरकार ने मुआवजा देने की बजाय किसानों को उलझाया हुड्डा हुआ है पोर्टल के जंजाल में - भूपेन्द्र सिंह हुड्डा

विनोद कश्यप प्रभारी
दैनिक समाज जागरण हरियाणा



चण्डीगढ़/ रोहतक। हरियाणा के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों मेंठ फसलों के भारी नुकसान की भरपाई के लिए लंबा अरसा बीत जाने के बावजूद आज तक मनोहर लाल खट्टर की सरकार ने किसानों को मुआवजे की अदायगी नहीं की है। हजारों किसान बाढ़ के मुआवजे का इंतजार कर रहे हैं। सरकार ने खुद 14 लाख एकड़ से ज्यादा फसल के खराबे की बात मानी। लेकिन गिने-चुने किसानों को ही नाममात्र मुआवजा मिल पाया है। किसानों का हजारों करोड़ रुपया अब भी बकाया है। मुआवजा देने की बजाय सरकार ने किसानों को पोर्टल के जंजाल में उलझा कर रख दिया है। यह बात हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गठबंधन सरकार को आरोपी साबित करते हुए कही । भूपेन्द्र हुड्डा आज रोहतक में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

हुड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सरकार का एक और गड़बड़झाला सामने आया है। इस बार जानबूझकर बीमा कंपनियों को नोटिफाई करने में देरी की गई। सरकार ने 25 जुलाई को बीमा के लिए नोटिफाई किया। इसके चलते मई, जून और जुलाई में हुए खराबे के लिए किसान क्लेम ही नहीं कर पाए। क्योंकि क्लेम के लिए किसानों को 72 घंटे के भीतर अपील करनी पड़ती है। लेकिन 3 महीने तक किसानों को पता ही नहीं था कि कौन-सी कंपनी को क्लेम करना है। हुड्डा ने कहा कि अगर सरकार समय रहते कंपनियों को नोटिफाई करती और किसान समय रहते क्लेम रजिस्टर कर पाते तो किसानों का नुकसान कुछ हद तक बच सकता था।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा पूरे प्रदेश में सड़कों की हालत इतनी खस्ता हो चुकी है कि भारी वाहन तो दूर छोटे - छोटे वाहनों के मालिकों और चालकों को भी सड़कों पर मुसीबतों का सामना करना पड़ता है।

इस मौके पर उन्होंने रोहतक की खस्ताहाल हो चुकी सड़कों पर चिंता जाहिर की है। हुड्डा ने कहा कि जन्माष्टमी के अवसर पर स्थानीय विधायक भारत भूषण बतरा और वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने उन्हें अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित किया तो उन्होंने कई कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्हें जहाँ - जहाँ जाने का मौका मिला, सब जगह सड़कें खस्ताहाल ही मिलीं। ऐसा लग रहा है मानो सरकार ने इस काम को भगवान भरोसे छोड़ दिया है।

हुड्डा शहर के विशाल नगर के लोगों से भी मिले और उनके साथ बातचीत की। उन्होंने बताया कि इलाके में पानी की बेहद किल्लत है। साथ ही विशाल नगर के सामने वाली सड़क को मकानों से भी ऊंचा उठा दिया गया है। अब वहां पानी की निकासी के लिए कोई रास्ता नहीं है। विधायक बीबी बतरा ने बार-बार इस मुद्दे को उठाया लेकिन सरकार की कान पर जूं तक नहीं रेंगी।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया में बिजली की इतनी किल्लत है कि उद्योगपतियों पर बड़ी मुसीबत आन पड़ी है। फैक्टरी मालिकों का माल तैयार ही नहीं हो पा रहा और उन्हें अपने कर्मचारियों को वेतन देने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एनसीआर क्षेत्र में जनरेटर पर पाबंदी के आदेश जारी हो चुके हैं। ऐसे में अगर इंडस्ट्री को प्रदेश सरकार बिजली नहीं देगी तो वहाँ काम कैसे हो पाएगा। औद्योगिक क्षेत्रों के प्रति बीजेपी-जेजेपी गठबंधन सरकार की उदासीनता पूरे हरियाणा में देखने को मिल रही है। कांग्रेस कार्यकाल के बाद पिछले 9 साल में एक भी नई आईएमटी नहीं खोली गई। पहले से स्थापित आईएमटी को भी विकसित करने के लिए सरकार ने कोई कदम नहीं उठाए।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आरोप लगाया कि एचएसआईआईडीसी प्लॉट की बोली में अपारदशीर्ता बरती जा रही है। अपनों को रेवाड़ियां बांटी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्लॉट आवंटन के नए नियम व प्रक्रिया उचित नहीं है। इसी तरह हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्लॉट आवंटन में भी बोली का प्रावधान करके सरकार ने आम आदमी को झटका दिया है। इसकी वजह से मध्यम वर्गीय परिवार अब सेक्टरों में मकान नहीं बना पाएंगे। क्योंकि बोली की वजह से रेट उनकी पहुंच से बाहर हो रहे हैं।

हरियाणा पर बढ़ते कर्ज पर बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया कि कर्जा करीब साढे चार लाख करोड़ तक पहुंच चुका है। यह समझ से परे है कि सरकार ने इतना रुपया कहां खर्च किया। क्योंकि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में ना प्रदेश में कोई बड़ी परियोजना स्थापित हुई, ना ही कोई पावर प्लांट लगा, ना कोई मेडिकल कॉलेज या नई यूनिवर्सिटी बनी और ना ही कोई बड़ा उद्योग आया। ऐसे में यह लाखों करोड़ रुपया कहां खर्च किया गया? छेड़छाड़ के आरोपी मंत्री संदीप सिंह पर पूछे गए सवाल के जवाब में हुड्डा ने एक बार फिर उनके इस्तीफा की मांग की। उन्होंने कहा कि चार्जशीट में भी मंत्री पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। नैतिकता के आधार पर बिना देरी के उन्हें खुद इस्तीफा देना चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करते तो मुख्यमंत्री को उनका इस्तीफा ले लेना चाहिए।

# हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया की शैली पर चर्चा

## *हुड्डा समर्थकों को अधिमान देने का बाबरिया पर लगा आरोप*

## 10 सितम्बर को चण्डीगढ़ की बजाय दिल्ली में पुनः तैयार की जाएगी रिपोर्ट, कद्दावर नेताओं को ही मिलने की होगी इजाजत



विनोद कश्यप( प्रभारी)
दैनिक समाज जागरण हरियाणा

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा कांग्रेस संगठन को लेकर पार्टी प्रभारी दीपक बाबरिया का चंडीगढ़ दौरा देर



रात रद्द कर दिया गया। इस दौरे को रद्द करने की कुछ खास वजह सामने आई हैं। बाबरिया के साथ ही केंद्रीय नेतृत्व को यह डर बना हुआ है कि जिला के प्रभारियों की रिपोर्ट पर मंथन के दौरान रणदीप सुरजेवाला, कुमारी सैलजा, किरण चौधरी (एस आर के) ग्रुप और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समर्थकों के बीच लड़ाई तय है, इससे पार्टी की किरकिरी होती।

अब दिल्ली में बाबरिया से हरियाणा कांग्रेस के सीमित नेता ही मिल पाएंगे। ऐसे में जिला प्रभारियों की रिपोर्ट को लेकर हंगामा होने की संभावनाएं काफी कम हो गई हैं।

सैलजा, रणदीप और किरण चौधरी की मानी जाने वाली तिकड़ी ने जिला समन्वयकों की नियुक्ति पर उठाए सवाल

हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा के लिए सेंट्रल कोऑर्डिनेटर को अलग-अलग जिलों में भेजा था। प्रत्येक टीम के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के 2 मेंबरों को भी रखा गया, लेकिन हर जिले में इन टीमों का विरोध हो रहा है।

हरियाणा कांग्रेस में तिकड़ी वाला ग्रुप लगातार इन टीमों का विरोध कर रहा है। ग्रुप के नेता सवाल उठा चुके हैं कि तय लोगों से ही कोऑर्डिनेटर की मुलाकात क्यों करवाई जा रही है। इस संबंध में रणदीप सुरजेवाला और कुमारी सैलजा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात करते हुए हुड्डा के विरोध में आवाज उठाई है।

### सैलजा ने वेणुगोपाल से की भेंट

कुमारी सैलजा और किरण चौधरी ने राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात कर चुकी हैं। पार्टी के कुछ नेताओं ने दावा किया है कि सैलजा ने केंद्रीय नेतृत्व के सामने हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया की कार्यशैली पर भी सवाल उठाया है। साथ ही उन पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ग्रुप के नेताओं और समर्थकों को तवज्जो देने के आरोप तक लगाए हैं।

### क्यों बदला हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया का चंडीगढ़ का शेड्यूल

हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया 8 से 12 सितंबर तक चंडीगढ़ में रुकने वाले थे। 11 सितंबर को उन्होंने सभी केंद्रीय कोऑर्डिनेटर को चंडीगढ़ रिपोर्ट में सौंपने के लिए बुला लिया था, लेकिन अब विरोध होने के बाद उन्होंने सभी कोऑर्डिनेटर को दिल्ली बुला लिया है। बाबरिया के साथ हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने भी चंडीगढ़ का दौरा रद्द कर दिया है।

### कैसे तैयार हो रही रिपोर्ट की तैयारी

इधर हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने दावा किया है कि सेंट्रल कोऑर्डिनेटर तय समय यानी 10 सितंबर को ही अपनी रिपोर्ट पार्टी प्रभारी को देंगे। इनकी रिपोर्ट में जिलाध्यक्ष के लिए तीन संभावित नाम दिए जाएंगे। इसके साथ ही रिपोर्ट में जिलों में हंगामा करने वाले नेताओं की भी जानकारी दी जाएगी। रिपोर्ट सौंपने के बाद ही उस पर चर्चा होगी। इसके बाद जिला अध्यक्षों की घोषणा से पहले हरियाणा के सभी नेताओं से बात की जाएगी।

# भाजपा के लोग परम्पराओं को तोड़ने से पीछे नहीं हटते- कृषि और पशुपालन मंत्री जेपी दलाल

## कोरोना काल में गाँव- गाँव में खुलवाई मण्डियां और खरीदी गई फसल- जेपी दलाल

समाज जागरण चंडीगढ़ डेस्क

चंडीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा है कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने वर्षों से चली आ रही परंपरा को तोड़ते हुए ऐसी व्यवस्था बनाने का काम करने में पीछे नहीं हटती जिसमें आम आदमी की सीधे तौर पर मदद की बात आती है। सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए कार्यालयों और अधिकारियों या नेताओं के पीछे भागना पड़ता है बल्कि यह सरकार व प्रशासन लोगों के घर द्वार पर आकर योजनाओं का लाभ दे रही है। इससे जरूरतमंद गरीब पात्र लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठा है।

कृषि एवं पशुपालन मंत्री आज भिवानी जिला के गांव देवराला व जुई में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान` उन्होंने करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से गांव ढाणी ओबरा व देवराला के बीच बनने वाले संपर्क मार्ग का शुभारंभ किया।

इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों द्वारा रखी गई समस्याओं के निवारण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने ग्राम पंचायत द्वारा रखी गई गांव में सरकारी अस्पताल की जर्जर हो चुकी बिल्डिंग के नवनिर्माण, पशु अस्पताल की बिल्डिंग, आईटीआई में` ट्रेड बढवाने, श्मशान घाट को जाने वाली गली के निर्माण, वाल्मीकि चौपाल का निर्माण` सहित करोड़ों रुपये के विभिन्न विकास कार्य करवाए जाने का आश्वासन दिया। मंत्री दलाल ने कहा कि उनकी कोशिश हमेशा किसानों की भलाई को लेकर रही। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में केन्द्रीय नेतृत्व के आदेशों की परवाह किए बिना उन्होंने हरियाणा के जहां प्रत्येक व्यक्ति घर में में सिमट कर रह गये लोगों की उस समय गांव-गांव में मंडियां खुलवाकर सहायता की और किसानों की फसल बिकवाने का काम किया।`

# रोहतक में मिली पानीपत के व्यक्ति की लाश

रोहतक, सितम्बरः( कैलाश वर्मा) । पानीपत की कंपनी के सीनियर मर्चेंडाइजर का शव रोहतक में मिला। वह घर से 6 सितंबर को कपड़े लेने के लिए निकला था। जब वापस नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गई। न मिलने पर शिकायत पुलिस को की गई। इस बीच शव रोहतक से होकर गुजरने वाली जेएलएन नहर में मिला। अभी तक मृतक के मौत के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है।

मृतक की पहचान पानीपत के न्यू रमेश नगर निवासी करीब 46 वर्षीय प्रवीण चोपड़ा के रूप में हुई है। वह आज ऑफिस की तरफ से चीन टूर पर भी जाने वाला था। जिसको लेकर वह खासा उत्साहित था।

## अतिथि अध्यापक कभी भी अपने जीवन में बहन राजरानी की शहादत का नहीं चुका पाएंगे ऋण -- दया किशन गूंदली

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : गेस्ट टीचर बहन राज रानी के शहादत के 15 वर्ष पूरे होने पर राजकीय अतिथि अध्यापक मंच बरवाला ब्लॉक के तत्वावधान में श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु शहीद मदन लाल ढींगडा पार्क में सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में शहीद बहन राज रानी को याद करते हुए उपस्थित गेस्ट टीचरो द्वारा शहीद बहन राज रानी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गईं जिला संयोजक सुखबीर बूरा ने कहा कि हरियाणा में बहन राज रानी पहली शहीद कर्मचारी हैं। ब्लॉक प्रधान दया किशन गुंदली ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि अतिथि अध्यापक कभी भी अपने जीवन में बहन राज रानी की शहादत का ऋण नही चुका पाएंगे। ब्लॉक कैशियर जसमेर पुनिया ने कहा कि करनाल में 9 सितम्बर को बहन राज रानी की शहादत को राज्य स्तर पर शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाएगो जिसमें बरवाला ब्लॉक से प्रत्येक अतिथि अध्यापक द्वारा बढ़-कर कर भागीदारी की जाएगी इस अवसर पर अनेक अतिथि अध्यापक बलराज पुनिया,धर्मपाल पुनिया, राजेश शर्मा, श्रवण व प्रवीन गुन्दली आदि मौजूद रहे



## मुख्यमंत्री द्वारा भेजे गए अनुदान राशि से शैड का श्रीनिवास गोयल ने किया लोकार्पण

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) श्री हनुमान क्षेत्र भंडारा धर्मशाला फतेहचंद कॉलोनी उकलाना में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा दिए गए 7 लाख रुपए के अनुदान के तहत का निर्माण हुआ जिसका उद्घाटन हरियाणा ट्रेड्स वेलफेयर बोर्ड के वाईस चेयरमैन श्रीनिवास गोयल ने जन्माष्टमी के पर्व पर किया। श्रीनिवास गोयल ने बताया कि 42 लख रुपए विभिन्न संस्थाओं को मुख्यमंत्री ने अनुदान के रूप में दिए जिससे विकास कार्य उकलाना में हुए। उसी कड़ी में इस मंदिर में भी भंडारा धर्मशाला का निर्माण हुआ। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का शुभारंभ ज्योत प्रचलित कर श्रीनिवास गोयल ने किया। जन्माष्टमी पर विभिन्न प्रस्तुतियां कलाकारों द्वारा दी गई और श्री कृष्णा महिमा का वर्णन भी हुआ। शैड के लोकार्पण के मौके पर नगर पालिका उकलना के अध्यक्ष सुशील साहू वाला भी रहे उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए अनुदान के तहत यह कार्य हुआ है जिससे जनता लाभवंतित होगी।मंदिर कमेटी के प्रधान तरसेम गोयल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा श्रीनिवास गोयल का भी आभार जताया और कहा पुनीत कार्य में सरकार द्वारा सहयोग दिया गया है उसे मंदिर का सुधार हुआ है। इस मौके पर तरसेम गोयल, रामनिवास गर्ग, संजय गुप्ता, मुकेश सराफ, देवेंद्र कालड़ा, गुलशन बठला, दीपक गोयल, संदीप गोयल , हैप्पी ढींगरा ,रवि गर्ग सहित अनेक लोग मौजूद थे।



### चीन में होने वाले एशियाई खेल

# बिना ट्रायल कुश्ती खिलाड़ी बजरंग विशाल के चयन पर महापंचायत में जबरदस्त हंगामे के बीच नौबत हाथापाई तक

महेश शर्मा संवाददाता
दैनिक समाज जागरण, हरियाणा

जींद, सितम्बरः चीन में आयोजित हो रहे एशियाई खेलों को लेकर बिना ट्रायल के कुश्ती खिलाड़ी बजरंग पूनिया और विशाल कालीरमण के चयन को लेकर चल रहे विवाद के समाधान के लिए शनिवार को जींद की जाट धर्मशाला में महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश भर की कई खापों ने हिस्सा लिया।

महापंचायत में काफी हंगामा हुआ और नौबत हाथापाई तक आ पहुंची थी। आखिर तक बैठक में कोई समाधान नहीं निकल पाया। अब खाप पंचायतों ने कहा कि इसका फैसला खाप नहीं कर सकती। कुश्ती संघ ही इसका फैसला करेगा और जो फैसला कुश्ती संघ करेगा, वही उन्हें मंजूर होगा।

इस विवाद के पटाक्षेप को लेकर करीब 16 दिन पहले 24 अगस्त को भी जींद में ही खापों की महापंचायत हुई थी। उस दिन सहमति नहीं बनने पर शनिवार को दोबारा पंचायत बुलाई गई। विवाद पहलवान बजरंग पूनिया व सिसाय गांव निवासी पहलवान विशाल को एशियाइ खेलों में भेजने को लेकर है कि आखिर किस पहलवान को एशियाई खेलों में भेजा जाए।

विशाल की रोधी खाप द्वारा पंचायत बुलाई गई थी। रोधी खाप के प्रधान रामनिवास शर्मा ने कहा कि वह इस मामले में बजरंग पूनिया से मिले थे और बजरंग ने ही खाप पंचायत बुलाने के लिए कहा था।

शनिवार को हुई महापंचायत में सर्व खाप, नौगामा खाप, कंडेला खाप, माजरा खाप, रोधी खाप, पूनिया खाप समेत प्रदेश भर की काफी खापों ने भाग लिया। महापंचायत के दौरान एक-एक कर सभी खापों प्रतिनिधयों ने कहा कि यह फैसला खाप के स्तर का नहीं है। कुश्ती संघ द्वारा फैसला लिया गया है।

ऐसे में खापों को इसमें दखल नहीं देना चाहिए। यह व्यक्तिगत मामला है। इस पर सर्वखाप प्रवक्ता सूबे सिंह समैण की भी कुछ लोगों के साथ कहासुनी हो गई।

इसके बाद रोधी खाप के साथ आए पहलवान विशाल के बड़े भाई कृष्ण ने पहलवान बजरंग पूनिया के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए। खापों के लोगों के बीच कहासुनी चलती रही और युवाओं के बीच हाथापाई की स्थिति आ गई।

रोधी खाप के लोगों का कहना है कि पहलवान बजरंग पूनिया और विशाल 65 किलोग्राम भार वर्ग में मुकाबला कर रहे हैं।

# जे जे पी के संगठन की प्रक्रिया

## *जे जे पी ने संगठन की पुनर्गठन प्रक्रिया में नियुक्त की 90 महिला पदाधिकारी*

निशा शर्मा ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण, हरियाणा



चण्डीगढ़, सितम्बर । हरियाणा में जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन की पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत 90 महिला पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, विधायक नैना चौटाला, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शीला भ्याण ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद महिला प्रकोष्ठ में 90 हलका अध्यक्षों की नियुक्तियों की सूची जारी की है।

जेजेपी महिला प्रकोष्ठ में अंबाला कैंट में प्रवीन लता, अंबाला सिटी में रीना रानी, नारायणगढ़ में शबनम, मुलाना में सुदेश रानी, भिवानी में रोशनी साई, लोहारू में सुमन मील, तोशाम में शकुंतला सिहाग, बवानी खेड़ा में गुड्डी लांग्यान, दादरी में राजवंती फोगाट, बाढड़ा में शकुंतला झोझू कलां, फरीदाबाद में त्रिपती मित्तल, पृथला में मुनेश, बड़खल में अनुपमा बख्शी, बल्लभगढ़ में ज्योति, फरीदाबाद एनआईटी में मीनाक्षी शर्मा और तिगांव में राम सखी को हलका अध्यक्ष बनाया हैं।

फतेहाबाद हलके में सुलेख रानी, टोहाना में सर्वजीत कौर, रतिया में गुरप्यार कौर, गुरुग्राम में पूनम कुमारी, पटौदी में मीनाक्षी, बादशाहपुर में वीना गुप्ता, सोहना में संतोष धारीवाल, हिसार में दर्शना लाठर, आदमपुर में अनीता ढंढूर, उकलाना में सपना सरसाना, नारनौंद में सेवापति पन्नू, हांसी में सुरेश मलिक, बरवाला में उर्मिला लांबा, नलवा में सुमित्रा मंगाली, झज्जर में कांता खेड़ी, बादली में केलाश पंवार, बहादुरगढ़ में रचिता और बेरी में दयावति महिला हलका अध्यक्ष होगी।

जींद में रविला नंबरदार, जुलाना में गुड्डी लाठर, सफीदों में सुमित्रा सैनी, उचाना में मुकेश डूमरखां, नरवाना में सीमा बद्दोवाल, कैथल में शीला मलिक, गुहला में प्रवेश देवी, कलायत में रेनू, पूंडरी में पूनम शर्मा, करनाल में वीनू, नीलोखेड़ी में रोशनी देवी, इंद्री में बबली समोरा, घरोंडा में राजबाला वर्मा, असंध में पूनम देवी, थानेसर में दर्शना देवी, लाडवा में सुषमा शर्मा, शाहाबाद में परमजीत कौर, पिहोवा में परविंदर कौर, महेंद्रगढ़ में उर्मिला कोथल खुर्द, अटेली में सुषमा सराय, नारनौल में सोनिया धनखड़ और नांगल चौधरी में सुनीता यादव को महिला हलका अध्यक्ष नियुक्त किया हैं।

नूंह में कुंती महर, फिरोजपुर झिरका में आगरी, पुन्हाना में तबस्सुम, पानीपत सिटी में कविता, पानीपत ग्रामीण में नसीमा राव, इसराना में सुदेश नौल्था, समालखा में मीनाक्षी चावला, पंचकूला में पूजा, कालका में चंचल सभरवाल, पलवल में सुमन मलिक, हथीन में मनजीत फुलवाड़ी, होडल में पूनम, रेवाड़ी में किरण शर्मा, बावल में सुमन शर्मा, कोसली में मीरापति, रोहतक में सरोज यादव, महम में राजदेवी, गढ़ी सांपला किलोई में राकेश दलाल और कलानौर में सुमन देवी को महिला हलका अध्यक्ष बनाया हैं।

सिरसा में अमरजीत कौर, कालांवाली में कमला देवी, डबवाली में शकीला बिश्नोई, रानिया में पूजा महला, ऐलनाबाद में नीलम ज्योति, सोनीपत में सुरेश दलाल, गन्नौर में अनीता वर्मा, राई में कमलेश, खरखौदा में मंजू दहिया, गोहाना में विद्या मोर, बरोदा में पूर्व सरपंच रेनू आंवली, यमुनानगर में हरजीत कौर, साढौरा में कुलजीत कौर उर्फ निशा, जगाधरी में राजेंद्र कौर और रादौर में मीना कुमारी जेजेपी महिला हलका अध्यक्ष होंगी।

# पतंजलि योगपीठ में इलाज के नाम पर हरियाणा में ठगी की वारदात, फर्जी वेबसाइट से लगाया चूना

सोनीपत. आप भी अगर किसी भी तरह की ऑनलाइन बुकिंग करने के बारे में सोच रहे हैं. तो यह खबर आपके लिए है. अगर आप भी गूगल पर ऑनलाइन बुकिंग करते हैं तो सावधान हो जाएं. ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि साइबर ठगों ने ठगी करने का एक नया तरीका अपनाया है. जो गूगल पर फर्जी वेबसाइट बनाकर आम जनता के साथ ठगी कर रहे हैं.

वहीं, इसी मामले में सोनीपत की साइबर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी सुधीर कुमार और छोटू चौधरी बिहार के रहने वाले है. दोनों ठग पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में बुकिंग करवाने के नाम पर ठगी कर रहे थे. केदारनाथ और बद्रीनाथ जाने वाले यात्रियों को पवन हंस हेलीकॉप्टर की बुकिंग करने नाम पर ठगी करते थे. कोर्ट में पेश कर दोनों आरोपियों को 8 दिन के रिमांड पर लिया गया है.

साइबर थाने में दर्ज हुई शिकायत गौरतलब है कि सोनीपत के रहने वाले एक शख्स ने गूगल पर हरिद्वार पतंजलि की वेबसाइट पर डॉक्टर की अपॉइंटमेंट ली थी. गूगल की सहायता से जो नंबर प्राप्त हुआ उसे बातचीत के बाद उसने 60 हजार रुपये भेज दिए. अपॉइंटमेंट के बाद उन्हें डॉक्टर का नाम और अपॉइंटमेंट लेटर दिया गया. जिसके के बाद जब वह हरिद्वार पहुंचे तो ठगी का पता चला और उन्होंने साइबर थाने में शिकायत दी गई.

### पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

शिकायत के आधार पर इस मामले में सोनीपत की साइबर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों के पास से 12 मोबाइल और 21 हजार रुपये की नगद बरामद हुआ है.कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 8 दिन के रिमांड़ पर भेज दिया है.मामले में जानकारी देते हुए डीसीपी गौरव राजपुरोहित ने बताया कि सोनीपत के रहने वाले एक शख्स ने पतंजलि हरिद्वार में अपॉइंटमेंट ली थी. लेकिन जब वह हरिद्वार पहुंचा तो अपॉइंटमेंट नहीं मिला. इसके बाद उन्हे अपने साथ ठगी का पता चला. इस मामले में दो आरोपियों गिरफ्तार किया गया है

# पति के अफेयर या सट्टेबाजी की आदत दहेज हत्या में फंसाने का आधार नहीं, दिल्ली हाई कोर्ट की अहम टिप्पणी

नई दिल्लीः दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में एक अहम टिप्पणी की है. हाई कोर्ट ने कहा है कि पति के विवाहेतर संबंध या सट्टेबाजी की आदतें उसे भारतीय दंड संहिता की धारा 304 बी के तहत फंसाने का आधार नहीं बन सकती हैं, जो दहेज हत्या से संबंधित है. जस्टिस विकास महाजन की एकल पीठ ने 5 सितंबर के अपने आदेश में यह टिप्पणी की है.

इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार पीठ ने कहा, 'जहां तक याचिकाकर्ता (पति/पुरुष) के विवाहेतर संबंध या याचिकाकर्ता के सट्टेबाजी में लिप्त होने का सवाल है, तो यह याचिकाकर्ता को IPC की धारा 304बी के तहत फंसाने का आधार नहीं हो सकता है.' मालूम हो कि कोर्ट द्वारा कढव की धारा 304बी (दहेज हत्या) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत दर्ज FIR के संबंध में एक व्यक्ति की जमानत याचिका पर यह टिप्पणी आई है.

IPC की धारा 304बी के बारे में बताते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि उत्पीड़न या क्रूरता 'मृत्यु से तुरंत पहले' होनी चाहिए और दहेज की मांग से संबंधित होनी चाहिए. न्यायमूर्ति महाजन ने कहा, 'मृत्यु से तुरंत पहले 'अभिव्यक्ति' एक सापेक्ष अभिव्यक्ति है. समय अंतराल प्रत्येक मामले में भिन्न हो सकता है. बस इतना जरूरी है कि दहेज की मांग पुरानी नहीं होनी चाहिए बल्कि IPC की धारा 304 बी के तहत विवाहित महिला की मौत का निरंतर कारण होनी चाहिए.'

### क्या है मामला?

इस मामले में एक कपल शामिल है, जिनकी साल 2020 में शादी हुई थी. इसके बाद, पत्नी, जिसकी पिछले साल अगस्त में आत्महत्या से मृत्यु हो गई. बाद में पता चला कि इसके पति का विवाहेतर संबंध था और उसे सट्टेबाजी की आदत थी. जैसे ही उनका रिश्ता तनावपूर्ण हो गया, महिला ने तलाक की याचिका सहित उसके खिलाफ विभिन्न मामले दायर किए. महिला की मृत्यु के बाद, उसके पिता ने आईपीसी की धारा 304बी के तहत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई.

IPC की धारा 304बी के बारे में बताते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि उत्पीड़न या क्रूरता ह्यमृत्यु से तुरंत पहलेह्व होनी चाहिए और दहेज की मांग से संबंधित होनी चाहिए.

## टॉप 10 के फरार अपराधी मुन्ना सोनी ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण



वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। किशनगंज थाना काण्ड में कई धाराओं के अपराधी मुन्ना सोनी पिता-सुगरा सोनार उर्फ सुरेन्द्र प्रसाद, निवासी कनहेरिया, थाना-डगरूआ, जिला पूर्णियाँ जो टॉप-10 के अपराधी हैं और ये विगत तीन वर्षो से फरार थे। फरार रहने की स्थिति में इनके विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट एवं इस्तेहार न्यायालय से निर्गत था। उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु गौतम कुमार एसडीपीओ किशनगंज के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा लगातार छापामारी अभियान चलायी जा रही थी। इसी क्रम में टॉप-10 अपराधी मुन्ना सोनी 08 सितम्बर को पुलिस गिरफ्तारी के भय से न्यायालय किशनगंज में आत्मसमर्पण किया।

## अररिया जिला अंतर्गत सोहन्दर हाट प्रखंड पलासी में गायत्री शक्तिपीठ का निर्माण कार्य पूर्ण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

अररिया जिला अंतर्गत सोहन्दर हाट प्रखंड पलासी की पावन धरती पर गायत्री शक्तिपीठ का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत प्राण प्रतिष्ठा एवं 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ सह विराट संस्कार महोत्सव 3 दिसंबर से 6 दिसंबर 2023 तक की जोर-दार तैयारी चल रही है। इस महती आध्यात्मिक एवं धार्मिक कार्य को संपन्न करने हेतु धर्मनाथ झा जी के संरक्षण में 17 परिजनों की टोली पांच दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में सम्मिलित होने हेतु ब्रह्म वर्चस्व शांतिकुंज हरिद्वार किशनगंज स्टेशन से प्रस्थान किया। इस पुनीत अवसर पर श्यामानंद झा वरिष्ठ प्रज्ञा पुत्र सेवानिवृत प्रधानाध्यापक राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त एवं कमलेश कुमार अधिवक्ता ने स्टेशन पर पहुंचकर



रॉली मॉली से सम्मानित कर भावभीनी विदाई देते हुए मंगलमय यात्रा की शुभकामना दी।शांतिकुंज ऊर्जा केंद्र के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए श्यामानंद ने कहा आप सब परिजन जीवन दर्शन प्राप्त करने वहां जा रहे हैं इसलिए वहां की सारी गतिविधियां में भाग लेकर अपना व्यक्तित्व परिष्कार करेंगे तथा उस परिसर से अन्यत्र कहीं भी नहीं जायेंगे क्योंकि अन्यत्र वातावरण में जाकर जीवन ऊर्जा का क्षरण हो जाएगा। अपना लक्ष्य लगन और उत्साह के साथ पुरुषार्थ पूर्वक करते हुए शक्ति कलश लेकर वहां से यज्ञ स्थल अपने क्षेत्र में आ जाएंगे। वही सत्र में भाग लेने वाले मुख्य परिजन विकास जायसवाल, दीपक जायसवाल, धर्मनाथ मंडल, राजेंद्र प्रसाद यादव, राजकुमार सिंह, आनंदी यादव, घनेश्वर मंडल, भूतनाथ मंडल, राजेंद्र मंडल, गंगाधर मंडल, लाडली केसरी, कुंदन केसरी, राजू मंडल ,लक्ष्मी प्रसाद मंडल, भोला मंडल, रेशम लाल गम, लाल ,बबीता देवी, रानी देवी, आदि का भावभीनी विदाई देकर गाड़ी से प्रस्थान किया।

## बीएसएफ ने भारी मात्रा में जप्त की प्रतिबंधित कफ सिरप

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

दिनांक :- 08/09/2023 को सेक्टर मुख्यालय किशनगंज व 152 वीं वाहिनी द्वारा। गुप्त सूचना के आधार पर भारत बांग्लादेश सीमा के नजदीक सीमा सुरक्षा बल द्वारा भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ वाहन चालक को दबोचा गया, जोकि प्रतिबंधित कफ सिरप को ट्रक में बनारस से सिलीगुड़ी की ओर ले जा रहा था। प्रतिबंधित कफ सिरप की मात्रा 10400 बोतल पाई गई जिसकी अगुवाई इंस्पेक्टर आशीष कुमार व इंस्पेक्टर पदम लोचन बास्की व अन्य के द्वारा बाबा बालक नाथ लाइन होटल नियर इस्लामपुर में की गई। पूछताछ के दौरान चालक का नाम राम नरेश गोस्वामी जो कि बिहार के रोहतास जिले का रहने वाला है पता चला । जप्त किया गया ट्रक , कफ सिरप ,चालक को इस्लामपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया।




### पनोरमा स्टार सीजन -06

## ई होम्स पूर्णियां में अनुराधा पौडवाल म्यूजिकल शो को लेकर तैयारियां शुरू : संजीव मिश्रा

### 26 नवंबर को होना है रंगारंग कार्यक्रम

पूर्णियां। सीमांचल इंफ्राटेक प्राईवेट लिमिटेड(पनोरमा ग्रुप)के द्वारा आयोजित पनोरमा स्टार सीजन -06 के आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई है। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष के तरह इस वर्ष भी पनोरमा ग्रुप द्वारा आयोजित पनोरमा स्टार सीजन -06 का आयोजन काफी भव्य रूप से किया जाना है। जिनका आगाज माह अक्टूबर से पनोरमा ग्रुप के ई होम्स पनोरमा परिसर में होगा। इसी कड़ी में 26 नवंबर को पनोरमा स्टार सीजन 6 के अवसर पर प्रसिद्ध पार्श्व गायिका पद्मश्री अनुराधा पौडवाल जी का आगमन होने जा रहा। कार्यक्रम में आने की उनकी स्वीकृति पत्र मिल गई है। संजीव मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। फ्रेंड्स ऑफ संजीव की टीम सांस्कृतिक कार्यक्रम को भव्य बनाने में लग गए हैं।




## शहीद नीरज छेत्री के सम्मान में दिनांक 30 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक होगा वॉलीबॉल टूनार्मेंट का अयोजन

### 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया द्वारा की जा रही है तैयारी

*केन्द्रीय संचार ब्यूरो पटना, जिला प्रशासन अररिया, नेहरु युवा केंद्र अररिया व सशस्त्र सीमा बल अररिया द्वारा खेल के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के कैंप भी लगाये जायेंगे*

सिकटी। 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया द्वारा बल के शहीद नीरज छेत्री के सम्मान में दिनांक 30/09/2023 से 02/10/2023 तक ह्लशहीद नीरज छेत्री वॉलीबॉल टूनार्मेंटह्व का आयोजन सिकटी प्रखंड अंतर्गत खेल मैदान में आयोजित किया जा रहा है । यह टूनार्मेंट नॉकआउट आधार पर खेला जायेगा जिसमें कुल 10 टीमें प्रतिभाग करेंगी, पहला मैच सशस्त्र सीमा बल और ए पी एफ नेपाल के बीच खेला जायेगा । इस टूनार्मेंट में यदि कोई क्लब या टीम प्रतिभाग करना चाहती है तो वह दिनांक 20/09/2023 तक वाहिनी के संपर्क सूत्र 9431821422 में अपने प्रतिभाग करने की सूचना दे सकती हैं। इस तीन दिवसीय टूनार्मेंट के दौरान खेल मैदान सिकटी में केन्द्रीय संचार ब्यूरो पटना, जिला प्रशासन अररिया, नेहरु युवा केंद्र अररिया व सशस्त्र सीमा बल अररिया द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के कैंप लगाये जायेंगे जिसका सीधा फायदा स्थानीय जनता को मिलेगी ।इस संबंध में अररिया जिले की सम्मानित जनता से अनुरोध है कि दिनांक 30/09/2023 से 02/10/2023 तक खेल मैदान सिकटी में पधारकर ह्लशहीद नीरज छेत्री वॉलीबॉल टूनार्मेंटह्व की शोभा बढ़ाएं तथा सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करें । हमारा उद्देश्य खेल कार्यक्रम के माध्यम से सीमावर्ती जनता को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराना है



## सिमरिया पंचायत में डीडीसी ने हरी झंडी दिखाकर कचरा प्रबंधन वाहन को किया रवाना

जोकीहाट ।लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत शुक्रवार को सिमरिया पंचायत भवन में डीडीसी संजय कुमार ने ठोस एवं तरल अवशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु सामग्री का वितरण किया।



इस दौरान डीडीसी संजय कुमार डोर टू डोर कचरा उठाव वाहन व ठेलाको हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर जिला समन्वयक विनय कुमार झा, प्रखंड समन्वयक सौरभ कुमार, वैड्स फाउंडेशन यूनिसेफ के भारत भूषण तिवारी, सुबोध कुमार,स्वच्छता पर्यवेक्षक मंजूर आलम, पंसस फिरोज आलम, पूर्व पंसस प्रतिनिधिप्रभात कुमार सहित सभी वार्ड सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया गजाला प्रवीण ने की। जबकि धन्यवाद ज्ञापन मुखिया प्रतिनिधि अख्तर आलम ने किया।

## बिहार विधान परिषद के प्रतिपक्ष के नेता हरि सहनी का उदाकिशुनगंज आगमन आज

उदाकिशुनगंज ।

रविवार को भाजपा बिहार विधान परिषद के प्रतिपक्ष के नेता आदरणीय हरि सहनी जी का आगमन उदाकिशुनगंज अनुमंडल के अतिथि गृह (गेस्ट हाउस) में होना सुनिश्चित हुआ है।

भाजपा के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आग्रह है कि कल 11 बजे दिन में भारी से भारी संख्या में गेस्ट हाउस में पहूंचकर प्रतिपक्ष के नेता के आगमन की साक्षी बनें तथा कार्यक्रम में सहभागी बनें।

इस अवसर पर भाजपा की आगे की रणनीति पर चर्चा-परिचर्चा, विचार सहित सांगठनिक कार्यशाला में निश्चित रूप से भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनावें।

## नकली मोबिल बेचने वाले आरोपी को 158 लीटर मोबिल के साथ गिरफ्तार

फारबिसगंज । फारबिसगंज थाना अंतर्गत रानीगंज रोड़ स्थित राजा मोटर्स & सर्विस सेंटर नाम के दुकान में केस्टरोल कंपनी के नाम से नकली मोबिल बेचने वाले आरोपी को 158 लीटर मोबिल (कई कंपनियों के नकली मोबिल) के साथ फारबिसगंज थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत अररिया भेज दिया गया।

## धार्मिक अनुष्ठान : गणेश चतुर्थी महोत्सव आयोजन को लेकर जुटे कार्यकर्ता

### 2013 से स्टूडेंट यूथ क्लब कर रही है महोत्सव का आयोजन

दैनिक समाज जागरण संवाददाता ठाकुरगंज(किशनगंज) ।

"वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकायेर्षु सर्वदा" ! किसी भी कार्य के शुभारंभ से पूर्व गणपति बप्पा का स्मरण अवश्य किया जाता है। वे प्रथम पूज्य हैं। लेकिन, शुभ और लाभ की कामना से सर्वप्रथम गणपति का ही नाम लिया जाता है। शिवपुराण में भी इसका उल्लेख मिलता है कि भगवान शिव गणपति बप्पा को समस्त देवी-देवताओं में प्रथम बताया और उन्हें प्रथम पूज्य होने का आशीर्वाद दिया है।

देवताओ के ईष्ट भगवान गणेश के सबसे बड़े पर्वो में से एक गणेश चतुर्थी महोत्सव पूरे देश में धूमधाम से मनाई जाती है। देश के कई हिस्सों में गणपति पंडाल लगते हैं। लोग देवताओं में प्रथम पूजनीय देवता के रूप में गणेश जी की प्रतिमा को गणपति पंडाल या फिर अपने घर में स्थापित करते हैं। लोग सिद्धि विनायक के लिए श्रद्धानुसार उपवास भी करते हैं। उसके बाद गणपति जी का विसर्जन किया जाता है। गणेश जी की आरती भजनों से माहौल खुशनुमा बना रहता है । मद्देनजर शुक्रवार की संध्या गणपति भक्त की बैठक हुई।

ठाकुरगंज नेताजी डीडीसी मार्केट में भी प्रथम आराध्य देव की पूजा अर्चना 2013 से महोत्सव के रूप में गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी आगामी 19 सितंबर से 21 सितंबर तक 03 दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

स्टूडेंट यूथ क्लब द्वारा तैयारी को लेकर बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई और महोत्सव



मनाने को लेकर कम समय में तैयारी पूर्ण करने पर जोर दिया गया।

तीन दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन 19 सितंबर से 21 सितंबर तक सुनिश्चित है। जिसे ठाकुरगंज में महोत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है। कमिटी के पदेन के विस्तार भी किया गया एवम इस वर्ष के आयोजन में सदस्यों को जिम्मेदारी भी सौपी गई। जिसमें अध्यक्ष सुमित राज यादव, उपाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, सचिव राजीव कुमार झा, कोषाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, मुख्य संरक्षक के रूप में कौशल किशोर यादव, संयोजक श्रीकृष्ण सिंह उर्फ सिकंदर पटेल, संरक्षक देवकी अग्रवाल, संरक्षक सोहेल रहमानी, संयोजक अमित कुमार सिन्हा, सक्रिय सदस्य सालीम अहमद, वरिष्ठ सदस्य प्रदीप कुमार साह, सदस्य सोनू कुमार गुप्ता, सदस्य विजय कुमार मिश्रा सहित अन्य कई सदस्य शामिल हैं।

### 03 दिवसीय कार्यक्रमः-

प्रथम दिवस गणपति वंदना एवं विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना, संध्या आरती व मनोकामना पूर्ण प्रतिमा दर्शन होंगे। द्वितीय दिवस में विधिवत पूजा-अर्चना तत्पश्चात मुफ्त जांच शिविर जो कि दिशान हॉस्पिटल, सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल की डॉक्टर की टीम एवम केयर हेल्थ इंश्योरेंस की स्थानीय टीम संयुक्त रूप में 02 बजे तक आयोजन करेंगी। वही, आरती के तत्पश्चात पश्चिम बंगाल के कानकी धाम के सुप्रसिद्ध गायक सुधीर सिंह और गायक टीम के द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की जाएगी। भजन संध्या पूरे महोत्सव का आकर्षण केंद्र रहता है। तृतीय एवं अंतिम दिवस में प्रतिमा विसर्जन हवन महाप्रसाद का भोग वितरण शामिल है।

पुरोहित सुनील मिश्रा बताते हैं कि पिछले वर्ष का संयोग बुधवार को मिली थी और इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी महोत्सव बुधवार के देवता बुधवार को संयोग में आ रहा है। जो काफी शुभ माना जाता है। भगवान गणेश बुधवार के देवता हैं बुधवार के दिन गणेश पूजा का विशेष महत्व होता है।

बैठक में मुख्य रूप से गणेश चतुर्थी महोत्सव 2023 के नवगठित कमिटी में संरक्षक देवकी अग्रवाल, संरक्षक बिजली प्रसाद सिंह, अध्यक्ष सुमित राज यादव, उपाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, सचिव राजीव कुमार झा, कोषाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, सक्रिय सदस्य अशोक भारती, सक्रिय सदस्य अमित सुल्तानिया, सक्रिय सदस्य मिथलेश झा अन्य सदस्यों में अभिषेक कुमार पोद्दार, प्रह्लाद झा, ललित अग्रवाल, अमित लाल श्राफ, गोपेश यादव उपस्थित रहें।

## एआईएमआईएम के प्रखंड अध्यक्ष मिन्हाज आलम ने चलाया सदस्यता आभियान

### ओबैसी की पार्टी से जुड़े जोकीहाट के कई लोग

जोकीहाट । एआईएमआईएम के प्रखंड अध्यक्ष जनाब मिन्हाज आलम के नेतृत्व में चलाई जा रही सदास्यता आभियान में विभिन्न दलों से जुड़े लोगों ने ओबैसी साहब की पार्टी पर आस्था रख एआईएमआईएम की सदस्यता ली



मिन्हाज आलम साहब ने कहा कि पार्टी को पूरा भरोसा है कि आप पूरी निष्ठा के साथ बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के विचारों को आप जन जन तक पहुंचाने का काम करेगें । मेरी तरफ से आप सबों को दिली मुबारकबाद।

## अमरकथा शिल्पी फणीश्वरनाथ रेणु की कालजयी रचना मैला आँचल के जीवंत पात्र थे बाबू रामलाल भगतनहीं रहे : के.एन.विश्वास

### कथाकार रेणु जी ने अपनी कथा चरित्र में रामलाल को रामरेड से चित्रण क्या है

फारबिसगंज/डा. रूद्र किंकर वर्मा। फारबिसगंज प्रखंड के रेणुगाँव धमदाहा निवासी 100 वर्षीय रामलाल भगत जी का हृदयगति रुकने से शुक्रवार को निधन हो गया। रामलाल भगत विश्वविख्यात अमरकथा शिल्पी फणीश्वरनाथ रेणु की कालजयी रचना मैला आँचल के जीवंत पात्र थे।इनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुये वरिष्ठ राजद नेता सह पूर्व लोक अभियोजक के.एन.विश्वास ने कहा कि रामलाल भाई मेरे काफी करीबी ,सहृदयी, हँसमुख और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे।वे हमेशा अपनी बातों में आधा हिन्दी और आधा इंगलिश बोला करते थे,इससे प्रभावित होकर कथाकार रेणु जी ने अपने कथा चरित्र में रामलाल को रामरेड से चित्रण क्या है।रेणु जी इन्हें हमेशा राम-रेड कहा करते थे।उन्होंने इस दुःख की घड़ी में परिवार के लोगों को सांत्वना दी।स्व. रामलाल के पुत्र कृष्णदेव भगत पूर्व उपमुख्यपार्षद रहे हैं तो वही दो पुत्र शंकर भगत और उमाशंकर भगत व्यवसायी हैं।वे अपने पीछे दो पीढ़ी का भरा पूरा परिवार छोड़ गये। इनके निधन पर राजद युवा नेता अविनाश आनन्द,मुखिया प्रतिनिधि अफताब आलम चुन्ना,पैक्स अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया अरविंद विश्वास,नीलोत्पल राय,शिक्षक पीताम्बर विश्वास,अभिषेक रंजन,विनय गुप्ता,पूर्व पैक्स अध्यक्ष यशपाल राय,संजीव विश्वास,उमेश मंडल,सुरेंद्र मंडल ने शोक व्यक्त किया है।



## सेंट्रल जेल में जल्द लगेगा जैमर बंदी नहीं कर पाएंगे मोबाइल यूज

दैनिक समाज जागरण

पूर्णियां । पूर्णियां सेंट्रल जेल समेत राज्य के 15 जेलों के बंदी निकट भविष्य में मोबाइल पर बात नहीं कर पायेंगे. पूर्णियां का सेंट्रल जेल जल्द ही उच्च तकनीक के जैमर से लैस किया जायेगा. इस तकनीक को हारमोनियस कॉल ब्लॉकिंग सिस्टम या टी-एचसीबीएस कहा जाता है. टी एचसीबीएस सिस्टम जेलों में किसी भी प्रकार के मोबाइल फोन सिग्नल को ब्लॉक कर देगा. ऐसे में जेल के अंदर मोबाइल से बाहर न कोई कॉल होगा और न ही बाहर से कोई कॉल बंदियों तक आयेगा. इस व्यवस्था से लैस हो जाने के बाद जेल के अंदर निश्चित परिधि में मोबाइल नेटवर्क को ड्रॉप किया जा सकेगा. यह टी एचसीबीएस तकनीक 2 जी से लेकर 5जी सिग्नल को पूरी तरह ब्लॉक करने में सक्षम है. टीएचसीबीएस तकनीक पूर्णिया सेंट्रल जेल के अलावा राज्य के बेउर जेल पटना, सेंट्रल जेल बक्सर, सेंट्रल जेल मोतीहारी, शहीद खुदीराम बोस सेंट्रल जेल मुजफ्फरपुर, शहीद जुब्बा सहनी सेंट्रल जेल भागलपुर, विशेष केंद्रीय कारा भागलपुर, सेंट्रल जेल गया, छपरा जेल, दरभंगा जेल, सहरसा मंडल कारा, मुंगेर जेल, फुलवारीशरीफ जेल, उपकारा दानापुर एव पटना सिटी में लगने जा रहा है. जेल में इस प्रणाली को लगाने के लिए गृह विभाग (कारा) द्वारा चयनित जेलों के अधीक्षकों को टैंडर निकालने का निर्देश दिया गया है. इस संबंध में पूर्णिया सेंट्रल जेल के अधीक्षक राजीव कुमार झा ने बताया कि जेल में टी एचसीबीएस प्रणाली लगाने के लिए निविदा निकाली गयी है. इस प्रणाली से लैस हो जाने से जेल के बंदी मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं कर पायेंगे.

## बिहार में कराये जा रहे जाति गणना का विरोध व साजिश कर अपना असली चेहरा उजागर कर रही है भाजपा: अविनाश आनंद

समाज जागरण

अररिया। बिहार में हो रहे जाति गणना का फिर भाजपा कर रही है विरोध।भाजपा की यह विरोधनीति दलित व अतिपिछड़ा का हक विरोधी है।केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार बिहार में कराये जा रहे जाति गणना का विरोध व साजिश कर अपना असली चेहरा उजागर कर रही है।उक्त बातें अररिया जिला के राजद युवा नेता अविनाश आनन्द ने कही।

पिछड़ा और अतिपिछड़ा विरोधी बीजेपी ने फिर से बिहार में हो रहे जाति गणना सर्वे का विरोध कर रही है।उन्हें इस बात का डर है कि जाति गणना के प्रकाशन के बाद बहुसंख्यक वंचित,अतिपिछड़ा जाति की संख्या सार्वजनिक हो जायेगी,जिससे अबतक इस समाज



की हकमारी कर रही केंद्र सरकार घबरा गयी है कि अब उन्हें उनकी जनसंख्या के अनुपात में समाजिक,विकास के अवसर,सरकारी सेवा के अवसर और राजनीतिक भागीदारी देनी होगी,जो अबतक वह नहीं कर रही थी।

गरीब और पिछड़ा विरोधी भाजपा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र देकर बिहार सरकार द्वारा गरीबों और वंचितों के उत्थान एवं जनकल्याणकारी योजनाएँ बनाने के लिए जुटाए जा रहे सटीक,वैज्ञानिक और विश्वसनीय आँकड़ों के जातीय सर्वे का विरोध किया है।जबकि बिहार के नीतीश-तेजस्वी की महागठबंधन सरकार जातीय गणना करवाकर इन्हें इनकी संख्या के आधार पर सभी सरकारी योजना का क्रियान्वयन,सरकारी सेवा का लाभ व राजनीति में अवसर देना चाह रही है।इसी से बौखलाकर बेचैनी में भाजपा इन बहुसंख्यक वंचित,अतिपिछड़ा के हक पर कुठाराघात करने जे उद्देश्य से जाति गणना को रोकवाने की साजिश कर रही है।

## किशनगंज शहर - रमजान नदी में सड़ता रहा 24 घंटे तक अशोक पासवान का शव, पुलिसिया दायित्व हुआ तार तार

### सड़क पर उतरे लोग तो पुलिस भी शव उठाने पहुंची, शहरी क्षेत्र से पार्षद भाजपा नेता सुशांत गोप ने पुलिस की संवेदनहीनता पर खड़ा किया सवाल, शव सड जाएगा तो बेटा भी नहीं कर सकेगा पहचान

बीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज ।09 सितंबर किशनगंज। 24 घंटे से अधिक समय तक अशोक पासवान का शव किशनगंज शहरी क्षेत्र में स्थित रमजान नदी में सड़ता रहा। सदर पुलिस शव को कब्जे में नहीं ली। पुलिसिंग असंवेनहीनता के विरोध में जब लोग सड़क पर उतर आए तो पुलिस भी जाग गई और शव लेने पहुंची जिसका शहरी क्षेत्र से पार्षद भाजपा नेता सुशांत गोप ने यह कहकर विरोध किया कि सदर थानाध्यक्ष अथवा सीओ के आने के बाद ही शव को उठाने दिया जाएगा। शव सड़ रहा है। बेटा भी नहीं पहचान कर सकेगा।



उल्लेखनीय है कि भाजपा जिला अध्यक्ष सुशांत गोप शनिवार को सुबह टहलने के क्रम में नदी के किनारे कुत्तों को मंडराते देखा। निकट गए तो शव पड़ा हुआ था।

उन्होंने तत्काल अनुमंडल पदाधिकारी , अंचल अधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को इसकी सूचना दी।

फिलहाल दो घंटे तक किसी भी तरह की प्रशासनिक व्यवस्था नहीं होने पर आक्रोशित शहरवासियों ने देवघाट पर सड़क जाम कर विरोध प्रकट करना आरंभ किया। प्रशासन की संवेदनहीनता पर शहरी क्षेत्र से पार्सद भाजपा जिला अध्यक्ष सुशांत गोप ने कहा पुलिस प्रशासन की इस तरह की निष्क्रियता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यह शासन प्रशासन की अकर्मण्यता है। गौरतलब है कि शव की पहचान खगड़ा निवासी अशोक पासवान के रूप में हुई है।

## मिशन इंद्रधनुष : टीकाकृत बच्चों को उपलब्ध कराया जायेगा डिजिटल आरआई कार्ड

### जिले में 11 से 16 सितंबर के बीच संचालित होगा अभियान का पहला चरण

### दुर्गम पहुंच वाले 499 स्थान सहित जिले में कुल 1040 स्थानों पर होंगे सत्र संचालित

अररिया । जिले में मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान का पहला चरण आगामी सोमवार से संचालित है। इसे लेकर सभी विभागीय तैयारियां पूरी हो चुकी है। अभियान की सफलता को लेकर सर्वे के आधार टीकाकरण से वंचित पांच साल तक के बच्चे व गर्भवती महिलाओं की ड्यू लिस्ट तैयार की गयी है। निर्धारित माइक्रोप्लान के आधार पर सर्वेक्षित लाभुकों का शत प्रतिशत टीकाकरण अभियान की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसे लेकर सिविल सर्जन कार्यालय में प्रेस बीफ्रिंग कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें वरीय अधिकारियों ने अभियान के विभिन्न पहलुओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। मौके पर सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह, एसीएमओ डॉ राजेश कुमार, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ शुभान अली, डीएमएनई पंकज कुमार, यूएनडीपी के वीसीसीएम शकील आजम सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद थे। सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि अभियान से



जुड़ी सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। अभियान का पहला चरण 11 से 16 सितंबर के बीच संचालित होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के मजबूत इम्युनिटी व अच्छी सेहत के लिये नियमित टीकाकरण अभियान में शामिल सभी टीका लगाना जरूरी है। सघन टीकाकरण अभियान आईएमआई 5.0 अभियान के क्रम में टीकाकरण सेवाओं का लाभ अधिक से अधिक बच्चे व गर्भवती महिलाओं तक पहुंचाना अभियान की प्राथमिकता व महत्वपूर्ण उद्देश्यों में शामिल है।

लाभार्थी को उपलब्ध कराया जायेगा डिजटिल आरआई कार्ड -

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज ने बताया कि अभियान के क्रम में जिले में कुल 1040 स्थानों पर टीकाकरण सत्र संचालित होंगे। इसमें कठिन व दुर्गम पहुंच वाले 499 चिह्नित स्थलों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा गर्भवती महिला व बच्चों के टीकाकरण के लिये यू-विन डिजिटल प्लेटफॉर्म लांच किया गया है। अभियान के क्रम में टीकाकरण संबंधी रिकार्ड व रिपोर्टिंग के लिये यू विन पोर्टल व्यवहार में लाया जायेगा। इस पोर्टल की मदद से लाभार्थियों को डिजिटल आरआई कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा। इसमें बच्चों को सात साल तक लगने वाले टीकों की पूरी सूची उपलब्ध होगी। निर्धारित समय पर टीकाकरण के लिये पंजीकृत मोबाइल पर लाभार्थी को मैसेज प्राप्त होगा। ताकि बच्चों को समय पर टीका लगाया जा सके। इससे लेफ्ट आउट व ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या को नियंत्रित करना संभव हो सकेगा।

# महिला की हुई संदेहास्पद मौत, दहेज उत्पीड़न व हत्या के आरोप का मामला दर्ज

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा**

चतरा(झारखंड)09 सितम्बर 2023:- जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के सराढु गांव में एक बच्चे की मां की संदेहास्पद मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। जहां मृतका के मायके वालों का लिखित शिकायत के आधार पर स्थानीय थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका राजकिशोर दांगी की पत्नी सुहानी उर्फ मनीषा की मौत को लेकर मृतका के पिता राजकुमार दांगी द्वारा टंडवा थाना में दिये गये आवेदन में मृतका के पति व सास-ससुर समेत छः लोगों पर दहेज के तौर पर चार लाख रुपए व मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उत्पीड़न करने एवं गला दबाकर हत्या कर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं बताया गया कि साक्ष्य छुपाने के लिए आरोपियों ने मृतका के उपर जहरीले पाउडर डालकर आत्महत्या साबित करने का प्रयास किया है। सूत्रों की मानें तो घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गये हैं। बहरहाल,घटना के बाद स्थानीय पुलिस सूचना मिलते हीं घटनास्थल पर शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेजते के पश्चात अनुसंधान में जुट गई है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुवे सुसंगत धाराओं के तहत कांड संख्या 193/23 दर्ज कर जांच-पड़ताल किया जा रहा है। वहीं फरार आरोपियों के धड़-पकड़ के लिए हर संभावित जगहों में छापेमारी की जा रही है।

# विनीता हत्याकांड का 24वें दिन हुआ खुलासा

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

मुआवजे की राशि व भरण पोषण के खर्च विनीता की हत्या का बना कारण

हत्या आरोपी प्रेमिका को मुंबई के अंबाला थाना क्षेत्र से किया गया गिरफ्तार

प्रेमी उपेंद्र ही निकला विनीता का हत्यारा

चतरा (झारखंड) 09 अगस्त 2023:- जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र के मसुरिया गांव की विनीता देवी की हत्या का कारण उसके पुत्र की सर्पदंश से मौत के बाद मिली मुआवजा की राशि बनी। यहां तक की प्रेमिका विनीता देवी व उसके परिवार का भरण पोषण को लेकर प्रत्येक महीना खर्च उठाना भी उसे महंगा पड़ने लगा था। बताया जाता है कि दोनों के बीच पिछले 10 वर्षों से प्रेम प्रसंग चलते आ रहा था।इसी बीच वर्ष 2020 में प्रेमिका विनीता देवी के एक पुत्र की मौत सर्पदंश से हो गया था।सर्पदंश से मौत होने के कारण विनीता को सरकार द्वारा मुआवजा के तौर पर चार लाख रुपया मिलावथा। मुआवजे में मिली चार लाख की राशि विनीता ने अपने प्रेमी मसूरिया गांव के उपेंद्र यादव को दे दिया था।बाद में उपेंद्र व विनीता से दूरी बढ़ने लगी।इस बात को ले दोनों में विवाद धीरे धीरे बढ़ता गया।विवाद बढ़ने के कारण विनीता ने प्रेमी से लगातार रुपए की मांग कर रही थी।इसी बात को ले उपेंद्र ने विनीत की हत्या का प्लान बनाया।नौ अगस्त को प्रेमी उपेंद्र यादव ने विनीता को हजारीबाग से बाइक पर बैठा कर गांगपुर का बनखेता जंगल लाया।दोनों के बीच विवाद बढ़ने पर वहां उपेंद्र ने विनीता की पहले हत्या



गला दबाकर कर दिया।शव को वहां छोड़ अपने घर मसूरिया लौट आया।इसके बाद शव की पहचान होने का ख्याल आने पर उसने घर से कुदाल और टांगी निकली और फिर घटनास्थल पर पहुंचा।उसके बाद उसने शव को मिट्टी में गाड़कर छिपा दिया।पुलिस को दिए स्वीकारोक्ति बयान में उक्त बातें सामने आई है।गुरुवार को थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने हत्याकांड के सम्बंध में कई जानकारी दिया।उन्होंने बताया गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के मसूरिया गांव के कुंजील यादव के पुत्र उपेंद्र यादव (28) है।इस कांड के उदभेदन में थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव ने कड़ी मशक्कत किया है।उनके प्रयास से ही आरोपी को मुंबई केअंबोला थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।हत्याकांड का खुलासा घटना के 24 वें दिन कर लिया गया।उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के अलावे शव को छुपाने में प्रयुक्त एक कुदाल,एक टांगी,एक बाइक भी बरामद किया गया।उन्होंने बताया कि आरोपी में घटना में संलिप्तता स्वीकार कर लिया है।नौ अगस्त को विनीता की हत्या कर दी गई थी।हत्या के बाद आरोपी अपना मोबाइल बंद कर फरार हो गया था।उसने 14 अगस्त को हटिया से ट्रेन पकड़ी और मुंबई चला गया।15 अगस्त की शाम ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मिट्टी में गड़ा शव बरामद किया था।

# बरमसिया में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**दैनिक समाज जागरण**

धनबाद : बरमसिया में ट्रेन में कटकर युवक की मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक कचरा चुन रहा था। इसी दौरान ट्रैक पर पीछे से जम्मूतवी एक्सप्रेस आ गई। ट्रेन के आने की भनक तक उसे नहीं लगी और वह उसकी चपेट में आ गया।

# सामाजिक संस्था "समर्पण एक नेक पहल" द्वारा पश्चिम बंगाल में गंभीर मरीज को दुर्लभ रक्त समुह बी नेगेटिव उपलब्ध करा कर बचाई जान

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

ना मौसम, ना जगह, ना जात देखा करते हैं
हम रक्त दानी हैं बस हालात देखा करते हैं




"समर्पण एक नेक पहल" संस्था के संरक्षक के पहल पर एक 62 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर मरीज को दुर्लभ रक्त समुह बी नेगेटिव उपलब्ध कराई गई ' दिनाँक 09/09/2023 दिन शनिवार को संस्था को सूचना प्राप्त हुई कि कुल्टी, आसनसोल वेस्ट बंगाल स्थित आस्था हॉस्पिटल में एक 62 वर्षीय बुजुर्ग नाम रामप्रसाद मल्लाह भर्ती हैं जिनके शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई हैं और इनका रक्त समुह भी अत्यंत दुर्लभ में से एक हैं बी नेगेटिव घर वाले रक्त नहीं मिलने के कारण काफी परेशान हैं कृपया इनकी मदद करें '

सूचना प्राप्त होते ही संस्था के संरक्षक मनोज मंडल ने रक्तवीर राजू सिन्हा से अपना दुर्लभ रक्त समुह बी नेगेटिव दान करने का आग्रह किया जिसके पश्चात रक्तवीर राजू सिन्हा मैथन से एस.डी ब्लड बैंक आसनसोल पहुँचकर रक्तदान किया और मरीज रामप्रसाद मल्लाह जी को दुर्लभ रक्त समुह बी नेगेटिव दान कर मरीज को जीवनदान देने का ईश्वरीय कार्य किया

# जिला खनन विभाग का गोविंदपुर और धनबाद में छापा..बालू और स्टोन चिप्स के अवैध खनन और परिवहन से जुड़े सात गाड़ियों को किया जब्त, लगा जुमार्ना

**दैनिक समाज जागरण**

धनबाद :उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देश पर आज शनिवार की अहले सुबह जिला जिला खनन विभाग द्वारा गोविंदपुर और धनबाद थाना क्षेत्र में छापेमारी की गई जहां बालू व पत्थर के अवैध खनन और ट्रांसपोर्टेशन से जुड़े विभिन्न बालू गाड़ियों और स्टोन चिप्स की गाड़ियों को पकड़ा गया

खान निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक द्वारा औचक छापेमारी में बालू लदे तीन 407, एक हाईवा ,वहीं गोविंदपुर थाना क्षेत्र में स्टोन चिप्स लदा दो हाईवा और एक बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त किया गया इन सभी गाड़ियों से जुमार्ना वसूली की कार्रवाई की जाएगी..



धनबाद माइनिंग विभाग के खान निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक ने मीडिया को बताया कि अवैध खनन व परिवहन से जुड़े कुल 7 गाड़ियों को जप्त की गई है..

आगे भी बालू और पत्थर के अवैध कारोबार से जुड़े माफियाओं पर कार्रवाई जारी रहेगी..हालांकि छापेमारी के दौरान गाड़ी छोड़कर वाहन चालक फरार हो गया..ऐसे में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई ..

सभी गाड़ियों को थाने के हवाले कर दिया गया है..गाड़ी के नंबर के आधार पर इनके मालिको की पहचान की जायेगी.

# डुमरी उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के लोगों ने जीत के बाद गदगद होकर पूरे जिले भर में निकाला विजय जुलूस

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड)9 सितंबर 2023 :- गिरिडीह जिले के डुमरी विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के सभी दलों के जुगलबंदी आया काम जीत के बाद अपने-अपने क्षेत्र में खुशी से निकाले विजय जुलूस , और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर किया। बताया जाता है कि चुनाव के बाद सभी इंडिया गठबंधन के राजनीतिक कार्यकताओं की जीत के बाद खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा । बेबी देवी ने 17156 मतों से विजई दर्ज करने वाले अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और एनडीए प्रत्याशी ज यसोदा देवी को जिस अंतर मतों से पराजित करने में सफल रही उससे यह स्पष्ट हुआ कि डुमरी की जनता का मूड भांपने में



एनडीए नाकाम रही , जेएमएम प्रत्याशी मंत्री बेबी देवी को 1 लाख 231 वोट मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी आजसू प्रत्याशी यसोदा देवी को 83000 75 वोट पर ही संतुष्ट होना पड़ा , बताया जाता है कि इस चुनाव में दोनों गठबंधनों के नेताओं ने खूब जोर आजमाइश लगाया था । नतीजा स्पष्ट होते ही जीतने वाले प्रत्याशी के पक्षकार खुशी के मारे झूम उठे और गिरिडीह के सदर विधायक सोनू सिंह के साथ कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ता माले के कार्यकर्ता सभी इंडिया गठबंधन के लोग अपने-अपने क्षेत्र में विजय जुलूस निकालकर अबीर गुलाल के साथ पटाखे फोड़े , एवं मिठाइयां बांटी गई

# मदर टेरेसा उच्च विद्यालय सिंदरी में प्रथम सावधिक परीक्षा का परीक्षाफल घोषित

**दैनिक समाज जागरण**

बलियापुर।सिंदरी सी. सी. प्रबंधन द्वारा बच्चों के बीच पुरूस्कार वितरित किया गया। जिसमें समाजसेवी श्री अंबुज कुमार मंडल एवं ए. सी. सी, सी. एस. आर श्री पांडे जी उपस्थित थे। पुरूस्कार वितरण प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले को दिया गया। कक्षा पंचम से प्रथम रिशु सिंह, द्वितीय अंतरा कुमारी, तृतीय शिवानी कुमारी थी। कक्षा षष्ठ से प्रथम मौ. फैजन अंसारी, द्वितीय अर्नव कुमार, तृतीय अनीश कुमार यादव थे। कक्षा सप्तम से प्रथम पायल कुमारी, द्वितीय जानवी कुमारी तृतीय रानी कुमारी थी। कक्षा अष्टम से अनुभव कुमार प्रथम, द्वितीय इन्द्रजीत कौर, तृतीय जैस्मीन कुमारी रही। कक्षा नवम से सागर मरांडी प्रथम, द्वितीय अदिति कुमारी दुबे, तृतीय विनीता कुमारी



रही। कक्षा दशम से प्रथम प्रिया कुमारी, द्वितीय पुतूल कुमारी तथा तृतीय सुहानी कुमारी रही। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री राधेश्याम प्रसाद ने सभी बच्चों को आशीष देते हुए अच्छा करने के लिए प्रेरित किया विद्यालय प्रबंधक ने सर्वाधिक अंक लाने वाले कक्षा नवम के सागर मरांडी का एक साल का विद्यालय शुल्क माफ कर दिया। जिसका स्वागत विद्यालय प्रबंधन के साथ-साथ सभी अभिभावक ने भी किया। विद्यालय परिवार की ओर से रूपक ठाकुर, उमेश सिन्हा, उत्तम गोराई, महेश चौहान, राजेश कुमार, रमेश मंडल, प्रिया कुमारी तथा प्रियंका कुमारी उपस्थित थीं। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों के अभिभावक भी मौजूद थे।

# खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत मुखिया ने पंचायत सभागार में की बैठक

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 9 सितंबर 2023 :- बिष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सारुकुदर पंचायत में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पंचायत सभागार भवन में बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता मुखिया उत्तम कुमार महतो ने की , जिसमें लोगों को बताया कि खाद्य आयोग नियमावली के अधीन जन वितरण प्रणाली के खदान वितरण , मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत विद्यालयों में मेनू के हिसाब से दिया जाना चाहिए । बाल विकास योजना द्वारा बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र पर हॉट कुक मिल के रूप में नाश्ता एवं दिन का उत्तम भोजन दिया जाता है । साथ ही पूरक पोषाहार वाली पौच रेडी टू ईट वितरण प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की जानकारी भी दी गई , जिसमें सभी वार्ड सदस्य को विस्तार से अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखने को कहा गया । और समय-समय पर पोषण आहार वितरण मध्यान्ह भोजन ,पूरक पोषाहार वितरण की निगरानी करने की बात कही गई , बैठक में रोजगार सेवक वार्ड सदस्य मुकेश सिंह उर्मी देवी करमाली अंसारी ललिता देवी रीना देवी रेशमी देवी कुंती देवी सोमवार साहू एवं किसान मित्र फूलचंद महतो उपस्थित थे।

# विद्युत महाप्रबंधक से मिलकर गोविंदपुर पंचायत के 11 हजार पावर के तार को बदलने की मांग की गई

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 9 सितंबर 2023:- विद्युत महाप्रबंधक सह मुख्य



अभियंता श्री अशोक कुमार सिन्हा हजारीबाग से मिलकर कोनार फीडर बनासो से गोविन्द पुर 11 हजार '५ का तार और पोल को बदलवाने को लेकर जनप्रतिनिधियों ने आवेदन देकर मांग किया , जिसमें उपप्रमुख विष्णुगढ़ सरयु साव, विष्णुगढ़ सांसद प्रतिनिधि श्री मधुसूधन प्रसाद, हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि सुरेश जी एवं गोविन्द पुर के सभी गणमान्य पूर्व मुखिया श्री तिलक साव,श्री अंतु पंडित, महेश महतो,पूर्व उपमुखिया तिलेश्वर साव, मुकेश कुमार, दशरथ महतो, संजय महतो, तुलसी महतो, नासिर अंसारी,वकील सिंह, लोकनाथ महतो,नागेश्वर महतो।महा प्रबंधक के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान करने हेतु ,सहायक अभियंता को बुला कर बात कर आश्वासन दिया गया कि पुराने विजली तार पोल को आवश्यकता अनुसार परिवर्तित कर ठीक किया जाएगा।

# हेंठली बोदरा मॉडल आंगनवाड़ी एवं प्री नर्सरी स्कूल का उद्घाटन किया गया

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 9 सितंबर 2023 :- बिष्णुगढ़ प्रखंड के अलपिटो पंचायत अंतर्गत हेंठली बोदरा ऊपर आंगनवाड़ी केंद्र एवं प्री नर्सरी स्कूल का विधिवत उद्घाटन विष्णुगढ़ प्रमुख जैबुन निसा , जिला परिषद सदस्य शेख तैयब , पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया । उद्घाटन के बाद सभी बच्चों के बीच आंगनवाड़ी केंद्र के ड्रेस , जूता , पढ़ने वाली सामग्री , किट लोगों को अपने हाथों से वितरण किया । अतिथियों ने अपने संबोधन में बच्चों के अभिभावकों को कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि गांव घर के बच्चे भी प्राइवेट



स्कूलों की तरह बचपन से ही सज धज कर अच्छे पढ़ाई पर ध्यान दें।और यह महसूस नहीं करें कि हम तेज नहीं हो सकते हैं सरकार इस ख्याल से लोगों के बीच तमाम तरह के सामग्रियों का वितरण कराती है । माताएं जो भी हैं नित्य दिन अपने - बच्चों को साफ सफाई करते हुए बच्चों को आंगनबाड़ी अवश्य भेजें , साथ ही सरकारी कार्यक्रमों में रुचि लेकर सभी प्रकार से लाभ लें । प्रमुख प्रतिनिधि विलाल जी , सेविका ममता देवी, लीलावती देवी सहायीका , जिबाधन यादव , मनोज यादव, शंकर यादव , शेखर कन्याल,रोहित यादव समेत इस अवसर पर गांव के भी गनमान्य लोग उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय किसान महासभा ने कोडरमा में संकल्प सभा रैली की तैयारी को लेकर खेशनदरो में बैठक की

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह(झारखंड) 9 सितम्बर 2023 :- गावां प्रखंड अंतर्गत गदर पंचायत के ग्राम खेशनदरो में अखिल भारतीय किसान महासभा की बैठक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सकलदेव यादव एवं संचालन अयोध्या यादव ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय नेता सह धनवार पूर्व विधायक राजकुमार यादव जी उपस्थित थे। बैठक में अगामी 19 सितंबर को अखिल भारतीय किसान महासभा की कोडरमा में संकल्प सभा रैली को ऐतिहासिक बनाने को लेकर रणनीति बनाई गई। जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है तब से पुरे हिन्दुस्तान में लोग त्राहिमाम कर रहें हैं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनवार पूर्व विधायक सह कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय नेता राजकुमार यादव ने कहा की 70 साल आजादी के बाद भी किसानों तक सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है।मोदी के जुमलेबाजी से



छात्र छात्राओं,किसान,मजदूर युवा पीढ़ी ठगा हुआ महसूस कर रहें है।आज पूरे हिंदुस्तान में मोदी सरकार ने गरीबों का राशन कटौती कर फिर से गरीबों को भूख मरी का संकट पैदा हो गई हैं। सिर्फ चुनाव जितने के लिए मोदी जी हिन्दु-मुस्लान कर-के लड़ाने का काम करतें है।जिसको समाज,देश,मणिपुर की परवाह नहीं हो सिर्फ अपनी कुर्सी की परवाह करता हो ऐसे लोगों को एक पल भी सरकार में रहने का अधिकार नहीं हैं। इसलिए इस बार आगामी चुनाव में मोदी सरकार को सबक सिखाने की जरूरत है।जनता इस बार बीजेपी मोदी सरकार को मुंहतोड़ जबाव देगी। कार्यक्रम में ब्रांच सचिव अयोध्या यादव, प्रदीप यादव,राजेंद्र यादव,विजय यादव,दीपेंदर यादव ,सुनील यादव,संजय यादव,सुरेश यादव, खोशी राय,अजय यादव,जितेंद्र यादव,मदन यादव, मनोज यादव, विजेंद्र यादव ,सोहन महतो, सम्मेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# एनटीपीसी में नये परियोजना प्रमुख ने दिया योगदान

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा**

चतरा(झारखंड )09 सितम्बर 2023:- जिले के टंडवा क्षेत्र के नार्थ



करनपुरा ताप विद्युत परियोजना (एनटीपीसी) के टंडवा ईकाई में शुक्रवार को परियोजना महाप्रबंधक के तौर पर स्वप्नेंदु कुमार पांडा द्वारा योगदान देने के बाद कंपनी के तमाम अधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया । बताया गया कि टंडवा ईकाई में योगदान देने से पूर्व पतरातु में वे पहले प्रोजेक्ट महाप्रबंधक के तौर पर कार्यरत थे। वहीं नव नियुक्त महाप्रबंधक श्री पांडा ने अपने सहयोगी अधिकारियों व कर्मियों के बीच प्रसन्नता जाहिर करते हुवे एनटीपीसी परियोजना की उन्नति व अपने हितधारकों के अपेक्षाओं पर शत-प्रतिशत खरा उतरने का भरोसा दिलाया।

# बेडलॉक के पसेक हाइवा के चपेट में आने से सीआरपीएफ का गाड़ी पलटी, कई घायल, दो जवान के कमर में लगी ज्यादा चोट

**दैनिक समाज जागरण**

इस दुर्घटना की जानकारी वहीं के समाजसेवी गौतम कुमार मंडल ने दी धनबादः बरवाअड्डा के पास जीटी रोड किनारे स्थित बेडलॉक रिसोर्ट के पास सीआरपीएफ के वाहन पलट गया जिसके कारण कई घायल हो गए। दो लोगों के कमर में चोट है जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

बताया जाता है कि यह गाड़ी कोलकाता की ओर से आ रही थी जो राँची जा रही थी।

इसी बीच भीतिया के आगे बेडलॉक रिसोर्ट के आस पास पहुंची एक हाइवा के चपेट में आने के कारण दुर्घटनाग्रस्त ही गयी।

विदित हो जीटी रोड में गाड़ी के रफ्तार में कोई कंट्रोल नही होने, ठेकिदारों और एनएचआई की लापरवाही के कारण पिछले एक सफ्ताह में कई दुर्घटना हुई जिसमें कई लोगों की जान गई।

पिछले दिन कालाडीह मोड़ पर एक



कोयले से लदी ट्रक पलटने से दो लोगों की जान गई।आज कौआ बांध में सड़क दुर्घटना में भीतिया निवासी की मौत हो गयी और अब भीतिया से आगे यह दुर्घटना हुई जिसमें कई जवान घायल हुए।

# जी-20 राष्ट्राध्यक्षों का शिखर सम्मेलन आज दिल्ली में आरंभ

जी-20 सदस्य देशों की प्रथम महिलाओं और वहां के राष्ट्राध्यक्षों के जीवनसंगियों ने आज पूसा स्थित आईएआरआई परिसर में अपने तरह की एक अनोखी प्रदर्शनी का प्रत्यक्ष अनुभव किया। इसका आयोजन कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने किया था। इस कार्यक्रम में तमाम मनभावन पहलुओं को शामिल किया गया था, जैसे प्रसिद्ध शेफ कुणाल कपूर, अनाहिता धोंडी और अजय चोपड़ा द्वारा मिलेट आधारित लाइव कुकिंग सेशन। इसके साथ ही भारत के अग्रणी स्टार्ट-अप्स की अत्याधुनिक कृषि प्रौद्योगिकी को भी प्रदर्शित किया गया तथा भारतीय महिला कृषि-दिग्गजों के साथ बातचीत व ह्यएग्री-स्ट्रीटह्व की भी व्यवस्था की गई थी।

राष्ट्राध्यक्षों के जीवनसाथी प्रदर्शनी क्षेत्र पहुंचे, तो वहां प्रवेश करने के पहले उन्होंने ह्यरंगोली क्षेत्रह्व में संक्षिप्त दौरा किया। उस स्थान पर दो विशाल ह्यमिलेट रंगोलीह्व बनाई गई थीं। इस सुंदर कलाकृति को मोटे अनाज और स्थानीय चित्रांकन से तैयार किया गया था। पहली रंगोली की विषयवस्तु ह्वहार्मनी ऑफ हार्वेस्टह्व पर आधारित थी, जिसके जरिये भारत की चिरकालीन कृषि परंपराओं को उजागर किया गया था। इसके माध्यम से भारत की कृषि-शक्ति को प्रदर्शित किया गया था तथा खेती की उपादेयता बढ़ाने में महिलाओं की केंद्रीय भूमिका पर जोर दिया गया था। स्वदेशी खिलौनों की सजावट की गई थी, जो खेती में महिलाओं के विविध योगदानों को प्रतीकों के माध्यम से पेश करते थे। साथ ही पोषक अनाजों और टेराकोटा से बने ग्रामीण बर्तनों की भी प्रस्तुति की गई थी। इनके कारण रंगोली अत्यंत मनमोहक बन गई थी और वह कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण थी। दूसरी रंगोली भारत के सांस्कृतिक दर्शन झ ह्वसुधैव कुटुम्बकम्ह्व को प्रतिध्वनित कर रही थी, जो वैश्विक एकता का परिचायक है। भारत एक प्रमुख कृषि देश होने के नाते, वैश्विक खाद्य सुरक्षा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लिहाजा, दूसरी रंगोली एकता और निर्वाह व पोषण के प्रति भारत के संकल्प को दशार्ती है।

प्रदर्शनी क्षेत्र में राष्ट्राध्यक्षों के जीवनसाथियों ने उत्कृष्ट कृषि स्टार्ट-अप की इको-प्रणाली को देखा, जहां 15 कृषि स्टार्ट-अप्स ने जमीनी स्तर पर चुनौतियों का मुकाबला करने तथा कृषि का डिजिटलीकरण करने के बारे में अपने नवाचारी प्रौद्योगिकीय समाधानों को पेश किया था। जलवायु स्मार्ट खेती, कृषि मूल्य-श्रृंखला में नवोन्मेष, कृषि-लॉजिस्टिक्स व आपूर्ति श्रृंखला, सतत खपत के लिये गुणवत्ता आश्वासन और पोषक अनाजः अच्छे स्वास्थ्य को कायम रखना, कृषि को अधिकार-सम्पन्न बनाना जैसे कुछ विषय प्रदर्शनी में शामिल किये गये थे। इसके अलावा, देशभर के किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के तमाम सदस्यों ने बड़े पैमाने पर खाद्य उत्पादों को पेश किया था, जिन्हें पूरे देश में बेचा जाता है। यह गतिविधि ह्यसामूहिक कृषि के माध्यम से ग्रामीण समृद्धि को सक्षम बनानाह्व वाली विषयवस्तु के अनुरूप आयोजित की गई थी।

मनभावन ह्यलाइव कुकिंग सेशनह्व में भिन्न-भिन्न प्रकार के मोटे अनाजों से बने स्वादिष्ट व्यंजनों को पेश किया गया था। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष के अनुरूप आयोजित किया गया था। इसमें तीन जाने-माने शेफ झ कुणाल कपूर, अनाहिता धोंडी और अजय चोपड़ा झ ने योगदान किया। इनके साथ आईटीसी ग्रुप के दो खानपान विशेषज्ञ शेफ कुशा और शेफ निकिता भी थीं। निर्धारित ह्यप्रत्यक्ष पाक कला क्षेत्रह्व में इन पांचों शेफों ने एक ह्यफुल कोर्स मीलह्व तैयार किया, जिसमें मोटे अनाजों को केंद्र में रखा गया था। व्यंजनों की इस श्रृंखला में एपीटाइजर, सलाद, मेन कोर्स और मीठे खाद्य पदार्थों को शामिल किया गया था।

शेफ अनाहिता, शेफ कुणाल और शेफ अजय ने स्टार्टर, मेन कोर्स और डेसर्ट की तैयारी करने का काम पूरी जिम्मेदारी से निभाया। मिसाल के लिये, शेफ अनाहिता ने कच्चे केले और बाजरे की टिक्की बनाई और उसके ऊपर चौलाई के पत्तों से सजावट की। इसके साथ ही शेफ कुणाल ने ज्वार-खुंबी का स्वादिष्ट खिचड़ा पकाया। और, अंत में शेफ अजय ने अनेक मोटे अनाजों से बने मुख्य व्यंजन पेश किये, और फिर मिलेट का बना ठेकुआ व नींबू श्रीखंड से बना मिष्ठान्न तैयार किया। प्रदर्शनी के भीतर, खानपान को समर्पित एक स्थान रखा गया था,

# सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल

**दैनिक समाज जागरण,आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 09 सितम्बर 2023:- जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के करमा पुल पर पाण्डेयपुरा की ओर से आ रहे होंडा साइन बाइक पुल के किनारे में लगे लोहे के बैरिकेटिंग में जा टकराया और बाइक सवार युवक पुल के नीचे जा गिरा जिसे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।मौके पर उपस्थित लोगों ने एम्बुलेंस को बुलाकर ईलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज भेजा।घायल युवक प्रतापपुर प्रखंड के मदकोमा गाँव के पचु यादव पिता रमन यादव है।मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक पाण्डेयपुरा शनिचरी बाजार से अपने घर मदकोमा जा रहा था।